य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 20 | अंक 45 | पृष्ठ 12 | मूल्य 5.00 | **नई दिल्ली, शनिवार, 07 सितंबर 2024** | भादपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी, संवत् 2081

दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

शुभ || ॐ गं गणपतये नमः || लाभ

# राजस्थान पत्रिका



## आज के अंक में खबरों में श्रीगणेश

श्रीगणेश बुद्धि, समृद्धि, और बाधाओं को दूर करने के प्रतीक हैं। उनके पूजन से मानसिक शांति, सफलताओं की प्राप्ति और समस्याओं का समाधान होता है। गणेश चतुर्थी पर आज के अंक में श्रीगणेश से जुड़े शब्दों की ब्रांडिंग की जा रही है ताकि सकारात्मकता बनी रहे।

**शुभारंभ** — यह शब्द अच्छे कार्य के आरंभ को व्यक्त करता है। शुभारंभ के समय हम सौभाग्य व सफलता की कामना करते हैं। नई व सुखद खबरों में इसका प्रयोग किया है।

**लाभकारी** — लाभकारी, किसी चीज के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। इसकी ब्रांडिंग उन खबरों में की गई है जो पाठकों को सीधे लाभ पहुंचाती हैं।

**मंगलकारी** — इसका प्रयोग उन खबरों में किया जा रहा है जो समाज, देश, या व्यक्तिगत स्तर पर सकारात्मक बदलाव, शुभता व सामूहिक लाभ से जुड़ी हैं।

**चिंताहरण** — इस शब्द का प्रयोग उन खबरों में किया है जो समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करती हैं। यह चिंताओं को दूर करने और राहत पहुंचाने वाली खबरें हैं।

**आनंदमूर्ति** — इसे उन खबरों में पढ़ेंगे जो जीवन में खुशी, आनंद व सकारात्मकता आएंगी। अवसर, सफलता, खुशहाली, और बदलाव की प्रतीक हैं।

**मंगलमूर्ति** — श्रीगणेश से जुड़े इस शब्द को आप किसी खास व्यक्ति, संस्था या घटना से जुड़ी खबरों में पढ़ेंगे, जो सकारात्मक दिशा में ले जाने के प्रयास से जुड़े हैं।

### गणेश चतुर्थी का पर्व आज
**पूजन का मुहूर्त**

रवि, सर्वार्थसिद्धि, ब्रह्म और स्वाति योग में भादपद शुक्ल चतुर्थी (गणेश चतुर्थी) पर शनिवार को मध्यान्हकाल में घर-घर गणपति बप्पा की पूजा होगी। ज्योतिषाचार्य पं.दामोदर प्रसाद शर्मा ने बताया कि **पूजन का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त वृश्चिक लग्न में सुबह 11.28 से दोपहर 1.40 बजे तक।**

पूजन व खरीदारी के लिए यह मुहूर्त शुभ

शुभ का चौघड़िया
**सुबह 7.46 से 9.18 बजे**

लाभ का चौघड़िया
**दोपहर 1.52 से 3.31 बजे**

### लालबागचा राजा: गणपति को भेंट किया ₹15 करोड़ के सोने का मुकुट

**मुंबई@पत्रिका.** मुंबई के लाल बाग इलाके में भगवान गणपति की प्रतिमा 'लालबागचा राजा' के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी ने सोने का मुकुट दान में दिया है। मुकुट का वजन 20 किलोग्राम और कीमत 15 करोड़ रुपए है। 'लालबागचा राजा' की मूर्ति के अनावरण के बाद विशाल मुकुट पहनाया गया। यह आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



मुकुट का वजन 20 किलोग्राम



## न्यूज विंडो

### बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का परीक्षण



**भुवनेश्वर@ पत्रिका.** भारत ने शुक्रवार को मध्यम दूरी की अग्नि-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। यह परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर में इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से किया गया। अग्नि-4 की मारक क्षमता 4000 किलोमीटर है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह परीक्षण स्ट्रेटेजिक फोर्सेज कमांड की देख-रेख में किया गया।

### सुजीत कुमार सांसद पद छोड़ भाजपा में

**भुवनेश्वर@ पत्रिका.** बीजद से राज्यसभा सांसद सुजीत कुमार शुक्रवार को इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए। इस्तीफा देने के बाद उन्हें बीजद से निष्कासित कर दिया गया। यह कार्रवाई पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोपों में की गई। सभापति जगदीप धनखड़ ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया।

### सड़क हादसे में 15 लोगों की मौत

**आगरा@ पत्रिका.** आगरा-अलीगढ़ बाइपास पर शुक्रवार शाम एसी बस और मैक्स लोडर की भिड़ंत में 15 लोगों की मौत हो गई और 18 लोग घायल हो गए।

## झरोखा






'शरीर ही ब्रह्माण्ड' में आज **ब्रह्म विवर्त का आधार : युगल तत्त्व**
पढ़ें@पत्रिकायन

**जम्मू-कश्मीर चुनाव:** गृह मंत्री अमित शाह ने जारी किया संकल्प पत्र

# भाजपा ने खोला पिटारा; गृहणियों को 18 हजार, कोचिंग स्टूडेंट को 10 हजार

**शुभारंभ**

### एलओसी ट्रेड से बनता है टेररिज्म का इको सिस्टम: अमित शाह

**नवनीत मिश्र**
patrika.com

**जम्मू.** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी कर 25 बड़ी घोषणाओं से सभी वर्गों को साधने की कोशिश की। उन्होंने 'मां सम्मान योजना' के तहत घर की सबसे वरिष्ठ महिला को 18,000 रुपए प्रतिमाह और कोचिंग स्टूडेंट को दो साल तक 10-10 हजार रुपए देने का वादा किया। शाह ने कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पांच साल दे दीजिए, आप अपने जीवन में अद्भुत परिवर्तन को महसूस करेंगे।'

पत्रिका के सवाल पर शाह ने कहा, 'जब तक पाकिस्तान आतंकवाद समाप्त नहीं करता, तब तक कोई बात नहीं होगी। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की एलओसी ट्रेड खोलने की मांग पर गृहमंत्री बोले, 'हमारा मानना है कि एलओसी ट्रेड से टेररिज्म का इको सिस्टम बनता है। हमारी इससे सहमति नहीं है।' शेष@पेज 08





जम्मू में संकल्प पत्र जारी करते शाह, रविंद्र रैना व जितेंद्र सिंह। नई दिल्ली में केसी वेणुगोपाल के साथ विनेश व बजरंग।

### संकल्प पत्र की खास बातें

**विकास पर ध्यान**
- ***तीन क्षेत्रीय विकास बोर्डों की स्थापना होगी***
- जम्मू में ***रिवर फ्रंट और कश्मीर में एम्यूजमेंट पार्क***
- ***डल झील का विश्व स्तर पर विकास*** किया जाएगा
- किश्तवाड़ में ***हर्बल आयुष पार्क*** बनेगा
- ***रजौरी में*** पहलगांव से बेहतर ***नया पर्यटन शहर***
- जम्मू और कश्मीर ***दोनों जगहों पर मेट्रो***
- 7,000 एमएसएमई इकाइयों के लिए ***आकर्षक पैकेज***
- ***1,000 मंदिरों का जीर्णोद्धार*** किया जाएगा

**महिला वोटरों पर नजर**
- उज्ज्वला योजना के अंतर्गत ***दो सिलेंडर***
- गृहणियों को ***प्रतिमाह 18 हजार रुपए की सहायता***

**युवाओं को मदद**
- कोचिंग के विद्यार्थियों को ***दो साल 10-10 हजार रुपए***
- कॉलेज के छात्रों को प्रति वर्ष ***तीन हजार रुपए यातायात भत्ता***
- पंडित प्रेमनाथ डोगरा ***रोजगार योजना में पांच लाख अवसर***
- छात्र-छात्राओं को ***लैपटॉप/टैबलेट प्रदान*** किए जाएंगे
- जम्मू कश्मीर के ***अग्निवीरों को प्राथमिकता***

**80% कृषि आबादी के लिए**
- किसानों को ***सालाना 10 हजार रुपए देने*** का वादा
- किसानों को ***50% रेट पर बिजली*** का भी वादा

**समाजिक न्याय पर फोकस**
- ***गरीबों को जमीन*** भी मिलेगी ***और घर भी***
- वृद्धा, विधवा और विकलांगता पेंशन को ***एक हजार से बढ़ाकर तीन हजार रुपए*** किया जाएगा

**हरियाणा चुनाव**

### विनेश फोगाट को कांग्रेस का टिकट

**नई दिल्ली@पत्रिका.** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार रात 31 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। पहलवान विनेश फोगाट को जुलाना से उम्मीदवार बनाया गया है। पहलवान बजरंग पुनिया को चुनाव में उतारने की बजाय किसान कांग्रेस का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। दोपहर में दोनों पहलवान रेलवे से इस्तीफा देकर औपचारिक रूप से कांग्रेस में शामिल हो गए।

वेणुगोपाल ने कहा कि राहुल गांधी से मिलने पर रेलवे अधिकारियों ने विनेश को कारण बताओ नोटिस भेजा है। उन्होंने कहा कि रेलवे को राजनीति नहीं करनी चाहिए और फोगाट को पदमुक्त करने की औपचारिकताएं पूरी करनी चाहिए।

**पेरिस पैरालंपिक:** भारत को दिलाया छठा स्वर्ण पदक

# प्रवीण कुमार की गोल्डन छलांग

**आनंदमूर्ति**

**26 पदक भारत ने अब तक जीते**
**06 स्वर्ण, 09 रजत, 11 कांस्य पदक**




**पेरिस@पत्रिका.** भारत के 21 वर्षीय युवा पैरा एथलीट प्रवीण कुमार ने पेरिस पैरालंपिक खेलों में गुरुवार को ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। यह भारत का इन खेलों में यह कुल छठा स्वर्ण पदक है। टोक्यो पैरालंपिक में रजत पदक जीतने वाले प्रवीण ने फाइनल में 2.08 मीटर के साथ नया एशियाई रेकॉर्ड भी बनाया। **विस्तृत@स्पोर्ट्स&गेमिंग**

### रोनाल्डो 900 गोल करने वाले पहले फुटबॉलर बने

**बेनफिका.** पुर्तगाल के फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने गुरुवार को इतिहास रचा और करियर का 900वां गोल दागा। वह यह कमाल करने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बने। उन्होंने नेशंस लीग मुकाबले में क्रोएशिया के खिलाफ 34वें मिनट में गोल दागकर यह उपलब्धि हासिल की।




**याचिका**

### भाजपा के 'कमल' पर रोक की मांग खारिज

**नई दिल्ली@पत्रिका.** भाजपा को पार्टी चिह्न के रूप में 'कमल' का इस्तेमाल करने से रोकने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। जस्टिस विक्रम नाथ और पी.बी. वराले की खंडपीठ ने कहा कि याचिका प्रसिद्धि पाने के लिए दायर की गई। इस पर सुनवाई नहीं की जाएगी।

**विवाद:** कांग्रेस कर चुकी है इस्तीफे की मांग

### माधबी बुच की मुसीबतें बढ़ने के आसार, पीएसी ऑडिट को तैयार

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** सेबी चीफ माधबी पुरी बुच की मुसीबतें बढ़ सकती हैं। संसदीय लोक लेखा समिति (पीएसी) हिंडनबर्ग के आरोपों की जांच की तैयारी कर रही है। पीएसी का कहना है कि वह 2024-25 के सत्र के दौरान सेबी के कामकाज का ऑडिट करेगी। इस दौरान बुच को तलब किया जा सकता है।

पैनल की 29 अगस्त को हुई बैठक में कई सदस्यों ने सेबी के कामकाज और बुच के खिलाफ आरोपों की जांच की मांग करने के बाद इस मुद्दे को पीएसी के एजेंडे में जोड़ा था। पीएसी का नेतृत्व कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल करते हैं। इसमें एनडीए व विपक्षी गठबंधन इंडिया के सदस्य हैं। हिंडनबर्ग ने अदाणी समूह के विदेश फंड में माधबी बुच और पति धवल बुच की हिस्सेदारी का आरोप लगाया था। इसके बाद कांग्रेस ने बुच से इस्तीफे की मांग की थी। बुच दंपती आरोपों को खारिज कर चुके हैं। सेबी के कर्मचारियों ने बुच पर कामकाज का माहौल खराब करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। कर्मचारी बुच के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।



**ये भी हैं आरोप**

**माधबी** पर अदाणी समूह में हिस्सेदारी के अलावा भी कई आरोप हैं। बताया जाता है कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने एक कंसल्टेंसी फर्म से लाभ लिया। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा का आरोप है कि बुच ने 2017 से 2024 के बीच आइसीआइसीआइ बैंक, आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल, ईएसओपी से 16.80 करोड़ रुपए हासिल किए थे। जी समूह के संस्थापक सुभाष चंद्रा ने उन पर भ्रष्ट आचरण का आरोप लगाया है।

**हिंसा:** एक व्यक्ति की मौत, 5 लोग घायल

### मणिपुर में पूर्व मुख्यमंत्री के घर पर रॉकेट से हमला

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**इंफाल.** मणिपुर में पिछले डेढ़ साल से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच जारी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। बिष्णुपुर जिले में स्थित मोइरांग इलाके में शुक्रवार को मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत मैरेम्बम कोइरेंग के घर पर कुकी उग्रवादियों ने रॉकेट से हमला किया। इस हमले में एक बुजुर्ग व्यक्ति आरके रबेई सिंह की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हो गए। कांग्रेस नेता कोइरेंग राज्य के पहले मुख्यमंत्री थे। वे 3 बार मुख्यमंत्री रहे।

इससे पहले शुक्रवार को सुबह भी ट्रोंगलाओबी में भी इसी तरह का रॉकेट हमला हुआ था। इसमें दो इमारतें नष्ट हो गईं।

**आइटीएलएफ प्रवक्ता के खिलाफ केस**

**इंफाल** के एक व्यक्ति ने कुकी समूह आइटीएलएफ के प्रवक्ता गिन्जा वुअलजोंग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने आरोप लगाया कि वुअलजोंग ने राज्य के खिलाफ युद्ध की साजिश रची थी। इसके बाद राज्य में दंगा भड़का।

**बड़ी राहत**

### एमडीआर टीबी के नए उपचार को मंजूरी, छह माह में होगी ठीक

**नई दिल्ली@पत्रिका.** देश में दवा प्रतिरोधी (एमडीआर) टीबी के करीब 75000 रोगियों के लिए खुशखबरी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक नए उपचार बीपीएएलएम रेजिमेन को शुरू करने की मंजूरी दी है। इससे मरीजों को 20 माह के बजाय छह माह में ही बीमारी से निजात मिल सकती है। इसका खर्च भी कम है। बीपीएएलएम रेजिमेन में बेडाक्विलाइन और लाइनजोलिड (मोक्सीफ्लोक्सासिन के साथ/बिना) के संयोजन में प्रीटोमैनिड नामक एक नई एंटी-टीबी दवा शामिल है।

**हादसा:** मुंबई के 14 मंजिला टाइम्स टावर में आग, पांच घंटे में पाया जा सका काबू



**मुंबई.** मुंबई के लोअर परेल वेस्ट इलाके के कमला मिल्स कंपाउंड स्थित 14 मंजिला व्यावसायिक इमारत टाइम्स टावर में शुक्रवार सुबह आग लग गई। सूचना पर दमकल की नौ गाड़ियों ने करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है।

**ट्रेंडिंग न्यूज**

**आंध्र प्रदेश**

### करीब से गुजरी ट्रेन, बाल-बाल बचे नायडू

**अमरावती@पत्रिका.** आंध्र प्रदेश के बाढ़ग्रस्त बुडामेरु का दौरा करते समय सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू बाल-बाल बच गए। एक तेज रफ्तार ट्रेन उनके करीब से गुजर गई। उस समय नायडू रेलवे ब्रिज पर बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा ले रहे थे। उन्हें किसी तरह की चोट नहीं आई।



**तबीयत बिगड़ी**

### सीताराम येचुरी एम्स में वेंटिलेटर पर

**नई दिल्ली@पत्रिका.** माकपा महासचिव सीताराम येचुरी को तबीयत बिगड़ने पर दिल्ली एम्स में वेंटिलेटर पर रखा गया है। पहले तेज बुखार पर उन्हें आइसीयू में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनके फेफड़ों में संक्रमण का पता चला। उन्होंने हाल ही मोतियाबिंद की सर्जरी कराई थी।

**मनी लॉन्ड्रिंग केस**

### भूषण स्टील के पूर्व प्रमोटर सिंघल को बेल

**नई दिल्ली@पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने भूषण स्टील के पूर्व प्रमोटर नीरज सिंघल को 46,000 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा, सिंघल के खिलाफ आरोप गंभीर हैं, लेकिन वह लंबे समय से जेल में हैं। मुकदमा आगे नहीं बढ़ रहा है, इसलिए जमानत मिलनी चाहिए।

**लहराया परचम** | टाइम मैग्जीन ने जारी किए दुनिया के 100 सबसे असरदार लोगों के नाम

# वैष्णव-अनिल कपूर-नीलेकणी एआइ की प्रभावशाली हस्तियां

**मंगलमूर्ति**

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** टाइम मैगजीन की 2024 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस **(AI)** के सबसे प्रभावशाली 100 लोगों की सूची में तीन भारतीयों को जगह मिली है। इनमें केंद्रीय आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, अभिनेता अनिल कपूर और इनफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी शामिल हैं। तीनों को 'शेपर्स' (आकार देने वाले) श्रेणी में शामिल किया गया।

वैष्णव को एआइ के क्षेत्र में भारत के प्रयासों के नेतृत्व के लिए सूची में शामिल किया गया। टाइम मैगजीन ने लिखा कि उन्होंने एआइ की दिशा में देश की प्रगति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। शेष@पेज 08

*सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग वाले टॉप पांच देशों में भारत के शामिल होने के आसार*



### एक ने जीता था कोर्ट केस, दूसरा आशावादी

**टाइम** मैगजीन ने अनिल कपूर के बारे में लिखा कि उन्होंने एआइ के अनाधिकृत इस्तेमाल के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में महत्त्वपूर्ण जीत हासिल की। कोर्ट ने एआइ के जरिए उनके नाम, छवि या आवाज के दुरुपयोग पर रोक लगा दी थी। वहीं नंदन नीलेकणी के बारे में मैग्जीन ने लिखा कि वह एआइ की क्षमता को लेकर आशावादी हैं। उन्होंने 'एक स्टेप' स्टार्टअप के जरिए एआइ तकनीक के व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर ध्यान केंद्रित किया।

**कलिका बाली, पिचाई और नडेला भी**

**मैग्जीन** की सूची में भारतीय मूल के कुछ लोगों को भी जगह मिली है। इनमें माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च इंडिया की प्रमुख रिसर्चर कलिका बाली, अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला शामिल हैं।

**जैव विविधता का संकट:** शिकागो यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के शोध में हुआ खुलासा

# चमगादड़ घटे तो कीटनाशक का इस्तेमाल बढ़ा, उत्तरी अमरीका में गई 1330 शिशुओं की जान

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**वाशिंगटन.** उत्तरी अमरीका में चमगादड़ों की संख्या में भारी गिरावट के कारण किसानों ने कीड़ों से फसलों की रक्षा के लिए कीटनाशकों का इस्तेमाल बढ़ा दिया। इससे करीब 1330 नवजात शिशुओं की जान चली गई। शिकागो यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के शोध में यह खुलासा हुआ।

साइंस जर्नल में छपे शोध में बताया गया कि वैश्विक जैव विविधता में गिरावट का मानव पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। न्यूयॉर्क से शुरू हुई वाइट-नोज सिंड्रोम नाम की बीमारी पूरे अमरीका में फैल गई थी। इसने चमगादड़ों को सर्दियों में जगा दिया। सर्दियों में कीट कम हो जाते हैं। शेष@पेज 08

**वन्य जीव बचाना जरूरी**

**शोध** में शामिल इयाल फ्रैंक का कहना है कि हम तेजी से वन्य जीवों की प्रजातियां खो रहे हैं। इनकी सुरक्षा जरूरी है। चमगादड़ों को जलवायु परिवर्तन व पवनचक्कियों से भी खतरा है। शोध में पर्यावरण पर असर डाल रहे कीटनाशकों के बारे में बेहतर डेटा की जरूरत पर जोर दिया।

**पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभावों को समझा**

**यह** शोध वन्य जीवों के नुकसान से पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ने वाले प्रभावों को समझने में मदद करता है। फ्रैंक ने कहा, जैव विविधता संकट को रोकना जरूरी है, ताकि पारिस्थितिकी तंत्र से मिल रही सेवाओं को कायम रखा जा सके। जैव विविधता का तकनीकी विकल्प संभव नहीं है।

## न्यूज विंडो

### वर्चुअल सुनवाई और शाम की कोर्ट के लिए पीआइएल खारिज

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने देश भर की जिला अदालतों में वर्चुअल सुनवाई सुविधा और सायंकालीन कोर्ट शुरू करने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा कि वर्चुअल सुनवाई के मामले में देश इतना बड़ा और जटिल है कि न्यायिक आदेशों के माध्यम से इस तरह के निर्देश जारी करना संभव नहीं है। हालांकि बेंच ने कहा कि पहले से चल रही ई-कोर्ट परियोजना के तहत ऐसे मुद्दों पर विचार किया जा रहा है। याचिका में सायंकालीन कोर्ट शुरू करने की मांग पर सीजेआइ चंद्रचूड़ ने कहा कि वकील खुद ही इस तरह के कदम का विरोध करेंगे, क्योंकि उन पर पहले से ही काम का बहुत बोझ है। हम यह निर्देश दे भी दें तो क्या वकील शाम की अदालत में बहस करेंगे? कोर्ट ने कहा कि ऐसी सभी मांगों के लिए जनहित याचिका नहीं हो सकती।

### आरक्षण : आरजेडी की याचिका पर नोटिस जारी

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की उस याचिका पर नोटिस जारी किया जिसमें बिहार में आरक्षण कोटा बढ़ाने संबंधी कानून को रद्द करने के पटना हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने नोटिस जारी करने के साथ याचिका को पहले से चल रही एक अन्य याचिका के साथ जोड़ने के निर्देश दिए। बिहार सरकार ने पहले ही इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर रखी है।

### यूपी : मुशर्रफ की पुश्तैनी जमीन 1.38 करोड़ में नीलाम

**लखनऊ @ पत्रिका.** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में कोताना गांव के पास पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के परिवार की पुश्तैनी जमीन को 1.38 करोड़ रुपए से अधिक की कीमत लगाते हुए तीन व्यक्तियों ने खरीद लिया है। ऑनलाइन मोड में हुई नीलामी में संपत्ति का शुरुआती मूल्य 39 लाख रुपए रखा गया था। 'शत्रु संपत्ति' के रूप में पंजीकृत करीब 13 बीघा जमीन परवेज मुशर्रफ के भाई डॉ. जावेद मुशर्रफ और मुशर्रफ परिवार के कुछ अन्य सदस्यों के नाम थी।

### पहल : आइआइटी हैदराबाद करवा रही संस्कृत कोर्स

**हैदराबाद @ पत्रिका.** आइआइटी हैदराबाद में हेरिटेज साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के साथ मिलकर संस्कृत में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स शुरू किए हैं। ये कोर्स हाइब्रिड मोड में संचालित किए जाएंगे, जिसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह के शिक्षण विकल्प दिए जाएंगे। 20 सितंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। डिप्लोमा के लिए पहले सर्टिफिकेट प्रोग्राम पूरा करना आवश्यक है। सर्टिफिकेट कोर्स के लिए योग्यता 10वीं कक्षा पास और न्यूनतम आयु 15 वर्ष है।

**मौसम अपडेट :** उदयपुर, अजमेर, जयपुर संभाग में आज भी भारी बारिश का अलर्ट

# अजमेर जलमग्न : कॉलोनी और खेत डूबे भीलवाड़ा व जालोर में जमकर बरसे मेघ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर .** जयपुर सहित पूरे प्रदेश में मानसून जमकर मेहरबान है। बीते 24 घंटे में शुक्रवार को भीलवाड़ा, अजमेर, जालोर, सीकर झालावाड़ सहित कई जिलों में मेघगर्जन के साथ तेज बारिश हुई। सबसे अधिक भीलवाड़ा के शाहपुरा 105 मिमी और अजमेर में डेढ़ घंटे में 71 मिमी बारिश से शहर के अधिकांश रिहायशी इलाके, खेत जलमग्न हो गए। इससे जनजीवन पर जबरदस्त असर पड़ा। एसडीआरएफ, जिला प्रशासन, नगर निगम और एडीए की टीमों ने जल भराव क्षेत्रों में मोर्चा संभाला और तीन लोगों को बहने से बचाया। वहीं जयपुर में बारिश का दौर बीच-बीच में जारी रहा। शाम को टोंकरोड, जेएलएन मार्ग, सांगानेर में तेज बारिश हुई।

### पुलिया टूटी, फायसागर रोड का संपर्क कटा

**अजमेर .** तालाब की पुलिया टूटने से फॉयसागर रोड का संपर्क टूट गया। पुलिया टूटने के दौरान दो महिलाएं बहने लगीं जिन्हें युवकों व ग्रामीणों ने कूद कर बचाया। उधर बांडी नदी की कई जगह दीवारें टूटने से कॉलोनियों में पानी भर गया।

### हाड़ौती भी पानी-पानी

**बांसवाड़ा .** घाटोल में दोपहर में अचानक बदले मौसम ने आसपास का क्षेत्र पूरी तरह से जलमग्न हो गया। हाड़ौती अंचल में शुक्रवार को मानसून सक्रिय रहा। झालावाड़ जिले में कई जगह अच्छी बारिश हुई।

| यहां बारिश | |
|---|---|
| भीलवाड़ा | 105 |
| अजमेर | 71 |
| जालोर | 55 |
| खंडेला | 46 |
| श्रीमाधोपुर | 38 |
| चित्तौड़गढ़ | 37 |
| फतेहपुर | 33 |
| सीकर | 25 |

(बारिश मिमी.)



**अजमेर** में शुक्रवार को ताबड़तोड़ बरसात से ज्ञान विहार-बी.के.कौल नगर में घुटनों तक पानी भर गया। हालात बिगड़ने पर सिविल डिफेंस जवानों-लोगों ने रस्सा बांधकर निजी स्कूल के बच्चों को निकाला।

### चार-पांच दिन और सक्रिय रहेगा मानसून

**मौसम विभाग** जयपुर केंद्र के मुताबिक मध्यप्रदेश के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र कमजोर होकर साइक्लोनिक सर्कुलेशन में परिवर्तित हो चुका है और वर्तमान में दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान क्षेत्र के ऊपर स्थित है। इसके अलावा एक और नया कम दबाव का क्षेत्र बंगाल की खाड़ी में बनने की संभावना है। इससे पूर्वी राजस्थान के अधिकांश भागों में आगामी चार से पांच दिन मानसून सक्रिय रहने और कहीं-कहीं भारी बारिश जारी रहने की संभावना हैं।

लाभकारी

## बीसलपुर बांध : 7वीं बार छलका

**टोंक/जयपुर .** गुलाबीनगर वासियों को जिस पल का इंजतार था वह शुक्रवार को खत्म हो गया। शहर की लाइफलाइन बीसलपुर बांध का गुरुवार रात को भराव पूरा होने के बाद चार गेट खोले गए। इससे पहले जलसंसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत और कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने पूजा की और उसके बाद बटन दबाकर गेट नंबर 8-9 को खोल दिया, शाम को 10-11 गेट से भी निकासी की गई।



**बीसलपुर बांध** के खोले गए चार गेटों से बहता पानी।

### 4 गेट खोले

**2004** से छह बार अगस्त में खुले गेट, सितंबर में पहली बार गेट खोले

**02** गेट सुबह 11 बजे और 2 शाम 5 बजे खोले गए

**02** गेट 1, 2 गेट 2 मीटर खोले

**54** हजार क्यूबिक मीटर प्रति सैकंड पानी की निकासी

**63** दिन में हुई पानी की आवक से भरा बांध

**4.20** मीटर पर स्थिर बना हुआ है त्रिवेणी का गेज

**584** सेंटीमीटर पानी की आवक हुई है 4 जुलाई से

व्यापारियों ने चीनी उत्पादों का किया बहिष्कार

## गणेश महोत्सव पर 25 हजार करोड़ रुपए का व्यापार होने का अनुमान

मंगलकारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** दस दिवसीय गणेश महोत्सव के दौरान इस बार देशभर में भारतीय उत्पादों की मांग ज्यादा है। चीनी उत्पादों का व्यापारी बहिष्कार कर रहे हैं। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) के एक अनुमान अनुसार, इस त्योहार के दौरान 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक का व्यापार होने की उम्मीद है। सांसद और कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि गणेश चतुर्थी विशेष रूप से महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, आंधप्रदेश, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु और गोवा जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा देती है। जो देश में सनातन अर्थव्यवस्था के महत्व और योगदान को स्थापित करती है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा कि इन राज्यों में किए गए सर्वेक्षण पता चला है कि त्योहार के लिए अनुमानित 20 लाख से अधिक गणेश पंडाल लगाए गए हैं। भरतिया ने बताया कि अकेले महाराष्ट्र में 7 लाख से अधिक पंडाल लगाए गए हैं। इसके बाद कर्नाटक में 5 लाख, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और मध्यप्रदेश में 2 लाख प्रत्येक और शेष 2 लाख पूरे देश में हैं। यदि प्रत्येक पंडाल पर न्यूनतम 50,000 रुपए का खर्च भी माना जाए, जिसमें सेटअप, सजावट, ध्वनि प्रणाली, गणेश प्रतिमा, फूल आदि शामिल हैं, तो यह आंकड़ा अकेले 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक हो जाता है।
पंडालों पर खर्च की गई राशि के अलावा, त्योहार के इर्द-गिर्द बने व्यापारिक पारिस्थितिकी तंत्र कई उद्योगों और स्थानीय व्यवसाय शामिल हैं। केवल प्रतिमाओं का व्यापार 500 करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। फूल, माला, फल, नारियल, धूप और अन्य पूजन सामग्री की बड़े पैमाने पर बिक्र रही है। जिसकी कुल राशि भी 500 करोड़ के करीब है। मुख्य रूप से मोदक की मांग में वृद्धि हुई है। मिठाई की दुकानों और घरेलू व्यवसायों की बिक्री में 2000 करोड़ से अधिक की वृद्धि होगी।

बाढ़ पीड़ितों के लिए केंद्र और राज्य सरकारें संवेदनशील

## मंत्री शिवराज ने किया तेलंगाना में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को तेलंगाना में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और कहा कि बाढ़ पीड़ितों की जरूरत के लिए केंद्र और राज्य सरकारें संवेदनशील हैं।

सिंह ने राज्य में बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करने के बाद हैदराबाद में संवाददाताओं से कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी राज्य आपदा प्रबंधन कोष में तीन हजार 448 करोड़ रुपए हैं और उससे तात्कालिक सहायता देने का काम किया जा रहा है। बाद में अगली फसल के लिए किसान को खाद-बीज उपलब्ध कराने के बारे में सरकार सोच विचार करेगी। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान करने के प्रयास लगातार जारी हैं।

केंद्रीय मंत्री आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में नुकसान का आकलन करने के लिए दो दिन के दौरे पर हैं। चौहान ने पहले आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा स्थित गन्नवरम विधानसभा क्षेत्र के केसारपल्ली का दौरा कर किसानों से बातचीत की। तेलंगाना के मीनावलु, पेड्दागोपावरम, मन्नूनुर, कट्टलेरू बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की फसल क्षति का हवाई सर्वेक्षण किया और खम्मम और मुननेरु बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भी हवाई सर्वेक्षण किया। केन्द्रीय मंत्री ने खम्मम में आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के संबंध में भी चर्चा की।

**हरियाणा :** कांग्रेस की पहली सूची, आप से गठबंधन अधर में

## गढ़ी सांपला से लड़ेंगे हुड्डा, 31 उम्मीदवारों की सूची जारी



### 50 सीटों पर लड़ने की तैयारी में आप पार्टी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार रात 31 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा गढ़ी सांपला सीट से चुनाव लड़ेंगे जबकि दोपहर में कांग्रेस की सदस्यता लेने वाली पहलवान विनेश फोगाट को जुलाना से उम्मीदवार बनाया गया है। अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में और वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की मौजूदगी में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की शाम को हुई बैठक में 71 उम्मीदवारों के नामों पर सहमति बनी, जिनमें से 31 उम्मीदवारों के नाम रात को घोषित किए गए। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 8 सीटों पर भी उम्मीदवार घोषित किए गए हैं।

सूत्रों के अनुसार फोगाट के साथ पार्टी में शामिल पहलवान बजरंग पूनिया बादली सीट से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे, लेकिन वहां से कुलदीप वत्स पीछे हटने को तैयार नहीं थे। ऐसे में पूनिया को चुनाव मैदान में उतारने के बजाय किसान कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया।

### आम आदमी पार्टी से गठबंधन मुश्किल

**उधर,** वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की पहल पर प्रदेश में आम आदमी पार्टी से गठबंधन के लिए शुरू हुई बातचीत परवान नहीं चढ़ी और आप 50 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। राहुल ने भाजपा विरोधी वोटों के बिखराव को रोकने के लिए गठबंधन की पहल की थी। इस पर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया और आप के राघव चढ्ढा के बीच कई दौर की बातचीत भी हुई लेकिन सूत्रों के अनुसार बात नहीं बनी। आप ने कांग्रेस से 10 सीटें मांगी थी, लेकिन वह पांच-सात सीटों से ज्यादा देने को तैयार नहीं थी। आप कांग्रेस की ओर से शहरी सीटों के ऑफर से भी असहमत थी। उधर, कांग्रेस में भी हुड्डा आप से गठबंधन के पक्ष में नहीं बताए जाते। ऐसे में फिलहाल दोनों दलों में गठबंधन होने के आसार कम नजर आ रहे हैं।

पत्रिका
विस्तृत खबरों और फोटोग्राफ्स के लिए देखें...
patrika.com

**जज नियुक्ति :** हिमाचल हाईकोर्ट को उम्मीदवारी पर पुन: विचार के निर्देश

## कॉलेजियम के निर्णय की भी सीमित न्यायिक समीक्षा संभव : सुप्रीम कोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि जजों की नियुक्ति के बारे में कॉलेजियम के फैसलों की भी इस बिंदु पर सीमित न्यायिक समीक्षा की जा सकती है कि इसमें निर्णय सदस्यों के प्रभावी और सामूहिक परामर्श के बाद लिया गया अथवा नहीं? जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने हिमाचल प्रदेश के दो जिला जजों चिराग भानु सिंह और अरविंद मल्होत्रा की याचिका पर फैसले में यह टिप्पणी की। बेंच ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट कॉलेजियम को याचिकाकर्ताओं की उम्मीदवारी पर नए सिरे से निर्णय लेने का निर्देश दिया गया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि कॉलेजियम ने उनकी योग्यता और वरिष्ठता पर ध्यान नहीं देकर उनकी पदोन्नति को नजरअंदाज कर दिया है।

कोर्ट ने आदेश में कहा कि न्यायिक नियुक्तियों की प्रक्रिया किसी एक व्यक्ति का विशेषाधिकार नहीं है। यह सभी कॉलेजियम सदस्यों को शामिल करते हुए एक सहयोगात्मक और सहभागितापूर्ण प्रक्रिया है जिसमें विविध दृष्टिकोणों से प्राप्त सामूहिक ज्ञान को प्रतिबिंबित करना चाहिए। ऐसी प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांत बनाए रखे जाएं। कोर्ट ने प्रस्तुत मामले में याचिकाकर्ताओं के इस आरोप को उचित माना कि कॉलेजियम के अन्य सदस्यों से परामर्श किए बिना अकेले चीफ जस्टिस ने निर्णय किया।

### केरल के जिला जजों को पड़ी थी फटकार

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने गत सोमवार को केरल के दो जिला जजों पीपी सैदालवी और केटी निजार अहमद की ऐसी ही याचिका पर विचार से इनकार करते हुए उन्हें फटकार लगाई थी। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि केरल हाईकोर्ट कॉलेजियम ने उनके नामों को विचार के दायरे से से बाहर रखा जबकि ऐसे उम्मीदवारों की सिफारिश की जो रिक्तियों के दिन नियुक्ति के लिए विचार योग्य नहीं थे। जस्टिस रॉय ने टिप्पणी की थी कि यह कैसी याचिका है, कॉलेजियम ने विचार नहीं किया तो क्या आप यहां आकर दबाव बनाएंगे?

## 29 साल पहले हिरासत में मौत, डीएसपी हत्या के लिए दोषी करार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चंडीगढ़.** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 29 साल पहले हिरासत में मौत के एक मामले में पंजाब के पुलिस उप अधीक्षक (डीएसपी) हत्या के आरोप में दोषी ठहराया है। जस्टिस सुरेश्वर ठाकुर और जस्टिस सुदीप्ति शर्मा ने पंजाब सरकार और परिवादी की अपील पर यह फैसला सुनाया। गमदूरसिंह की हिरासत में मौत के मामले में डीएसपी गुरसेवक सिंह को सत्र न्यायालय ने बरी कर दिया था। कोर्ट ने डीएसपी को तीन अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ हत्या के लिए दोषी ठहराया।

### झारखंड : वकीलों को 14000 मासिक पेंशन

**रांची.** झारखंड सरकार 65 साल से अधिक के वकीलों को 14000 रुपए मासिक पेंशन देगी। युवा वकीलों को शुरुआती पांच साल तक 5000 मासिक स्टाइपेंड दिया जाएगा। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट बैठक में यह निर्णय हुआ। करीब 30000 वकीलों को पांच लाख रुपए का मेडिकल इंश्योरेंस देने पर भी मोहर लगाई गई।

**सुप्रीम कोर्ट :** जेलों में बंद दोषियों की सजा माफी का मामला

## फाइल अटकी तो पूछा, 'क्या केजरीवाल पर जेल से काम करने पर रोक है'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने नई दिल्ली की जेलों में बंद दोषियों की सजा माफी याचिका पर विचार करने में हो रही देरी पर सुनवाई करते हुए पूछा कि क्या सीएम अरविंद केजरीवाल पर जेल से आधिकारिक कर्त्तव्यों का निर्वहन करने पर कोई प्रतिबंध है? जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने दिल्ली सरकार से स्पष्ट करने के लिए कहा कि केजरीवाल जब सीबीआइ द्वारा हिरासत में लिए गए, तब उनके पास किसी प्रकार का प्रतिबंध आदेश था, जिस कारण वह दोषियों की समय पूर्व रिहाई से संबंधित फाइलों को निपटाने में सक्षम नहीं हैं।

### रिहाई की प्रक्रिया

दिल्ली सरकार दोषियों को समय से पहले जेल से रिहा करने की सिफारिश करती है। इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए एलजी को भेजा जाता है। किसी भी कैदी की याचिका एलजी तक पहुंचने से पहले फाइल पर मुख्यमंत्री के हस्ताक्षर जरूरी हैं।

**आबकारी घोटाला मामले में जेल में हैं केजरीवाल:** केजरीवाल आबकारी घोटाला मामले में जेल में हैं। वह आधिकारिक फाइलों पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते। इससे कैदियों की रिहाई में देर हो रही है। पीठ को बताया गया कि मुख्यमंत्री के हस्ताक्षर न होने के कारण कैदियों की रिहाई की फाइलें एलजी कार्यालय को नहीं भेजी जा सकीं। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता की स्वतंत्रता के अधिकार से संबंधित फाइल को मुख्यमंत्री के हस्ताक्षर के अभाव में रोका नहीं जा सकता।

शीर्ष अदालत ने कहा कि वह पूर्ण न्याय करने के लिए अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्ति का प्रयोग करने में संकोच नहीं करेगी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि इस मुद्दे पर अभी तक कोई मिसाल नहीं है। मामले पर निर्देश लेने के लिए समय चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 23 सितंबर को होगी।

**सीबीएसई का फैसला :** डिजिटल कॉपी जारी होगी

## अगले साल से जारी नहीं होगी माइग्रेशन की हार्डकॉपी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर.** सीबीएसई 2025 से दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को माइग्रेशन सर्टिफिकेट की हार्डकॉपी जारी नहीं करेगा। इसके स्थान पर डिजिटल कॉपी जारी होगी। विद्यार्थियों की सूची (एलओसी) में परीक्षा शुल्क के साथ माइग्रेशन सर्टिफिकेट जारी करने वाला शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। सीबीएसई हर साल 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को अंकतालिका के साथ माइग्रेशन सर्टिफिकेट की हार्डकॉपी जारी करता है। हालांकि पिछले 8-10 साल में अंकतालिका को डिजी लॉकर में भी भेजा जा रहा है लेकिन हार्डकॉपी देना जारी है।

### यूजीसी ने दी डिजिटल प्रतियों को मंजूरी

परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने बताया कि यूजीसी सभी संस्थानों को पत्र जारी कर चुका है। इसमें कॉलेज-यूनिवर्सिटी के लिए सीबीएसई और अन्य बोर्ड द्वारा जारी मार्कशीट-प्रमाणपत्रों की डिजिटल प्रतियां स्वीकार करने को कहा गया है। इसलिए माइग्रेशन सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी जारी नहीं करने का फैसला लिया है। बोर्ड ने साफ किया है कि कोई तकनीकी दिक्कत अथवा बेहद जरूरी होने पर ही माइग्रेशन की हार्ड कॉपी जारी की जाएगी।

## मोती डूंगरी गणेश मंदिर: फेस रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी से जुड़े कैमरों से होगी सुरक्षा

### पांच कंपनी सहित 1000 जवान तैनात

**जयपुर@पत्रिका.** राजधानी में गणेश चतुर्थी पर गणेश मंदिरों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। खासतौर पर मोती डूंगरी गणेश मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने पर यहां विशेष सतर्कता बरती गई है। मंदिर परिसर व आस-पास के क्षेत्र में आरएसी की चार कंपनियों सहित 1000 जवान तैनात किए गए हैं। एडिशनल पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि मंदिर परिसर व आस-पास के क्षेत्र में लगे कैमरों में से 15 कैमरे फेस रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी से जोड़े गए हैं। भीड़ में बदमाश सक्रिय हो जाते हैं और चेन व पर्स स्नैचिंग, छेड़छाड़, वाहन चोरी जैसी वारदात को अंजाम देते हैं। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए ऐसे बदमाशों पर भी नजर रखी जाएगी। 15 कैमरों में फेस रिकॉग्निशन सॉफ्टवेयर इंस्टॉल किया गया है। इनमें प्रदेश व अन्य राज्यों के सभी अपराधियों पूरी कुंडली है। जब भी ये अपराधी मंदिर व उसके आस-पास के क्षेत्र में पहुंचेंगे तो वहां लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से सॉफ्टवेयर तुरंत अलर्ट जारी करेगा। इसके अलावा अन्य मंदिरों में भी सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी।

## विमान में बम है... फ्लाइट तुर्की डायवर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** मुंबई से फ्रैंकफर्ट (यूके) जा रहे विस्तारा बोइंग 787 विमान को शुक्रवार को सुरक्षा कारणों से तुर्की की ओर डायवर्ट कर दिया गया। विमान के टॉयलेट में टिश्यू पेपर पर विमान में बम रखा होने की धमकी दी गई थी। विमान को तुर्की के एर्जुरूम एयरपोर्ट पर उतारा गया। इसके बाद विमान की तलाशी ली गई।

**पोलमपोल** भायो
बदळ दिया अफसर घणा, नहीं अटपटी बात।
देखे निजर सियासती, कै चुणाव कै जात!!

**सरकारी तंत्र पर कसा तंज:** सामाजिक कार्यकर्ता ने व्यंग्यात्मक ढंग से कलक्टर को ई-मेल में लिखा...

# गड्ढों में एडवेंचर का आनंद ले रहे, सड़कें बीच से हटवा दें

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**पाली.** संभाग मुख्यालय पर सड़कों की वास्तविकता बयां करता सोशल मीडिया पर वायरल हो रही ई-मेल चर्चा में है। सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता निखिल व्यास ने शहरवासियों की पीड़ा व्यंग्यात्मक रूप से जाहिर करते हुए कलक्टर को एक ई-मेल लिखा है। इसमें उन्होंने सरकारी तंत्र की पोल खोली। उन्होंने लिखा है कि गड्ढों से अब उनका गहरा रिश्ता हो गया है। सुबह घर से निकलकर शाम तक वे गड्ढों वाली सड़कों पर सफर करते हुए एडवेंचर का आनंद ले रहे हैं। गड्ढों के बीच में कुछ-कुछ जगह सड़क दिख जाती है। उन्होंने तंज कसा कि सड़कों को गड्ढों के बीच से हटवा दें, ताकि वे एडवेंचर का आनंद ले सकें।

## पत्रिका लगातार उठा रहा मुद्दा, जिम्मेदार बेपरवाह

**सड़कों** की बदहाली और सीवरेज के कारण परेशानी झेल रहे शहरवासियों की पीड़ा राजस्थान पत्रिका लगातार प्रमुखता से उठा रहा है। बारिश के बाद हालात विकट हो गए। कई कॉलोनियों में अभी भी पानी भरा हुआ है। पानी की निकासी के रास्ते अवरुद्ध होने और नालों पर अतिक्रमण के कारण बाढ़ जैसे हालात बने। सड़कें पैदल चलने जैसी भी नहीं है। यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खरा जिले के प्रभारी मंत्री है। वे दो बार पाली का दौरा कर चुके, इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। इस कारण शहरवासियों में रोष है।


कलक्टर को भेजा ई-मेल। नया गांव मार्ग


केरल


पाली

### पाली की सड़कों के बन रहे मीम

प्रदेश में शायद ही ऐसा कोई शहर होगा, जहां की सड़कों के हाल पाली जैसे हो। गड्ढे इतने ज्यादा हैं कि शहर के लोगों का चलना मुश्किल हो गया। इसके बावजूद जिम्मेदार कोई कदम नहीं उठा रहे। जिम्मेदारों की बेपरवाही से खफा शहरवासी पाली की सड़कों के मीम बना रहे हैं। सोशल मीडिया पर पाली को केरल जैसा दिखाया जा रहा है। बदहाल सड़कों और बारिश के पानी से जलमग्न कॉलोनियों के मीम सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं।

**तरंगशक्ति युद्धाभ्यास:** एक दिन पहले रिहर्सल

# एयर शो आज, सूर्यकिरण और सुखोई विमान करेंगे प्रदर्शन


हैंगर पर खड़े सूर्यकिरण टीम के किरण हॉक विमान के ऊपर से उड़ान भरता लड़ाकू विमान सुखोई-30 एमकेआइ।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जोधपुर.** जोधपुर एयरबेस पर चल रहे भारतीय वायुसेना के मेगा मल्टीलेटरल युद्धाभ्यास तरंगशक्तिः 2024 के अंतर्गत शनिवार को ओपन डे रखा गया है, जिसमें भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान और सूर्यकिरण एरोबेटिक डिस्प्ले टीम का सुबह 10 बजे एयर शो होगा। इसमें सिविल के अधिकारियों और कुछ आम लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। रातानाडा, कुड़ी भगतासनी, बासनी और एयरफोर्स क्षेत्र के निवासी अपने घर की छतों एयर शो का आनंद उठा पाएंगे। एक दिन पहले शुक्रवार को एयरबेस पर फुल ड्रेस रिहर्सल की गई।

तरंगशक्ति युद्धाभ्यास 29 से 14 सितम्बर तक चलेगा। इसमें भारतीय वायसुेना के अलावा अमरीका, जापान, ग्रीस, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, यूएई और श्रीलंका की वायुसेना अपने एयरक्राफ्ट के साथ भाग ले रही है, जबकि 18 देश ऑब्जर्वर के तौर पर शामिल हैं। प्रतिदिन सभी देशों के लड़ाकू विमान विभिन्न टारगेट को लेकर उड़ानें कर रहे हैं।

### सूर्यकिरण के 9 विमान धुएं से बनाएंगे तिरंगा

सूर्यकिरण के 9 विमान हवा में विभिन्न मैनुवर करेंगे। हॉक विमान करीब 300 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ते हुए वर्टिकल क्लाइंब व इंट्रीकेट क्रॉसओवर बेरल रॉल्स स्टंट के अलावा तिरंगे के केसरिया, सफेद व हरे रंग के फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। सभी विमान आकाश में दिल का शेप बनाएंगे। इसके अलावा सोलो उड़ान व पेयर्स उड़ान का प्रदर्शन भी होगा।

### प्रमुख बांधों का जल स्तर...

| बांध | क्षमता | जल स्तर |
|---|---|---|
| रामगढ़ बांध | 19.82 | 0 |
| राणाप्रताप सागर | 352.81 | 351.45 |
| कोटा बैराज | 260.30 | 259.83 |
| जवाहर सागर | 298.70 | 296.87 |
| माही बजाज सागर | 281.50 | 280.45 |
| बीसलपुर | 315.50 | 315.50 |
| मोरल | 262.43 | 262.74 |
| पार्वती | 223.41 | 223.30 |
| जवाई | 18.67 | 12.01 |
| मेजा | 9.14 | 5.91 |
| जाखम | 31.0 | 26.75 |
| सोम कमला अंबा | 13.0 | 12.25 |
| राजसमंद | 9.15 | 5.87 |
| गुढ़ा बांध | 10.52 | 10.61 |
| बाघेरी का नाका | 10.0 | 10.43 |
| मानसी वाकल बांध | 581.20 | 579.80 |
| मातृकुण्डिया | 6.88 | 5.58 |

आंकड़े आरएल. मीटर में

### ट्रेंडिंग वीडियो

1. 

आंधी, बारिश, बाढ़ से सावधान, कई राज्यों में अलर्ट

2. 

बीसलपुर बांध ओवरफ्लो, आखिर खुल गए गेट

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV
राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

**नवाचार:** शिक्षा मंत्री के निर्देश के बाद शिक्षा निदेशालय ने जारी किया अंक विभाजन

# प्रदेश के स्कूली बच्चों को पौधे लगाने पर परीक्षा में मिलेंगे अतिरिक्त नंबर

**लाभकारी**

### बोर्ड परीक्षार्थियों को भी मिलेगा फायदा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सीकर. बीकानेर.** प्रदेश के स्कूली बच्चों को परीक्षा में अब पौधे लगाने और अच्छे व्यवहार के भी अंक मिलेंगे। यह अंक कक्षा छह से 12 तक के विद्यार्थियों को दिए जाएंगे। जो विद्यार्थियों को पौधरोपण और उसके संरक्षण में भूमिका के आधार पर मिलेंगे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर प्रदेश में यह व्यवस्था लागू की गई है। इसके लिए शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने पौधरोपण की एवज में कक्षावार मिलने वाले अंक भी तय कर दिए हैं। जो अधिकतम 20 तक होंगे। दरअसल, शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेशभर में 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत प्रदेश के सभी स्कूलों में पौधरोपण अभियान का आयोजन करवाया था। सरकार ने पौधरोपण और पर्यावरण के प्रति बच्चों में जुड़ाव बढ़ाने के लिए अंक जोड़ने का नवाचार किया है।

**अंक गणना में होगा परिवर्तन:** 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा सत्रांकों में पौधरोपण प्रावधान के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अंक गणना व्यवस्था में परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 5वीं एवं 8वीं बोर्ड के सत्रांक के लिए पंजीयक विभागीय परीक्षा की ओर से इसमें परिवर्तन किया जा रहा है। कई विद्यार्थियों और अभिभावकों ने नई व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं।


फाइल फोटो

#### बोर्ड परीक्षार्थियों को ऐसे मिलेंगे अंक

**निदेशालय** के अनुसार कक्षा 5 में पौधरोपण के 10 तथा प्रोजेक्ट के छह व सद्व्यवहार के चार अंक सत्रांक में दिए जाएंगे। इसी तरह कक्षा आठ में पौधरोपण के दस, प्रोजेक्ट के चार व सद्व्यवहार के छह, कक्षा 10 में इन्हीं के 7,6 व 1 तथा कक्षा 12 में अंकों का क्रम 7,2 व 5 अंक तय किए गए हैं।

#### बाकी कक्षाओं में इस तरह जुड़ेंगे अंक

गैर बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों के सत्रांकों में पौधरोपण के 10 अंक दिए जाएंगे। कक्षा छह व सात में पौधरोपण के 10 तो अब मौखिक परीक्षा के आठ व तीसरे टेस्ट के चार अंक जोड़े जाएंगे। कक्षा 9 में पौधरोपण के सात व तीसरे टेस्ट के छह तथा कक्षा 11 में पौधरोपण व तीसरे टेस्ट के सात-सात अंक तय किए गए हैं।

शिक्षा मंत्री के निर्देश पर सत्रांक में पौधरोपण के अंक जोड़ने का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक विद्यालय में पौधरोपण करने से पर्यावरण का संरक्षण किया जा सकेगा। साथ ही विद्यार्थियों में भी पर्यावरण के प्रति भावना जागृत होगी।

- **आशीष मोदी,** माध्यमिक शिक्षा निदेशक

#### इन गतिविधियों में भागीदारी के मिलेंगे अंक

- स्वयं विद्यालय, निवास अथवा अन्य स्थान पर पौधरोपण।
- रोपित पौधों की देखभाल करने पर।
- पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों में भाग लेने पर।
- कक्षा एवं स्कूलों में पर्यावरण संबंधी प्रतियोगिता में भाग लेने पर।

#### कक्षावार पौधरोपण के अंकों का यह निर्धारण

- **कक्षा 5:** हिंदी, अंग्रेजी, गणित विषय में 2-2 अंक
- **कक्षा 8:** हिंदी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान व तृतीय भाषा में 5-5 अंक
- **कक्षा 10:** हिंदी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान व तृतीय भाषा में 5-5 अंक
- **कक्षा 12:** अनिवार्य हिन्दी व अंग्रेजी विषय में 2-2 अंक
- **कक्षा 12:** तीन वैकल्पिक विषयों के प्रत्येक में 3-3 अंक

**सरिस्का:** पक्षियों की कई प्रजातियां हैं यहां पर

# पहली बार बर्ड फेयर से लेकर मगरमच्छों की गणना की तैयारी

**शुभारंभ**

**अलवर @ पत्रिका.** सरिस्का टाइगर रिजर्व टाइगरों के संरक्षण के लिए ही जाना जाता है, अब सरिस्का प्रशासन अन्य गतिविधियां भी करेगा। अब यहां बर्ड फेयर का मेला आयोजित करने की योजना चल रही है। साथ ही मगरमच्छ आदि की भी गणना कराने की तैयारी है।

सरिस्का में 300 से ज्यादा पक्षियों की प्रजातियां हैं। सर्दी व गर्मी में पक्षी यूरोप से लेकर ठंडे प्रदेशों से चलकर यहां आते हैं। लोगों में पक्षियों के प्रति प्रेम और बढ़े, इसी को देखते हुए सरिस्का प्रशासन पक्षी मेला आयोजित करने की योजना बना रहा है। इसका पूरा खाका तैयार किया जा रहा है। मगरमच्छ की गणना नहीं हो पाई थी। यह भी कराने की तैयारी चल रही है। सरिस्का की तितलियों पर भी प्रशासन काम करेगा।


प्रतीकात्मक फोटो

सरिस्का के माहौल को जान रहे हैं। यहां बर्ड फेयर के आयोजन का प्लान बना रहे हैं। साथ ही मगरमच्छों की गणना कराने से लेकर तितलियों पर काम करवाएंगे।

- **संग्राम सिंह,** क्षेत्र निदेशक, सरिस्का टाइगर रिजर्व

### न्यूज शॉर्ट्स

#### टाई खोलते समय लगा फंदा, छात्र की मौत

**बसेड़ी (धौलपुर) @ पत्रिका.** स्कूल यूनिफॉर्म की टाई एक 9 वर्षीय मयंक के लिए जानलेवा साबित हुई। कस्बे में हिंगोटा नर्सरी स्थित राजकीय स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल से घर लौटा मयंक कमरे में अकेले यूनिफॉर्म उतार रहा था। टाई खोलते समय एक सिरा गर्दन में बुरी तरह फंस गया और दम घुटने से मौत हो गई। घटना की जानकारी बड़ी बहन के स्कूल से लौटने पर हुई। घटना के समय मां घर पर नहीं थी।

#### एसीबी ने प्रवर्तन अधिकारी को रिश्वत की राशि के साथ पकड़ा



**कोटा @ पत्रिका.** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कोटा इकाई ने शुक्रवार को बारां से रिश्वत की राशि लेकर जयपुर जाते समय कोटा रेलवे स्टेशन पर बारां जिला रसद अधिकारी कार्यालय के प्रवर्तन अधिकारी दिनेश चौबे को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से रिश्वत के 1.76 लाख रुपए बरामद किए हैं। वह दो दिन पहले ही प्रवर्तन निरीक्षक से प्रवर्तन अधिकारी के पद पर पदोन्नत हुआ था। एसीबी के महानिदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि सूचना मिली थी कि प्रवर्तन अधिकारी दिनेश बारां के राशन डीलर्स और दलालों से अवैध वसूली करने के बाद रिश्वत की राशि को बारां से लेकर जयपुर जा रहा है। सूचना का सत्यापन किया गया। इसके बाद टीम कोटा रेलवे स्टेशन पहुंची और आकस्मिक चैकिंग की तो दिनेश के पास 1.76 लाख रुपए मिले। राशि के मामले में आरोपी ने संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस पर एसीबी ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## वंदे भारत ट्रेन विवाद मामले में दो अलग-अलग एफआइआर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**उदयपुर-गंगापुरसिटी .** वंदे भारत ट्रेन की वर्किंग को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। मामले में जीआरपी थाना गंगापुरसिटी में दो अलग-अलग एफआइआर दर्ज कराई गई है। इसमें पहली एफआइआर आगरा स्टाफ की ओर से गंगापुरसिटी स्टेशन पर स्टाफ के साथ मारपीट व सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने को लेकर दर्ज कराई गई हैं।

वहीं दूसरी एफआइआर गंगापुरसिटी के गार्ड रामकेश मीना ने उसके साथ आगरा में मारपीट व कपड़े फाडने को लेकर कराई है। जीआरपी ने आगरा में हुई मारपीट के मामले में दी गई एफआईआर को आगरा जीआरपी को भेज दी है।

#### यह था मामला

वंदे भारत ट्रेन को गुरुवार को आगरा से गंगापुरसिटी लेकर आ रहे आगरा के रनिंग स्टाफ के साथ गंगापुरसिटी में अभद्रता व मारपीट कर दी गई। इसके बाद देर शाम आगरा के ईदगाह स्टेशन पर हल्दीघाटी ट्रेन में गंगापुरसिटी के गार्ड रामकेश मीना के साथ मारपीट व कपड़े फाडने का मामला सामने आया। ऐसे में दोनों पक्षों की ओर से जीआरपी थाने में मामले दर्ज कराए गए हैं।

#### कर रहे अनुसंधान

आगरा स्टाफ की ओर से गंगापुरसिटी में मारपीट व कपड़े फाडने आदि को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वहीं गंगापुरसिटी के गार्ड की ओर से आगरा में मारपीट को लेकर दी गई शिकायत को आगरा जीआरपी को भेज दिया गया है। मामले में अनुसंधान किया जा रहा है।

-जगदीश प्रसाद मीना, एएसआइ, जीआरपी थाना

**सवाईमाधोपुर:** पिछले एक साल में आईं 25 हजार से अधिक चिट्ठियां

# यहां चिट्ठियां भेजकर भक्त त्रिनेत्र गणेशजी को लगाते हैं अरदास

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सवाईमाधोपुर.** अरावली की पर्वतमालाओं में रणथम्भौर दुर्ग में स्थित भगवान गणेश का मंदिर एकमात्र ऐसा है, जहां भगवान गणेश त्रिनेत्र रूप में अपनी पत्नी रिद्धि-सिद्धि एवं पुत्र शुभ-लाभ के साथ विराजित हैं। देशभर के भक्त यहां हर साल गणेश भगवान को चिट्ठियां भेजकर अरदास लगाते हैं और इतना ही नहीं डाक के माध्यम से निमंत्रण पत्र भेजकर विवाह और अन्य मांगलिक समारोह में आने का निमंत्रण भी देते हैं। डाक विभाग से मिली जानकारी के अनुसार औसतन सालाना त्रिनेत्र गणेश भगवान के नाम से 25 से 50 हजार चिट्ठियां यहां आती हैं।

**डाक विभाग ने लगा रखा है विशेष रूप से डाकिया:** त्रिनेत्र गणेश के दर पर आने वाले निमंत्रण पत्रों को पहुंचाने के लिए डाक विभाग की ओर से एक पोस्टमैन को विशेष रूप से तैनात किया गया है। डाक विभाग की ओर से नियुक्त डाकिया सप्ताह में एक बार डाक विभाग में त्रिनेत्र गणेश रणथम्भौर के नाम से आई डाक को रणथम्भौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर प्रबंधन तक पहुंचाता है।


त्रिनेत्र गणेशजी

#### पढ़कर सुनाते हैं चिट्ठियां

मंदिर प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार त्रिनेत्र गणेश के नाम से आने वाले सभी पत्रों को पुजारी की ओर से पहले त्रिनेत्र गणेश के चरणों में अर्पण किया जाता है। इसके बाद पत्र या कार्ड को खोलकर भगवान गणेश को पढ़कर सुनाते हैं।

#### स्वयंभू प्रतिमा है त्रिनेत्र गणेश

भारत में गणेशजी की चार स्वयंभू प्रतिमाएं हैं। चिंतामन मंदिर उज्जैन, सिद्दपुर गणेश मंदिर गुजरात, चिंतामन मंदिर सिहोर और त्रिनेत्र गणेश मंदिर रणथंभौर है। मंदिर का निर्माण अवंतिकापुरी के महाराज हम्मीर ने कराया था। राजा विक्रमादित्य हर बुधवार दर्शन को आते थे।

**गंगापुरसिटी** के बड़ा मोहल्ला निवासी थे मृतक

# पदयात्रा में गए 3 पदयात्रियों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत


दर्शन


तरुण


श्याम,

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**गंगापुरसिटी.** शहर से रणथम्भौर गणेशजी पदयात्रा में गए तीन जनों की ट्रेन की चपेट में आने में मौत हो गई। तीनों गंगापुरसिटी के बड़ा मोहल्ला निवासी थे। इनमें एक किशोर भी शामिल था। घटना गुरुवार रात 11 बजे करौली जिले के सपोटरा उपखंड के नीमोदा स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर हुई। शवों को सपोटरा चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां से पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिए।

नारौली डांग पुलिस चौकी प्रभारी अबजीत कुमार ने बताया कि गंगापुरसिटी से रणथम्भौर के लिए जा रही पदयात्रा में शामिल श्याम (14), कालू उर्फ दर्शन (35) तथा तरुण (28) जगह-जगह जलभराव के कारण रेलवे ट्रैक पर जा रहे थे। इस दौरान नीमोदा स्टेशन के पास ट्रैक पर गंगापुरसिटी की तरफ से आई सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए। इससे तीनों की मौत हो गई। घटना की जानकारी ट्रेन चालक ने नीमोदा स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर नारौली पुलिस मौके पर पहुंची। मृतकों के शवों को सपोटरा हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया।

#### मोहल्ले में छाया शोक

गंगापुरसिटी में तीनों मृतक एक ही मोहल्ले में रहते थे। इस कारण पूरे मोहल्ले में शोक छाया हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतकों में दर्शन तथा तरुण संविदा पर नगरपरिषद में कार्यरत थे।

**समरसता** उपाश्रयों में संतों और साध्वियों की निश्रा में करते आठ दिन आराधना

# पर्युषण में अन्य धर्मों के लोग भी करते हैं जैन साधना

**मंगलकारी**

राजेन्द्रसिंह देणोक/राजीव दवे
patrika.com

**पाली.** पर्वाधिराज पर्युषण, जिसमें जैन समाजबंधु धर्म आराधना में लीन रहते हैं। यह महापर्व तप-त्याग और अहिंसा के साथ समरसता का भी अनूठा उदाहरण है। पाली में पर्युषण पर्व पर जैन समाज के श्रावक-श्राविकाओं के साथ अन्य धर्म के लोग भी जैन साधु और साध्वियों की निश्रा में आठ दिन तक जैन साधना में लीन रहते हैं। जैन समाजबंधुओं के समान ही उपवास व व्रत रखते हैं। वे साधु और पूजन वस्त्र पहनकर रोजाना व्याख्यान सुनने के साथ प्रतिक्रमण, सामायिक और अन्य जैन क्रियाएं करते हैं। समापन पर क्षमायाचना करते हैं।

**बंद रहते हैं प्रतिष्ठान:** पाली में पर्युषण के समय हिंसा नहीं हो, इस भावना से भट्टियां बंद रखने की परम्परा शुरू हुई थी। एक जैन संत की आज्ञा से अकता रखने की यह परम्परा आज भी निभाई जाती है। जैन समाजबंधुओं के साथ अन्य धर्म के लोग भी मिष्ठान आदि नहीं बनाते। फैक्ट्रियां बंद रखते हैं। सब्जी की दुकान तक बंद रखते हैं।

#### बचपन में सीखा नवकार मंत्र



**श्यामलाल** शर्मा बताते हैं कि हमारे घर के पास मंदिर था। मेरे दोस्त जैन थे। उनके साथ मंदिर में जाकर नवकार मंत्र सीखा। उन्होंने बताया कि वे वर्ष 1996 से पर्युषण कर रहे हैं। पहले तो वे उपाश्रय में ही आठ दिन रहते थे। अब व्याख्यान सुनने के बाद घर जाते हैं। उन्होंने बताया कि वे साधु-संतों की सेवा में भी रहते हैं। जैन समाज के धर्म स्थलों की भी यात्रा की।

#### पर्युषण में करते हैं उपवास



**निम्बाड़ा** गांव के साहेब खां पिछले 40 साल से पर्युषण के दौरान व्रत व उपवास करते है। वे बताते हैं कि जैन समाजबंधुओं के संपर्क था। मेरे मित्र केवलचंद धोका के साथ उपाश्रय आना शुरू किया। परिवार व समाज ने मना किया तो मन के भावों के कारण पर्युषण में उपवास जारी रखा और आज भी आराधना कर रहा हूं। वे आठ दिन उपाश्रय में ही रहते हैं। गांव नहीं जाते हैं।

#### आठ दिन तक श्वेत वस्त्र पहनता हूं



**आराधना** करने वाले माली समाज के घमंडीराम बताते हैं कि पर्युषण में दुकान बंद रखते हैं। स्थानक में आठ दिन तक श्वेत वस्त्र पहनकर रोजाना व्याख्यान सुनने के साथ प्रतिक्रमण आदि करते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे गुरु रूपमुनि की कृपा से पर्युषण कर रहा हूं। पर्युषण में तो कम से कम रात्रि भोजन का त्याग रहता है। यहां आकर सामायिक आदि भी करते हैं।

## विवाहिता और बच्चों के शव टांके में मिले

**बड़ीखाटू @ पत्रिका.** नागौर के बडीखाटू थाना क्षेत्र के सांडिला गांव एक विवाहिता और उसके दो मासूम बच्चों के शव शुक्रवार सुबह खेत में बने टांके में मिले।

थानाधिकारी बुधाराम चौधरी ने बताया कि गांव की सरहद स्थित एक खेत में मकान बनाकर हरेन्द्र परिवार के साथ रहता है। शुक्रवार सुबह हरेन्द्र की पत्नी निरमा (25) पांच वर्षीय पुत्री कनिष्का व दो वर्षीय पुत्र जीवांशु के शव खेत में बने टांके में मिले। पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शवों को निकलवाकर जायल चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया। बाद में मृतका के पीहर पक्ष को सूचना दी गई। थानाधिकारी ने बताया कि इस संबंध किसी ने मामला दर्ज नहीं कराया है।

गणेश चतुर्थी आज

# विघ्न हरने आएं विघ्नहर्ता



## विघ्न कटे संकट मिटे, मंगल हो हर काज बाधाएं सब दूर करो, हे गणपति महाराज

*इसी भावना के साथ गणेश चतुर्थी पर घर-घर में भगवान गणेश को विराजमान कर 10 दिन तक गणेशोत्सव मनाया जाता है। लोग घर में भगवान गणेश की प्रतिमा लाते हैं और हर घर में एक उत्सव का माहौल देखने को मिलता है। इस मौके पर बात करते हैं कुछ ऐसे परिवारों की, जो कई सालों से धूमधाम से गणेशोत्सव को मना रहे हैं और घर में सकारात्मक ऊर्जा लेकर आते हैं।*



### पॉजिटिविटी का होता है अहसास

**रीब 9** साल से अपने घर में गणेश उत्सव मना रहीं रूची नारंग कहती हैं कि भगवान गणेश में मेरी आस्था हमेशा से ही है और यह आस्था और बढ़ गई जब मैं मुम्बई शिफ्ट हुई। घर में चार समय का भोग, घंटियों की ध्वनि और शंख नाद के साथ गणपति की पूजा मानो एक अलग एनर्जी का अहसास करवाता है। रूची बताती हैं कि जब से वह गणेशोत्सव मना रही हैं घर में काफी सकारात्मकता व्याप्त हुई है। परिवार के सभी लोग मिलकर प्रतिदिन भगवान गणेश की पूजा करते हैं। गणेशोत्सव समापन से पहले कीर्तन रखा जाता है। और फिर अंतिम दिन विजर्सन कर भगवान को विदा करते हैं।

### गन्नू भैया देना साथ हमारा



**6 साल** की सान्वी भगवान गणेश को अपना बेस्ट फ्रैण्ड मानती हैं और गणेशोत्सव में नियमित रूप से उनकी पूजा करती हैं। करीब 10 सालों से गणेशोत्सव पर घर में गणपति बप्पा को स्थापित करने वाली निधि शर्मा का कहना हैं कि इन 10 दिनों में घर में हर्षोल्लास का माहौल रहता है। नए मेहमान की तरह गणपति के स्वागत की तैयारियां की जाती हैं। हर दिन नए-नए पकवानों का भोग बनता है। वह कहती हैं, जब से विघ्नहर्ता को घर लाने लगे हैं, हमारे विघ्न वह स्वयं ही हर लेते हैं। पूरे घर का वातावरण भक्तिमय हो जाता है। निधि के साथ उनकी बेटी सान्वी भी नियमित पूजा करती हैं।

फैशन ट्रेंड

## ट्रेंडिंग लुक के साथ मनाएं गणेशोत्सव



गणेश चतुर्थी के साथ ही घर-घर में गणेशोत्सव मनाया जाएगा। 10 दिन तक चलने वाले इस उत्सव में चारों तरफ का माहौल भक्तिमय हो जाता है। ऐसे में महिलाओं को सबसे अधिक टेंशन फैशन ट्रेंड को लेकर होती है कि वे क्या पहनें। गणेश चतुर्थी के अवसर पर यह फैशन टिप्स आप फॉलो कर सकती हैं, आइए जानें...

- इस बार गणेशोत्सव में टीशु फैब्रिक के साथ ब्राइट कलर को ट्रेंड कर सकते हैं। इसके लिए आप रानी, ऑरेंज और यलो कलर की साड़ी और सूट पहन सकती हैं।
- इस उत्सव से खुद को कनेक्ट करने के लिए महाराष्ट्रीयन लुक अपना सकती हैं। इसके लिए आप पैठणी या नाऊवरी साड़ी का चुनाव कर, इसे खास महाराष्ट्रीयन तरीके से ड्रेप करें। इसके साथ आप चूड़ा, बाजूबंद, कमरपट्टी पहन कर साड़ी के लुक को पूरा कर सकती हैं।
- गणेशोत्सव के दौरान आप ट्रेडिशनल साड़ी के साथ बेल्ट और चोकर कैरी कर सकती हैं। वहीं अपने लुक के अनुसार सिल्वर ज्वैलरी और बड़ी बिंदी भी ट्राई करना अच्छा ऑप्शन है।
- इस मौके पर ग्रीन ब्रोकेट स्कर्ट के साथ ब्लाउज वीयर कर इस पर ग्रीन दुपट्टा कैरी कर अपने लुक को डायमंड ज्वलैरी के साथ कम्पलीट कर सकती हैं।
- क्लासी लुक के लिए साड़ी के ऊपर गजरा लगाएं।



पल्लवी सेठी
फैशन डिजाइनर

## अचीवर: सबसे छोटी फोटोग्राफर



**फरीदाबाद** की श्रेयोवी मेहता देश की सबसे कम उम्र की वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर बन गई हैं। 9 वर्ष की श्रेयोवी ने वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर की खिताब जीता है। 5वीं कक्षा की छात्रा को 10 वर्ष और उससे कम श्रेणी में रनरअप नामित किया गया। भरतपुर, केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में मोरनी की एक अलौकिक आकृति को कैमरे में कैद करने वाली उनकी तस्वीर इन द स्पॉटलाइट को 117 देशों के प्रतिभागियों की तस्वीरों में से चुना गया। यह पुरस्कार श्रेयोवी को 8 अक्टूबर को लंदन के नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम में एक पुरस्कार समारोह में दिया जाएगा। उन्हें दो साल की उम्र से फोटोग्राफी का शौक है।

पत्रिका शी न्यूज़
आप पत्रिका शी न्यूज फेसबुक पेज के माध्यम से भी जुड़ सकते हैं। फेसबुक पेज से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें।
हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews

पोकरण : 151 वेदपाठी करेंगे महारुद्राभिषेक

# राधाष्टमी पर चार दिवसीय अनुष्ठान 8 से, 11 को होगा महासुंदरकांड

शुभारंभ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**पोकरण.** महारथी मारुति सेवा सदन आश्रम के अंतर्गत क्षेत्र के सेलवी गांव के पास स्थित सिद्धपीठ कदली वन धाम हनुमान मंदिर परिसर में राधाष्टमी के मौके पर चार दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत 8 सितंबर से होगी। इस दौरान कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। संत ओम महाराज व बालसंत वेदप्रकाश ने बताया कि प्रतिवर्ष कदली वन धाम हनुमान मंदिर में राधाष्टमी पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता हैं। उन्होंने बताया कि इस बार 8 सितंबर से 11 सितंबर तक चार दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। जिसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। साथ ही कार्यकर्ताओं की ओर से क्षेत्र में प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रात्रि विश्राम की भी व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार पोकरण से सेलवी मंदिर तक बसों की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि कस्बे के आश्रम जंगलिया हनुमान मंदिर, पंचायत समिति सांकड़ा कार्यालय के पास, भवानीपुरा, कुम्हारों की प्रोल व रामनाथ महाराज के आश्रम से बसें लगाई जाएगी।

### ये होंगे धार्मिक अनुष्ठान

उन्होंने बताया कि 8 सितंबर को भादवा माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी ऋषि पंचमी के के मौके पर रविवार को सुबह 7 बजे सर्वत्र सर्वत्रो भद्रपीठ आदिदेवताओं का आह्वान व स्थापना कर पूजन किया जाएगा। इसके बाद अग्नि स्थापना कर बालसंत मारुतिनंदन वेदप्रकाश के सानिध्य में अखंड अष्टजाम महायज्ञ शुरू किया जाएगा, जो 24 घंटे तक लगातार जारी रहेगा। दूसरे दिन 9 सितंबर की शाम अष्टजाम महायज्ञ की पूर्णाहुति की जाएगी। तीसरे दिन 10 सितंबर को अखंड रामचरित्रमानस पाठ शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भादवा माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को राधाष्टमी के दिन 11 सितंबर को मुख्य कार्यक्रम होगा। सुबह रामचरित्रमानस पाठ की पूर्णाहुति होगी। इसके बाद 36 व्यंजन बनाकर छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया जाएगा। दोपहर में आरती के बाद आचार्य पंडित राधाकिशन व्यास के सानिध्य में 151 वेदपाठी पंडितों की ओर से हनुमंत महारुद्र अभिषेक किया जाएगा। शाम को सामुहिक महासुंदरकांड का पाठ कर हनुमंत यज्ञ अनुष्ठान की पूर्णाहुति की जाएगी। इसके बाद आरती कर प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

जर्जर भवन में चल रहा है सीकर तहसील कार्यालय

# तहसील जाएं तो संभलकर!

### सुलभ कॉम्पलेक्स के अभाव में परेशान जनता व कर्मचारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**सीकर.** यदि आप सीकर तहसील में आप कोई शिकायत या कार्य लेकर जा रहे तो जरा सावधानी से ही जाना होगा। क्योंकि यहां तहसील कार्यालय बेहद ही जर्जर भवन में चल रहा है। कब पता नहीं प्लास्टर गिर जाए या और कोई अनहोनी हो जाए किसी को पता नहीं। कई फरियादी तो अपनी मजबूरी में यहां पहुंचते तो लेकिन सिर पर मौत का साया भी मंडराता रहता है।

गौरतलब है कि तहसील भवन को शिफ्ट करने की कवायद दस साल में कई बार बन चुकी, लेकिन अभी तक कार्यालय यही पर संचालित हो रहा है। यहां सुलभ कॉम्पलेक्स नहीं होने की वजह से कर्मचारियों के साथ फरियादियों को काफी परेशानी होती है। तहसील प्रशासन की ओर से कई जगह चेतावनी के बोर्ड भी लगे हुए है। हालांकि जिम्मेदार भवन के लिए प्रस्ताव तैयार करवाने की बात कर रहे हैं।

**कुछ पट्टी टूटी तो कुछ में दरार :** यहां आमजन के लिए सुविधाएं की बात करना तो महज सपना है। कार्यालय के आगे का हिस्सा थोड़ा ठीक है लेकिन भवन का पिछला हिस्सा पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। भवन के बरामदे के कोने की पट्टी टूटी हुई है, तो कुछ में दरार आई हुई हैं जो कभी भी गिर सकती है। इससे हादसे की आशंका है।




**फरियादी और कर्मचारी नहीं रुकना चाहते :** सीकर तहसील भवन में कार्यरत कर्मचारी भी यहां के जर्जर भवन में बैठने के इच्छुक नहीं हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर कर्मचारियों ने बताया कि साहब...हमको तो नौकरी करनी हैं इसलिए आना मजबूरी है.....नहीं तो ऐसे भवन में कौन आए। वहीं तहसील भवन में आए फरियादी राकेश कुमार ने बताया कि सरकारी काम अटकने पर इस भवन में आना मजबूरी है।

## मौसी के घर आए युवक पर फायरिंग

**बीकानेर.नोखा @ पत्रिका.** नोखा में एक युवक पर कुछ बदमाशों ने फायरिंग की, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। नोखा पुलिस ने बताया कि बीकानेर की नवल बस्ती निवासी चेतन राम तेजी राणोराव तालाब स्थित अपनी मौसी के घर आया हुआ था। वह रात को घर के बाहर खड़ा था तभी कुछ युवक बाइक पर आए और चेतन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी। एक गोली चेतनराम के पेट में साइड की तरफ लगी है। उसे पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी व घायल दोनों में आपसी रंजिश है। रंजिश के तहत चेतनराम पर हमला किया गया है। घायल चेतनराम का पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में उपचार चल रहा है।

## आज का राशिफल शनिवार, 07 सितंबर 2024

| | |
|---|---|
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ* मन लगाकर काम करें। व्यापार-व्यवसाय उत्तम रहेगा। निजी समस्या का समाधान होगा। असंतोष का वातावरण रहेगा। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो* कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह आप को महत्वपूर्ण पद दिलवा सकता है। बुद्धि से वर्चस्व स्थापित करेंगे। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह* आज वाणी पर नियंत्रण रखें। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग बनेंगे। कार्यपद्धति में बदलाव होगा। |
| कर्क | *हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो* आजीविका में नए प्रस्ताव मिलेंगे, जो आप के लिए शुभ रहेंगे। मित्रों में वर्चस्व बढ़ेगा। साहस, पराक्रम में वृद्धि सम्भव है। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे* दिन उपयुक्त है। किसी विशेष कार्य के होने से ईश्वर पर आस्था बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। वाणी संयम रखें। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो* अपनी आदतों से जीवनसाथी से तालमेल स्थापित नहीं हो सकेगा। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति के योग बन रहे हैं। |
| तुला | *रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते* आर्थिक निवेश में सावधानी रखें। शीत से संबंधी विकार हो सकते हैं। करुस्थल पर सही निर्णय ले पाएंगे। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू* आज आपके प्रयासों से आजीविका में परिवर्तन अथवा नवीन अवसर प्राप्त हो सकेंगे। जोखिम के कार्यों से दूर रहना चाहिए। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे* अपने काम करने के तरीकों को बदलें, भाइयों से विवाद होंगे। दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। सुख-समृद्धि बढ़ेगी। |
| मकर | *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी* आजीविका के नए साधन मिलेंगे। वाणी संयम रखें। यात्रा सम्भव है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा* मन की बात कहने से शांति मिलेगी। वाहन खरीदने का मन सार्थक होगा। मन में किसी निर्णय को लेकर दुविधा रहेगी। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि* धन प्राप्ति के स्त्रोत स्थापित होने के योग हैं। किसी विशेष वस्तु की प्राप्ति के लिए धैर्य एवं संयम बना रहेगा। |

ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास, पंचांगकर्ता, उज्जैन

### ग्रह-नक्षत्र ज्योतिर्विद: पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1446 | अयन: | दक्षिणायण |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास: | रवि-उल-अव्वल-3 | ऋतु: | शरद् |
| शाके सम्वत: | 1946 | | | मास: | भाद्रपद |

### आज का दिन

**शनिवार, 7 सितम्बर, 2024**

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज प्रात: 07-46 से प्रात: 09-19 तक शुभ तथा दोपहर 12-25 से सायं 05-04 तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 12-00 बजे से दोपहर 12-49 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त हैं, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**शुभ तिथि:** चतुर्थी रिक्ता संज्ञक तिथि सायं 05-38 तक, तदन्तर पंचमी पूर्णा संज्ञक तिथि रहेगी। चतुर्थी रिक्ता संज्ञक तिथि में शुभ और मांगलिक कार्य यद्यपि शुभ नहीं कहे गए हैं, पर आज महा गणपति चतुर्थी स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त की दृष्टि से शुभ हैं। पंचमी तिथि में समस्त शुभ व मांगलिक कार्य प्रशस्त हैं।

**नक्षत्र:** चित्रा ''मृदु व तिर्छ्यंमुख'' संज्ञक नक्षत्र दोपहर 12-34 तक, तदन्तर स्वाति ''चर व तिर्छ्यंमुख'' संज्ञक नक्षत्र हैं। चित्रा नक्षत्र में शान्ति, पुष्टता, कारीगरी, वास्तु, अलंकार तथा स्वाति नक्षत्र में देवालय, विवाहादि मांगलिक कार्य और वस्त्रालंकार आदि कार्य शुभ होते हैं।

**योग:** ब्रह्म नामक नैसर्गिक शुभ योग रात्रि 11-16 तक, तदन्तर ऐन्द्र नामक नैसर्गिक शुभ योग हैं। ऐन्द्र नामक योग वृष राशि वाले जातकों को विशेष शुभ माना जाता है।

**विशिष्ट योग:** रवियोग नामक दोष समूह नाशक शक्तिशाली शुभ योग दोपहर 12-34 तक, तथा सर्वार्थसिद्धि नामक शुभ योग दोपहर 12-34 से सूर्योदय तक है।

**करण:** भद्रा संज्ञक विष्टि नामकरण सायं 05-38 तक, तदन्तर बव नामकरण है।

**व्रतोत्सव:** आज महा गणपति चतुर्थी (स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त), मेला गणेश जी मोती डूंगरी जयपुर (राज.), जैन सम्वत्सरी (चतुर्थी पक्ष), गणेश जन्मोत्सव प्रा. (महा.) तथा सौभाग्य चतुर्थी (बं.)।

**चंद्रमा :** चंद्रमा तुला राशि में सम्पूर्ण दिवारात्रि।

**शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज स्वाति नक्षत्र में विवाह व सगाई-रोका आदि के यथाआवश्यक शुभ मुहूर्त हैं।

**दिशाशूल:** शनिवार को पूर्व दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्र स्थिति के अनुसार आज पश्चिम दिशा की यात्रा लाभदायक व शुभप्रद है।

**राहुकाल** (मध्यममान से): प्रात: 9-00 बजे से प्रात: 10-30 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर हैं।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे-** आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (री, रू, रे, रो) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि तुला है। तुला राशि के स्वामी शुक्र हैं। इनका जन्म रजतपाद से हैं, जो शुभ माना जाता है। सामान्यत: ये जातक बुद्धिमान, साहसी, धनवान, सुशील, कला-कुशल, होशियार, व्यापार में निपुण तथा अपने पुरुषार्थ के बल पर आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न होते हैं। इनका भाग्योदय 30 वर्ष की आयु तक होता हैं। तुला राशि वाले जातकों के कार्यक्षेत्र में प्रोन्नति और सभी तरह की बाधाएं दूर होगी। स्वास्थ्य प्राय: उत्तम रहेगा। कार्यों में उत्साह बना रहेगा।

फिल्म समीक्षा

## प्रकृति से खिलवाड़ के खिलाफ लड़ाई की अजब कहानी तंगलान

प्रकृति से खिलवाड़ करना नुकसानदायक होता है, लेकिन इंसान का लालच उसे ऐसा करवाने पर मजबूर कर देता है। इसी पर आधारित है तंगलान।



- **कास्ट:** चियान विक्रम, मालविका मोहनन, डेनियल, पार्वती, पशुपति।
- **डायरेक्शन:** पा रंजीत
- **स्टोरी:** तमिल प्रभा, पा रंजीत
- **सिनेमोटोग्राफी:** ए. किशोर कुमार
- **एडिटिंग:** सेल्वा आरके
- **जोनर:** एक्शन-एडवेंचर

**रेटिंग चार्ट**

| | |
|---|---|
| आइएमडीबी रेटिंग: | 4 स्टार |
| मीडिया रेटिंग: | 3 स्टार |
| बॉलीवुड हंगामा: | 2.5 स्टार |
| ऑर्मेक्स: | 2.5 स्टार |
| सोशल मीडिया: | 3.5 स्टार |
| कोईमोई: | 4 स्टार |

रेटिंग ★★½ रनिंग टाइम: 134 मिनट

### दर्शकों के साथ फिल्म रिव्यू

ऋषभ-प्रणेता को फिल्म ठीक लगी। उन्होंने कहा कि वे जिस माइंड सेट से मूवी देखने आए थे, ये वैसी नहीं है। वहीं, प्रेक्षा, आरती, सुरभि और विभव के अनुसार, फिल्म को बनाने में भले ही पैसा लगा हो, लेकिन दर्शकों के पैसे डूबे ही। अनुराग, आदित्य, नीतेश ने कहा कि वे विक्रम के बड़े फैन हैं और एक बार फिर से विक्रम ने समां बांध दिया।

1850 के मद्रास के वेप्पूर गांव में तंगलान, पत्नी-बच्चों के साथ हंसी-खुशी जीवन व्यतीत कर रहा है, तभी उसकी फसलों को जला दिया जाता है और कर न दे पाने पर जमींदार उसके खेत गिरवी रख लेता है। अंग्रेज अफसर कॉलमेंट गांव आता है और सोना ढूंढने के लिए मजदूर मांगता है। तंगलान और कुछ अन्य उसके साथ चल पड़ते हैं, लेकिन उन्हें पता नहीं कि जिस सोने की तलाश में वे जा रहे हैं वह एक शापित जगह पर है।...

**एक्टिंग:** विक्रम ने एक बार फिर बता दिया कि क्यों वे साउथ इंडस्ट्री के मिस्टर परफेक्शनिस्ट हैं। नागा कबीले की सदस्य के रूप में मालविका भी अच्छी रही।

*लोकेशंस और सिनेमैटोग्राफी: ठीक है। - पुलकित शर्मा*

अग्रवाल-वैश्य समाज का वैवाहिक विशेषांक कल

## रियायती दर पर आज दोपहर 12 बजे तक बुक होंगे विज्ञापन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** पत्रिका के राजस्थान के सभी संस्करणों तथा भोपाल, इंदौर व रायपुर के रविवार के संस्करण में अग्रवाल-वैश्य समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जाएगा। अग्रवाल, खंडेलवाल व माहेश्वरी समाज सहित वैश्य समाज के विभिन्न संगठनों के सहयोग से प्रकाशित होने वाले इस विशेषांक में समाज के विवाह योग्य युवाओं का बायोडाटा प्रकाशित किया जाएगा। इस विशेषांक में शनिवार दोपहर 12 बजे तक रियायती दरों पर विज्ञापन बुक कराए जा सकेंगे।

इसके लिए पूरा नाम, शहर का नाम, कॉन्टेक्ट नंबर और वाट्सऐप नंबर 7733014575 पर भेज दें। पत्रिका टीम अति शीघ्र आपसे संपर्क करेगी। इस कार्य में अग्रसेन महासभा, अग्रवाल्स जयपुर डॉट कॉम तथा अग्रवाल विकास परिषद समिति कुन्हाड़ी, कोटा के साथ ही देश के विभिन्न शहरों से अग्रवाल-वैश्य समाज के कई संगठन भी जुड़ चुके हैं। आप देश के किसी भी हिस्से में अग्रवाल-वैश्य समाज के संगठन से जुड़े हैं एवं इस मुहिम में योगदान देना चाहते हैं तो ऊपर दिए गए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

गौरतलब है कि गत वर्ष 15 जनवरी, 12 फरवरी, 5 मार्च, 23 जुलाई, 6 अगस्त और 20 अगस्त तथा इस वर्ष 14 और 28 जनवरी एवं 5 और 19 मई एवम 25 अगस्त को उपरोक्त सभी संस्करणों में अग्रवाल- वैश्य समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जा चुका है।

## साले ने करवाया बहनोई का अपहरण

**पाली @ पत्रिका.** गुड़ाएंदला थाना क्षेत्र के एंदलावास निवासी युवक से उसके साले व साथियों ने अपहरण कर मारपीट की। गुड़ा एंदला थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि एंदलावास निवासी राजू सिंह पुत्र भीम सिंह का आटे-साटे में विवाह हो रखा है। उसकी पत्नी पीहर में रह रही है। उसके साले एंदलावास निवासी जेठूसिंह, गुंदोज निवासी अशोक और पूनमसिंह के साथ एक अन्य व्यक्ति ने राजू सिंह का अपहरण कर मारपीट की। सूचना के बाद पुलिस ने पनिहारी तिराहे पर नाकाबंदी की। जिस दौरान गाड़ी में सवार होकर सोजत की तरफ भाग रहे आरोपियों को पुलिस ने रोक कर दबोच लिया तथा राजू सिंह को मुक्त कराया। पुलिस ने सभी आरोपियों को दबोच लिया। तभी एक आरोपी अशोक ने नशे में कुछ पुलिस कर्मियों को काट दिया। पुलिस ने उसको पकड़ बांगड़ अस्पताल में भर्ती करवाया।

निगम उत्तर की कवायद, 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता पखवाड़ा

# सेलिब्रिटी सड़क पर उतरकर पढ़ाएंगी स्वच्छता का पाठ

**जोधपुर @ पत्रिका.** स्वच्छता सर्वेक्षण में जोधपुर की रैंकिंग को सुधारने के लिए इस बार शहर से जुड़ी हुई सेलिब्रिटी सड़कों पर उतरकर स्वच्छता का पाठ पढ़ाएंगी। साथ ही स्वच्छता के लिए वीडियो बनाकर भी प्रचार-प्रसार किया जाएगा। शहर की स्वच्छता रैंकिंग को सुधारने के लिए निगम उत्तर ने कवायद तेज कर दी है। इसमें संभवतया शैलेष लोढा, क्रिकेटर रवि बिश्नोई जैसे शहर के चर्चित चेहरे भी लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे। निगम 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा भी आयोजित करेगा। स्वायत शासन विभाग के निदेशक सुरेश कुमार ओला ने इस संबंध में वीसी के माध्यम से जोधपुर की स्वच्छ भारत मिशन की टीम से पखवाड़े के तहत जनसहभागिता और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर रैंकिंग को सुधारने के निर्देश दिए।



### हमारी स्थिति ऐसी

- कचरा संग्रहण टैक्सियों की उचित मॉनिटरिंग नहीं। कई स्थानों पर समय से कचरा नहीं उठता।
- 13 सीवर जेट मशीन, लेकिन जगह-जगह लाइनें चॉक पड़ी हैं। आए दिन सीवरेज का पानी सड़कों पर बहता है।
- शहर में करीब 224 टॉयलेट और सुलभ शौचालय हैं। हर माह लाखों रुपए खर्च के बावजूद अधिकतर की स्थिति खराब।
- बीते वर्षों में कई बार प्लास्टिक मुक्त करने के आदेश निकाले, लेकिन जनता को स्थायी विकल्प देने में नाकाम

## न्यूज विंडो

### टक्कर मारने के बाद कार ने रौंदा, 5 की मौत, 3 घायल

**बाराबंकी@पत्रिका.** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के बड्डूपुर क्षेत्र में दो कार और एक ई-रिक्शा के बीच हुई भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार गुरुवार देर रात बड्डूपुर क्षेत्र के इन्होतापुर गांव के पास महमूदाबाद से आ रहे ई-रिक्शा की कार से टक्कर हो गई जिसके बाद बेकाबू कार सड़क के किनारे खाई में जा गिरी। इस बीच एक अन्य कार भी ई-रिक्शा से टकरा गई जिससे ई-रिक्शा में सवार लोग सड़क पर गिर गए। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर गिरे लोगों को रौंद दिया।हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान इरफान अनवर अली, अजीज अहमद, ताहिरा बानो, साबिया बानो और वहीदुल निशा के तौर पर की गई है। घायलों में सायरा बानो, अक्सा और विवेक शामिल हैं।

### एनकाउंटर के नाम पर पुलिस कर रही हत्या : लाल बिहारी

**जौनपुर@पत्रिका.** सपा के वरिष्ठ नेता एवं विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने सुल्तानपुर जिले की पुलिस पर फर्जी एनकाउंटर का आरोप लगाते हुए कहा कि एनकाउंटर के नाम पर पुलिस हत्या कर रही है।

यादव की अगुवाई में शुक्रवार को सपा का प्रतिनिधिमंडल मारे गए मंगेश यादव गांव अगरौरा थाना बक्शा में स्थित उसके घर पहुंचा और परिवार वालों से मिलकर ढांढस बधाया।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने इसे एनकाउंटर नहीं बल्कि पुलिस पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया कि इसकी जांच कराई जाएगी। साथ ही कहा कि जिन पुलिस वालों ने मंगेश को घर से लेकर जाकर हत्या की है, उनके खिलाफ एफआइआर दर्ज कराया जाएगा।

नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने कहा कि मंगेश यादव को पुलिस घर से उठा कर ले गई। पूछताछ के नाम पर और उसकी हत्या कर दी गई। उसकी हत्या पुलिस अभिरक्षा में हुई है।

### हत्या के विरोध में अदालती कामकाज नहीं करेंगे वकील

**रायबरेली@पत्रिका.** उत्तर प्रदेश के रायबरेली की सेंट्रल बार एसोसिएशन, रायबरेली कलक्ट्रेट बार एसोसिएशन और ऊंचाहार तहसील के वकीलों ने कासगंज में हुई वकील की हत्या का विरोध करते हुए न्यायिक कार्यों से अलग रहने का प्रस्ताव पारित किया।

जिले की सबसे बड़ी बार सेंट्रल बार एसोसिएशन, रायबरेली कलेक्ट्रेट बार और ऊंचाहार तहसील के वकीलों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कासगंज में हुई महिला वकील की संदिग्ध हालात में मौत के विरोध में वकीलों ने आज न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया है। अपने प्रस्ताव में वकीलों ने कासगंज की फौजदारी की महिला अधिवक्ता मोहिनी सिंह के साथ हुए जघन्य कृत्य की निंदा की। इसके पहले वकीलों ने मोमबत्ती जला कर मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित की। अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन को लचर बताते हुए अपना रोष प्रकट किया है। काफी समय से अधिवक्ता प्रोटेक्शन अधिनियम की मांग चल रही है अगर यह लागू होता तो शायद अपराधियों की इतनी हिम्मत न पड़ती।

जनता दर्शन के दौरान लोगों से मुलाकात

# बिना चिंता कराइए इलाज, पैसा देगी सरकार : योगी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**गोरखपुर.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया है कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में उपचार कराएं। उपचार में जो भी पैसा खर्च होगा वह सरकार देगी।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात की। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने आश्वस्त किया कि हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए।



### वृद्ध महिला से मिलकर हुए भावुक

**इस दौरान** एक वृद्ध महिला से मुलाकात कर और उसकी समस्या जानकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। अपने घर वालों के उपेक्षात्मक रवैये से आहत वृद्ध महिला ने मुख्यमंत्री को बताया कि उम्र के इस पड़ाव में अपने ही परिवार से मिल रहा दुख वह नहीं सहन कर पा रही है। बुजुर्ग महिला ने कहा कि उसकी इच्छा अब जीवन के बाकी बचे दिन किसी धर्मनगरी में बिताने की है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि माई, वृंदावन या काशी या जहां भी रहने की इच्छा हो, बता दो। सारी व्यवस्था हम कर देंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस वृद्ध महिला की सम्मान सहित देखभाल की जाए और जिस भी जगह यह जाना चाहती हैं, वहां भेजकर रहने और अन्य जरूरतों की सभी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### गोरखपुर में बनेगा फॉरेस्ट्री कॉलेज

**गोरखपुर.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज रेंज के भारीवैसी में स्थापित दुनिया के पहले जटायु राजगिद्ध (रेड हेडेड वल्चर) संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने वन विभाग को गोरखपुर में एक फॉरेस्ट्री कॉलेज बनाने का निर्देश दिया। कॉलेज में वन संबंधित पढ़ाई के लिए डिग्री और डिप्लोमा के पाठ्यक्रम चलाए जा सकेंगे। इससे वन विभाग की आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न पदों पर युवाओं को नौकरी भी मिल सकेगी। साथ ही यह फॉरेस्ट्री को विकसित करने और वन संरक्षण का बड़ा माध्यम भी बनेगा। मुख्यमंत्री ने इस केंद्र के निर्माण में योगदान देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

बसपा प्रमुख ने सोशल साइट एक्स पर किया पोस्ट

## महापुरुषों के मामले में राजनीति करना ठीक नहीं : मायावती

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ.** महाराष्ट्र के राजकोट किले में बीते माह छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने के मामले में राजनीति की भर्त्सना करते हुए बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा कि महापुरुषों के किसी भी मामले में सकारात्मक सोच रखनी चाहिए और इसकी आड़ में राजनीति से बचना चाहिए।

मायावती ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया किसी भी समुदाय व धर्म से जुड़े राजा, महाराजाओं, संतों, गुरुओं व महापुरुषों के किसी भी मामले में नकारात्मक नहीं बल्कि सकारात्मक सोच रखनी चाहिए तथा इसकी आड़ में कोई भी राजनीति करना ठीक नहीं।



उन्होंने कहा कि इनकी मूर्तियों को लगाने व नाम रखने आदि का भी इस्तेमाल, सकारात्मक नजरिए से होना चाहिए, ना कि इनकी आड़ में किसी भी प्रकार का द्वेष पूर्ण व राजनीतिक स्वार्थ छिपा होना चाहिए। जो अब देखने के लिए मिल रहा है। अति दुर्भाग्यपूर्ण।

बसपा अध्यक्ष ने कहा कि महाराष्ट्र की तरह अन्य किसी भी राज्य में खुद मूर्ति गिरने पर, संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ना कि इसकी आड़ में कोई राजनीति होनी चाहिए, तो यही बेहतर होगा।

### खनिज निरीक्षक पर हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**बांदा@पत्रिका.** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के मटौंध क्षेत्र में खनिज निरीक्षक की टीम पर हमला करने के दो नामजद आरोपी युवकों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार देर शाम उस समय हुई जब खनिज निरीक्षक गौरव गुप्ता खनिज के अवैध परिवहन की सूचना पर अपनी टीम के साथ हरदौनी गांव पहुंचे और अवैध खनिज परिवहन कर रहे छह ओवरलोड ट्रक पकड़ लिए। जहां रॉयल्टी की मांग करने पर डंपर मालिक ने झगड़ा शुरू कर दिया और कुछ लोगों के साथ अचानक खनिज अधिकारी पर हमला कर मारपीट शुरू की। जिस पर होमगार्ड राम सिंह ने उन्हें बचाने का प्रयास किया।

## देवरिया में महिला की चाकू से मार कर हत्या, सनसनी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**देवरिया.** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के गौरी बाजार क्षेत्र में शुक्रवार को एक महिला का धान के खेत में रक्त रंजित शव मिलने से सनसनी फैल गई। महिला की प्रेम प्रसंग में हत्या की बात सामने आ रही है।

एक महिला का शव गौरी बाजार क्षेत्र में बंसहिया नहर के किनारे धान के खेत मिला है। महिला की पहचान जिले के महुआडीह क्षेत्र के ग्राम रामपुर दुबे निवासी सरिता दुबे (40) पत्नी नितेश उर्फ डब्बू दुबे के रूप में हुई है। हत्यारे ने हत्या कर खुद थाना पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस, फारेंसिक टीम और डाग स्क्वाड के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी संदीप यादव को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के पति की करीब एक वर्ष पूर्व एक सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी। मृतका के दो बेटी और एक बेटा हैं। अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि जिले के गौरी बाजार क्षेत्र में 40 वर्षीय महिला की गला दबाकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## तारीख पर जा रहे युवक की बाइक रोक कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**एटा.** उत्तर प्रदेश में एटा जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में शुक्रवार को एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अलीगढ से अपने बहनोई ओमवीर के साथ एटा न्यायालय में तारीख करने बाइक पर आ रहे युवक विवेक यादव की कार सवार हमलावरों ने कुल्हाड़ी व डंडे से पीट-पीट कर और ईंटों से कुचल कर हत्या कर दी है। हत्या की सूचना पर कोतवाली देहात इंस्पेक्टर निर्दोष सिंह सेंगर, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेंद्र कुमार भारी पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। हमलावरों ने पीछे से कार से टक्कर मारकर गिराकर पहले बाइक गिरा दिया और फिर हमलावरों ने कुल्हाड़ी, डंडों व ईंटों से हमला कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक विवेक यादव पर कोतवाली देहात में अप्रेल 2024 में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप है कि मृतक विवेक यादव सहित तीन लोग कुछ महीने पहले जिरसमी नहर मे नहाने गए थे। वहां आरोप है कि विवेक यादव ने दो लोगों की नहर मे डुबाकर हत्या कर दी थी। इसी आरोप में कोतवाली देहात में मृतक पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में विवेक यादव के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल हुई थी। मामले में मृतक हाईकोर्ट से ज़मानत पर था।

### भाजपा नेता की हत्या के आरोपी गिरफ्तार

**बुलंदशहर@पत्रिका.** बुलंदशहर पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के दौरान पूर्व प्रधान की हत्या के दो आरोपियों को घायल हालत में गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने शुक्रवार को बताया कि सलेमपुर क्षेत्र में तीन बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की थी। इनमें दो बदमाश फरार हो गए जिसको लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अहमदगढ़ पुलिस को सूचना मिली कि बदमाशों को नहर पटरी पर जंगल में जाते देखा गया है। पुलिस ने चैकिंग के दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए जिन्हें रुकने का इशारा करने पर वह तेजी से भगाने लगे। पुलिस ने कुछ दूरी पर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

इटावा | छह दिन तक चलेगा मरम्मत का काम

# चंबल पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही 10 तक बंद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इटावा.** मध्य प्रदेश सीमा पर स्थित इटावा में क्षतिगस्त चंबल नदी पुल पर मरम्मत के लिए भारी वाहनों की आवाजाही 10 सितंबर तक बंद कर दी गई है। इटावा के डीएम अवनीश राय ने शुक्रवार को बताया कि चंबल पुल के पिलर नंबर 6 के बेयरिंग की मरम्मत के लिए पांच दिन पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है। 4 से 10 सितंबर तक पुल के क्षतिग्रस्त बेयरिंग की मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। अत्यधिक ओवरलोड वाहनों के गुजरने से चंबल पुल पर खामियां आती रहती हैं। 28 जून को इटावा के डीएम अवनीश राय ने शर्तो के साथ पीएनसी कंपनी को अनुबंध के आधार पर चंबल पुल से आवागमन शुरू करने की अनुमित दी थी। पीएनसी कंपनी ने एमपी हाईवेज की टीम शुक्रवार से क्षतिग्रस्त बेयरिंग की मरम्मत कार्य करेगी।

पुल की मरम्मत होने के दौरान बस, कार, बाइक आदि का आवागमन जारी रहेगा। इस पुल की देखरेख अनुबंध के तहत पीएनसी कंपनी के जिम्मेदारी पर है। जिस कारण यह इस बार मरम्मत कार्य पीएनसी ने एमपी हाईवेज कंपनी को इसकी मरम्मत कार्य करने के लिए सौंपा है।

कई बार इस पुल की करोड़ों रुपए की लागत से मरम्मत की जा चुकी है। उसके बावजूद भी आए दिन पुल में कोई ना कोई कमी सामने आ जाती है जिससे यूपी एमपी को आने जाने वाले भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है।



### 28 जून को संचालन की इजाजत दी

**गौरतलब है** कि चंबल नदी पुल पर एक वर्ष तक भारी वाहनों के आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया था लेकिन पीएनसी टोल प्लाजा कंपनी की ओर से लगातार प्रयास के चलते इटावा जिलाधिकारी ने अनुबंध के तहत 28 जून को भारी वाहनों को संचालित करने की इजाजत दी थी लेकिन दो माह तक चंबल नदी पुल पर भारी वाहनों के आगमन से चंबल नदी के पुल में लगे बेयरिंग का लॉक खुल जाने के चलते पुल पर भारी वाहनों का आवागमन पांच दिन के लिए रोका गया है।

## बिहार-झारखंड अपडेट
BIHAR-JHARKHAND UPDATE

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# 2005 से पहले और उसके बाद का बिहार अमावस्या-पूर्णिमा की तरह

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार की पूर्ववर्ती कांग्रेस-राजद सरकार पर जमकर हमला बोला वहीं मौजूदा नीतीश सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य की वर्ष 1990 से 2005 तक और उसके बाद से अबतक की विकास यात्रा अमावस्या और पूर्णिमा की तरह है।

नड्डा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में शुक्रवार को इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आइजीआइएमएस) परिसर में 188 करोड़ की लागत से नवनिर्मित क्षेत्रीय चक्षु संस्थान और स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 850 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न परियोजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 1990 से 2005 और उसके बाद से अब तक की यात्रा कैसी रही है, इसको याद करेंगे तो अमावस्या और पूर्णिमा के बीच का अंतर पता चल जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ष 1980 और 1990 के दशक में पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (पीएमसीएच) की क्या हालत थी, यह सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनी तो पीएमसीएच की हालत सुधारी। आज पीएमसीएच 5462 बेड का दुनिया का दूसरा बड़ा अस्पताल बन रहा है।

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि आइजीआइएमएस में क्षेत्रीय चक्षु संस्थान के उद्घाटन का सौभाग्य मिला। बहुत ही संयोग की बात है कि जब पिछली बार स्वास्थ्य मंत्री था तो अंतिम शिलान्यास 2019 में यहीं किया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में शिलान्यास किया था और इस बार स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद पहला उद्घाटन भी इसी आइजीआइएमएस में कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि इस इंस्टीट्यूट के इतिहास को खंगालेंगे तो पता चलेगा कि शुरुआत से 2005 तक आइजीआइएमएस की क्या हालत थी और 2005 के बाद अब तक इस अस्पताल ने विकास की कैसी छलांग लगाई है। आप जब इसके विकास पर ध्यान देंगे तो एनडीए सरकार के मील का पत्थर देंगे।



गणेश पूजा

## 189 स्थलों पर दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**दरभंगा.** बिहार के दरभंगा जिले में गणेश पूजा को लेकर 189 स्थलों पर हुई दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। दरभंगा के जिला दण्डाधिकारी राजीव रौशन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी ने गणेश पूजा 2024 को शांतिपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में मनाने के लिए संयुक्त आदेश जारी किया है।

गणेश पूजा 7 से 17 सितंबर तक मनाए जाने की सूचना है। गणेश पूजा हिंदू समुदाय के लोग मानते हैं। गणेश पूजा के अवसर पर कई जगह मेले का भी आयोजन किया जाता है। दरभंगा जिला दण्डाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उक्त पर्व के अवसर पर गुप्त सूचना संग्रहण करना स्थानीय पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण दायित्व होगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त होती है, तो उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसकी सूचना तुरंत जिला दण्डाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक को देना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि उक्त अवसर पर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधज्ञा लागू की गई है।गणेश पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था व्यवस्था, तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने हेतु आसूचना संकलन करते हुए पर्याप्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है।

### कोडरमा : ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला समेत दो लोगों की मौत

**कोडरमा.** झारखंड में कोडरमा जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि नवलशाही थाना के समीप तेज ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। मृतक की पहचान ताराटांड़ निवासी मन्नुवर अंसारी (19) एवं रजिया खातून (35) वर्ष के रूप में की गई है।

सूत्रों ने बताया कि घटना से आक्रोशित मृतकों के परिजनों ने सड़क को जाम कर दिया। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझा कर रास्ते को सुचारू करवाया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया गया है।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**छपरा@पत्रिका.** बिहार में सारण जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस के अनुसार जिले के दरियापुर थाना क्षेत्र के दरिहरा चतुर्भुज गांव निवासी और परसा के राजद विधायक छोटेलाल राय के चाचा अरविंद प्रसाद (65) बाइक से एक अन्य व्यक्ति के साथ अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान भेल्दी थाना क्षेत्र के भेल्दी चौक पर अनियंत्रित ट्रक ने पहले एक ऑटोरिक्शा को टक्कर मारने के साथ ही बाइक सवार में भी टक्कर मार दी। घटना में अरविंद सहित बाइक सवार दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। लोगों ने दोनों को गड़खा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां अरविंद को मृत घोषित कर दिया।

नए उपमहानिरीक्षक ने संभाला पदभार

## अपराध पर नियंत्रण पहली प्राथमिकता : राजेश कुमार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**दरभंगा.** दरभंगा प्रक्षेत्र के नए पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश कुमार ने कहा कि अपराध पर नियंत्रण एवं पीड़ितों को न्याय दिलवाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। निवर्तमान पुलिस उपमहानिरीक्षक बाबूराम से प्रभार लेने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए नव पदस्थापित पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश कुमार ने कहा कि अपराध पर नियंत्रण किया जाएगा, जिससे आम नागरिक सुरक्षित रहें। अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अपराधियों पर लगाम लगाने पर विशेष नजर रहेगी। अपराध करने वाले, कराने वाले उनके संरक्षकों पर विशेष नजर रहेगी। उन अपराधियों को चिन्हित कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाना भी उनकी प्राथमिकता है। फरार चल रहे वारंटी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेंज के तीनों जिलों दरभंगा, समस्तीपुर एवं मुजफ्फरपुर में पुलिसिंग को और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रियता को बढ़ाने और थाना क्षेत्र में गस्ती मुस्तैदी से करवाया जाएगा। ताकि हर जगह पुलिस नजर आए यदि कोई घटना घटे तो पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंच सके। उनकी कोशिश रहेगी मिथिला क्षेत्र के तीनों जिलों दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर में पूरी तरह शांति बनी रहे।

### सेना के जवानों ने दिखाए करतब








**रांची.** मोरहाबादी मैदान में शुक्रवार को सशक्त सेना-समृद्ध भारत प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान सेना के जवानों के करतब कई तरह के करतब दिखाए। इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मौजूद थे।

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। **–वाल्तेयर**

राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# वाहन चलाते समय सुरक्षा चुनिए, मोबाइल नहीं

देश के विभिन्न भागों में सड़क हादसों में मौतों का ग्राफ जिस तरह से बढ़ रहा है, वह न केवल चिंताजनक है, बल्कि इस बात का भी संकेत है कि इस तरह के हादसे रोकने के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं, वे बेअसर साबित हो रहे हैं। मोबाइल ने भी इस तरह के हादसों की संख्या और बढ़ा दी है। हालत यह है कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग, लाल बत्ती तोड़ने की तुलना में चार गुना अधिक मौतों का कारण बन रहा है। साथ ही आइआइटी दिल्ली के परिवहन अनुसंधान और चोट निवारण केंद्र (टीआरआइपीसी) के अध्ययन में यह भी खुलासा हुआ है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर सबसे ज्यादा जानें जा रही हैं।

मोबाइल की वजह से हो रहे सड़क हादसों को रोकने के लिए मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम 2019 में प्रावधान भी किया गया है। 1 सितंबर 2019 को पूरे देश में नया मोटर वाहन अधिनियम लागू हुआ था। इस अधिनियम के लागू होने के बाद से ही देश के विभिन्न भागों में ट्रैफिक चालान से अर्जित राशि में तो बढ़ोतरी हुई है, लेकिन हादसों में कमी नहीं आई है। वाहन चलाते समय मोबाइल के इस्तेमाल की वजह से होने वाले हादसे भी नहीं रुक रहे हैं। मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम 2019 में प्रावधान है कि गाड़ी चलाते वक्त दोनों हाथ फ्री होने चाहिए। मोबाइल तो छोड़िए किसी भी तरह का सामान भी आपके हाथ में नहीं होना चाहिए। वाहन चालक हैंड्स-फ्री कम्युनिकेशन फीचर का जरूर इस्तेमाल कर सकता है। असल में इस तरह का प्रावधान इसलिए किया गया, जिससे वाहन चालक का संतुलन नहीं गड़बड़ाए और वह सुरक्षित तरीके से गाड़ी चला सके। इसके बावजूद वाहन चालक समस्या की गंभीरता नहीं समझ रहे और वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल करने से बाज नहीं आ रहे। साफ है कि सिर्फ नियम-कानून बनाने से काम नहीं चलने वाला। इनकी सख्ती से पालना करवाने के साथ लोगों में जागरूकता पैदा करने की भी जरूरत है।

बेशक, आज मोबाइल लग्जरी नहीं, बल्कि लोगों की जरूरत बन गया है। लेकिन इसके इस्तेमाल को लेकर सजगता नहीं बरती जा रही है। इसके जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में तो इजाफा किया ही है, पारिवारिक-सामाजिक संबंध भी प्रभावित हो रहे हैं। अब यह नया अध्ययन सामने आया है कि मोबाइल के कारण सड़क हादसों में जान गंवाने वालों की संख्या भी बढ़ रही है, तो मोबाइल के इस्तेमाल को लेकर सतर्कता और सजगता बरतने पर ध्यान देना आवश्यक हो गया है। खुद की और दूसरों की जान बचाने के लिए वाहन चालक मोबाइल से दूर ही रहें।

**गर्भस्थ शिशु का मां के साथ सम्बन्ध नाभि से ही जुड़ा रहता है।** पांचों महाभूत नाभि द्वारा ही पोषित किए जाते हैं। श्वास-प्रश्वास क्रिया में नाभि-क्षेत्र ही 'धौंकनी' की तरह कार्य करता है। श्वास का बाहरी ओर पेट फुलाना प्रसार तथा भीतर को समेटना संकुचन है। यही नर-मादा भाव है।

# ब्रह्म विवर्त का आधार : युगल तत्त्व



गुलाब कोठारी
प्रधान संपादक
पत्रिका समूह
@patrika.com



शरीर ही ब्रह्माण्ड

पुरुष के शरीर का सप्तम् धातु शुक्र है जो मन का निर्माण करता है। इसी क्रम में स्त्री के मन का भी निर्माण होता है। देह के धातु-निर्माण की व्यवस्था भिन्न प्रकार की स्थूल व्यवस्था है। जीव की यात्रा की स्थूल व्यवस्था नहीं हो सकती। जीव पुरुष शरीर में हृदय में प्रतिष्ठित रहता है।

मैं अर्द्धनारीश्वर हूं। पुरुष हूं तो आधी नारी भी हूं। नारी हूं तो आधा पुरुष भी हूं। किसको अपना गौण भाग याद रहता है। सब अपने प्रधान भाव का ही पोषण करते हैं। जीवन स्वतः ही असंतुलित हो जाता है। जबकि हमारा श्वास-प्रश्वास भी अर्द्धनारीश्वर के सिद्धान्त पर ही शरीर का पोषण करता है। दायां नाक उष्ण (पुरुष) तथा बायां नाक शीतल (स्त्री) रूप है। मस्तिष्क के भी दो भाग हैं और आधे-आधे शरीर का संचालन करते हैं।

अधिभूत संस्था में सूर्य-चन्द्रमा में दाम्पत्य भाव है। सूर्य और पृथ्वी का भी दाम्पत्य भाव है। सूर्य विष्णु है और पृथ्वी को लक्ष्मी कहा है। सूर्य जगत का पिता है, धरती माता है। सूर्य से प्राण निरन्तर शरीर में आते-जाते हैं। इसी तरह पृथ्वी के प्राण भी निरन्तर आते-जाते हैं। दोनों प्राणों के आवागमन की दिशा विपरीत है। इन दोनों का अध्यात्म जगत से सम्बन्ध स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है क्योंकि हमारे शरीर में दायीं नासिका सूर्य नाड़ी तथा बायीं नासिका चन्द्र नाड़ी है। यह अर्द्धनारीश्वर रूप शरीर और प्राण दोनों में समझ आता है। स्थूल प्राणों का केन्द्र नाभि है। नाभि का अर्थ भी केन्द्र ही होता है। गर्भस्थ शिशु का मां के साथ सम्बन्ध नाभि से ही जुड़ा रहता है। पांचों महाभूत नाभि द्वारा ही पोषित किए जाते हैं। श्वास-प्रश्वास क्रिया में नाभि-क्षेत्र ही 'धौंकनी' की तरह कार्य करता है। श्वास का बाहरी ओर पेट फुलाना प्रसार तथा भीतर को समेटना संकुचन है। यही नर-मादा भाव है। हम सभी अनभिज्ञ हैं। साधारणतः चर्या में कहां इस तरह का विचार होता है। हम तो कृष्ण के इस उद्घोष को भी नहीं समझ पाते कि हम स्वयं ईश्वर हैं–

**ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति।**
**भ्रामयन्सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया॥** (गीता 18.61)

यह शाश्वत सिद्धान्त है कि अग्नि के केन्द्र में सोम तथा सोम के केन्द्र में अग्नि रहता है। पुरुष के भीतर स्त्री तथा स्त्री के भीतर पुरुष रहता है। यह भी अर्द्धनारीश्वर का ही उदाहरण है। ये सारे तथ्य प्रत्येक व्यक्ति के शरीर में उपलब्ध रहते हैं।

नया निर्माण ही यज्ञ का लक्ष्य होता है। इसी को ब्रह्म का विवर्त कहते हैं। इस यज्ञ का आधार है योषा-वृषा तत्त्व। यही क्रमशः सोम और अग्नि हैं। मूल में दोनों एक ब्रह्म ही हैं। एक ही दो बनकर विवर्त बनाते हैं। विवर्त का आरंभ तो ऋत भाव का सत्य रूप होना ही है। गतिरूप सोम का स्थिति रूप अग्नि में मातरिश्वा वायु द्वारा आहुत होना ही आरंभ है। इसी से केन्द्र रूप अग्नि की सोम रूप परिधि बनती है। अव्यक्त संस्था का विकास होता है। इसी का यज्ञ रूप से व्यक्त भाव बन जाता है जिसे अव्यय पुरुष कहते हैं। यही ब्रह्म का पहला विवर्त है। स्वयंभू तत्त्व है। आग्नेय है, ऋषि प्राणरूप है। इसी के तपन और स्वेदन से जल (सलिल रूप) आपः बनता है। आपः में स्नेहन पैदा हो जाता है। यहां अग्नि-सोम दोनों ही तत्त्व साथ रहने लगते हैं। जब अग्नि अधिक हो जाता है तब इसे अंगिरा कहते हैं। सोम की अधिकता भृगु तत्त्व है। आगे की सृष्टि के दो ही आधार हैं।

अग्नि में सोम को मातरिश्वा वायु आहुत करता है। किन्तु इस यज्ञ से भी सृष्टि नहीं होती। यहां- परमेष्ठी लोक में- भृगु, अंगिरा के साथ तीसरा मनोता भी होता है- अत्रि प्राण। यह पारदर्शिता को बाधित करने वाला प्राण है। भृगु-अंगिरा यज्ञ का बिम्ब इसी अत्रि प्राण पर पड़ता है। यह क्रिया महःलोक के अन्तरिक्ष में होती है। यहीं जीवात्मा की उत्पत्ति है– **ममयोनिर्महद् ब्रह्म तस्मिन गर्भं दधाम्यहम्।** (गीता)

यहां अग्नि और सोम दोनों ही ब्रह्म हैं। मूल में एक हैं, दिखाई दो दे रहे हैं। निर्माण में सहायक तत्त्व अत्रि आकृति का जन्मदाता है। अग्नि-सोम से अहंकृति एवं प्रकृति बनती है। अग्नि-सोम दोनों आकृति में गर्भित रहते हैं। सूक्ष्म स्तर पर अत्रि ही योनियों का धारक बनता है। आगे चलकर स्थूल जगत में अत्रि ही जननी का रूप लेता है। विश्व में जो कुछ है वह ब्रह्म ही है–**'एकोऽहं बहुस्याम् प्रजायेय'** का यही अर्थ है। पंचाग्नि का सिद्धान्त इसकी पुष्टि करता है।

अग्नि और सोम मिलकर (एकाकार होकर) ही ब्रह्म हैं। ब्रह्म का बीज रूप बनाते हैं। अक्षर पुरुष ही क्षर पुरुष (ब्रह्म) रूप में सृष्टि रूप लेता है। हृदय के ब्रह्मा, विष्णु, इन्द्र ही अक्षर से क्षर में प्राण-आप-वाक् बनते हैं। अग्नि-सोम यहां क्रमशः अन्नाद (अग्नि) तथा अन्न (सोम) बनते हैं। मन-प्राण-वाक् ही आत्मा है। अन्न-अन्नाद देह है। पृथ्वी पर युगल सृष्टि नर-मादा के रूप में दृष्टिगोचर होती है। ब्रह्म ही पुरुष रूप में आगे बढ़ता है। प्रकृति के अनुरूप और आकृति के अनुरूप योनियों का निर्माण होता जाता है। आगे के जन्मों में पूर्व-पूर्व जन्मों के कर्मफल भी प्रभावी होते जाते हैं। वैसी ही आकृतियां (विवर्त) बनती जाती हैं।

पुरुष का आश्रय शुक्र संस्था है। शुक्र की प्रतिष्ठा स्त्री है। अकेला ब्रह्मा सृष्टि का निर्माण नहीं कर सकता। उसने उपकरण रूप में स्त्री बनाई। उसके पास जाकर कहता है–''मैं यह हूं, तू वह है। तू वह है, मैं यह हूं। मैं सोम हूं, तू ऋक् है। मैं द्यौ हूं, तू पृथ्वी है। आओ! हम तुम दोनों मिलें। पुत्र की उत्पत्ति के लिए अपने वीर्यों को मिलावें।'' (शत. 14-9-4-19)

''विष्णु योनि बनावे, त्वष्टा रूप बनावे। प्रजापति सींचे, धाता गर्भ धारण करावे। (सभी आदित्यों के नाम)। हे सिनीवाली (अमावस्या), गर्भ धारण कर! दोनों अश्विन देव (कमल की माला वाले) गर्भ धारण करावें।''

बड़े रहस्य की बात यह है वर्षण करने वाला वृषा (पुरुष) ब्रह्म के सूक्ष्म अंश का धारक है तथा गर्भधारक योषा (स्त्री) स्थूल स्वरूप में है। आत्मा प्राण रूप है। उसे स्थूल शरीर देने के लिए मादा की आवश्यकता पड़ती है। जीवात्मा बीजरूप में पुरुष शरीर में ही आता है। पुरुष का ही बीज (ब्रह्म) होता है। स्त्री का बीज पिता के शरीर में ही रह जाता है। बाद में उसे पति के शरीर में स्थापित किया जाता है। पति के शरीर में पिता और श्वसुर दोनों के बीज समाहित हो जाते हैं। स्त्री धरती मां रहती है।

पुरुष के शरीर का सप्तम् धातु शुक्र है जो मन का निर्माण करता है। इसी क्रम में स्त्री के मन का भी निर्माण होता है। देह के धातु-निर्माण की व्यवस्था भिन्न प्रकार की स्थूल व्यवस्था है। जीव की यात्रा की स्थूल व्यवस्था नहीं हो सकती। जीव पुरुष शरीर में हृदय में प्रतिष्ठित रहता है। शुक्र में शरीर का सम्पूर्ण रूप (देह) समाहित रहता है। इसी में शुक्राणु पैदा होता है। शुक्राणु का शुक्र ही पुंभ्रूण बनता है।

स्त्री शरीर में शोणित ही आर्तव रूप में अत्रि प्राण को धारण करता है। इसका केन्द्र गर्भाशय में डिम्ब होता है। शुक्र भृगु कहलाता है। आपः-वायु-सोम ही भृगु तत्त्व हैं। शुक्र का घन भाग आपः है। वायु द्वारा आपः का आधान होता है। आपः के शुक्राणु पुनः अग्नि में आहुत होते हैं। यहीं से वायु (मातरिश्वा) पुंभ्रूण को लेकर स्त्रीभ्रूण (डिम्ब) तक जाता है। यहां अत्रि प्राण पर जीव (अग्नि-सोमात्मक) का प्रतिबिम्ब पड़ता है। शोणित के बुदबुद में जीव नई यात्रा के लिए तैयार हो जाता है। कलल रूप में जीव बड़ा होने लगता है। कलल ही जीव का शरीर बनता है। समय पाकर प्रसवकाल में बाहर आ जाता है। चेतनायुक्त जीव का आश्रय पुरुष शरीर है। वही बीजी कहलाता है। इसी बीज में ब्रह्म के प्राण रहते हैं। स्त्री-पुरुष दोनों के पिता के बीज पुनः पुरुष शरीर में ही स्थापित होते हैं। स्त्री तो शरीर मात्र का निर्माण करने, मानव रूप में संस्कारित करने के लिए ही पैदा की जाती है। शरीर निर्माण और उसका पोषण भी मृत्युपर्यन्त स्त्री ही प्राण रूप में करती रहती है। ब्रह्म इस शरीर में प्राण रूप में व्याप्त रहता है। वही नए बीज के रूप में स्वयं को तैयार करता है। जब तक शरीर है, ब्रह्म इसका उपयोग करता है। अपनी मनुष्य योनि के लक्ष्य को सम्पूर्ण करके अगली योनि में–नए शरीर में चला जाता है। **क्रमशः**

gulabkothari@epatrika.com

क्यूआर कोड को स्कैन कर आप आलेख सुन भी सकते हैं।



## आर्ट एंड कल्चर

# लौट रहा, कथाओं में घुला दृश्य-कला जग

### यह सच है कि कथा कहती छवियां मन पर गहरा असर करती हैं

इस वर्ष के आरंभ में हुए एक सर्वे में पाया गया है कि भारतीय युवाओं में कॉमिक्स पढ़ने की रुचि में तेजी से बढ़त हो रही है। युवा सुपर हीरो बैटमैन, सुपरमैन, स्पाइडर मैन आदि की चित्रकथाओं के साथ ही जापानी चित्रकथाओं, जिन्हें 'मांगा' कहा जाता है को बहुत पसंद करते हैं। कॉमिक्स छवियों संग शब्दों के सुनियोजित मेल से जुड़ी दृश्य कला है। शब्द संग संकेतों में घुला दृश्य-जग। सहज संप्रेष्य। अमरीका में पिछले वर्ष शिक्षण संस्थाओं में विषयों को पढ़ाने के लिए उनका कॉमिक्स रूपान्तरण किया गया। विद्यार्थियों ने इसे बहुत पंसद किया।

हमारे यहां 'अमर चित्र कथा' घर-घर चाव से पढ़ी जाती रही हैं। लोकाख्यानों से लेकर पुराणों, मिथकों और किंवदतियों का अनुपम संसार इसी के जरिए बहुत से स्तरों पर बच्चों से लेकर बड़ों तक सहज पहुंचा। इन चित्रकथाओं की धूम सी मच गई थी। पर यह कार्य आसान कहां था। 'अमर चित्र कथा' सर्जक थे-अनंत पै। एक दिन अनंत पै ने जब दूरदर्शन पर प्रसारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम देखा तो अंदर से हिल गए। प्रतिभागियों ने ग्रीक पौराणिक कथाओं से जुड़े सवालों के जवाब तो तुरंत दे दिए, लेकिन भारतीय पौराणिक कथाओं से जुड़े एक भी सवाल का जवाब नहीं दे पाए। तभी अनंत पै ने तय कर लिया कि वह कुछ करेंगे। उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ 'अमर चित्र कथा' की शुरुआत की। बाद में 'अमर चित्र कथा' घर–घर में लोकप्रिय हो गई। अनंत पै ने झांसी की रानी, शिव, कार्तिकेय, गणेश, कृष्ण और शिशुपाल, ह्वेन सांग आदि चरित्रों के साथ ज्ञान की भारतीय परम्परा से जुड़े विषयों को चित्रकथाओं में पिरोया। वह दौर भी आया जब अमर चित्र कथा के 86 मिलियन से ज्यादा संस्करण बिके। राजस्थान में भी ब्रजराज राजावत ने मूमल महेन्द्रा, पद्मिनी, लोक देवता बाबा रामदेव, सैणी बीणा, सुक्खा ठग, अमृता देवी का बलिदान जैसी और भी बहुत सारी सुंदर चित्रकथाएं सिरजी हैं। पर व्यावसायिक दृष्टि और पहुंच की सीमा के कारण वे पाठकों तक ढंग से पहुंच नहीं पाईं।



डॉ. राजेश कुमार व्यास
संस्कृतिकर्मी, कवि और कला समीक्षक
@patrika.com

इधर देश की नई शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षा के सभी स्तरों के पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परम्परा को सम्मिलित कर पढ़ाने की नीति पर जोर दिया गया है। सवाल यह उठता है कि क्या यह सहज संभव है? मुझे लगता है, कॉमिक्स से इसमें काफी मदद मिल सकती है। बच्चों ही नहीं बड़ों पर भी दृश्य-शब्द प्रभाव गहरा असर करते हैं। छवियों संग यदि शब्द पढ़े जाएं तो वे स्मृति में लम्बे समय तक जीवंत रहते हैं। पाठकीय बोझिलता वहां समाप्त जो हो जाती है। यही वजह है कि विश्वभर में कथा-कहानियों के पुस्तक संस्करणों से कहीं अधिक ग्राफिक उपन्यासों का रुझान बढ़ रहा है।

युवाओं के लिए जितनी रोचक सुपरहीरो और रहस्य–रोमांचक चित्रकथाएं हैं, उतनी ही भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़े विषय हो सकते हैं, बशर्ते उन्हें 'अमर चित्र कथा' की तर्ज पर प्रस्तुत किया जाए। कुछ समय पहले चुनाव आयोग ने मतदान-जागरूकता के लिए ऐसा सफल प्रयोग किया था। कॉमिक बुक 'चाचा चौधरी और चुनावी दंगल' के जरिए युवाओं को अपना नामांकन करने और भाग लेने के लिए प्रेरित करने की पहल हुई थी। यह सच है, कथा कहती छवियां मन पर गहरा असर करती हैं।

## आपकी बात

### रिसाइक्लिंग पर ध्यान दिया जाए

**आवश्यकतानुसार** ही प्लास्टिक का उत्पादन और उपभोग किया जाए। साथ ही प्लास्टिक सामग्री अनुपयोगी होने पर रिसाइक्लिंग की जाए। इसके लिए आधुनिक मशीनों की व्यवस्था आवश्यक है। प्लास्टिक का सीमा से अधिक उपयोग करने से होने वाले नुकसान के बारे में उपभोक्ताओं को जागरूक भी किया जाए।

**-बी. एल. शर्मा**, उज्जैन, मप्र

### विकल्प तलाशने की जरूरत

**प्लास्टिक** से निर्मित उत्पादों पर सरकारी स्तर पर प्रतिबंध लगाकर इसकी सख्ती से पालना करवाई जाए। आम जनता को प्लास्टिक उत्पादों से पर्यावरण प्रदूषण और जीव जगत के स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल असर के बारे में जागरूक किया जाए। इसके लिए अभियान चलाया जाए। साथ ही प्लास्टिक का विकल्प तलाशना होगा।

**-रमेश गोस्वामी**, राजगढ़,अलवर

### निर्माण पर रोक लगाई जाए

**आज** हर एक चीज प्लास्टिक में ही पैक होकर आ रही है, भले ही वह नमक हो या शक्कर, चाय हो या आटा। इससे भी प्लास्टिक कचरा बढ़ रहा है। सरकार प्लास्टिक के इस्तेमाल और निर्माण पर चरणबद्ध तरीके से रोक लगाए। साथ ही इसका कोई सटीक विकल्प तलाशने के लिए अनुसंधान को प्रोत्साहन किया जाए।

**-राकेश मोहनलाल कुमावत**, देवास, मप्र

### पैकिंग में प्लास्टिक कम करें

**थोक** व फुटकर विक्रेताओं को सामान पैक करने के लिए प्लास्टिक की सामग्री का उपयोग नहीं करके कपड़े तथा कागज की सामग्री का इस्तेमाल करना चाहिए। नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। पॉलिथीन थैलियों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। बेहतर तो यह है कि प्लास्टिक के सामान का कम से कम इस्तेमाल करें।

**-प्रदीप कुमार छाजेड़**, जोधपुर

## आज का सवाल

**रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने में भारत क्या भूमिका निभा सकता है?**

ईमेल करें: edit@epatrika.com

**पिछला सवाल था: प्लास्टिक कचरे को कम करने के लिए क्या किया जाना चाहिए?**

**यूएस इलेक्शन :** प्रेसिडेंशियल डिबेट

# दिव्यांग वोटरों के बारे में भी सोचें हैरिस-ट्रंप

आगामी प्रेसिडेंशियल डिबेट के दौरान एक के बोलने पर दूसरे के माइक्रोफोन को म्यूट किया जाएगा या नहीं, इस पर बहस करने के बजाय उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को इस बात की चिंता करनी चाहिए कि 10 सितंबर के लाइव प्रसारण के दौरान उन लाखों अमरीकियों के लिए उन्हें अनिवार्य रूप से म्यूट किया जा सकता है, जो ठीक से सुन नहीं पाते हैं! कानूनन, ब्रॉडकॉस्टर्स के लिए क्लोज्ड कैप्शनिंग के साथ अधिकांश कार्यक्रमों को प्रसारित करना आवश्यक है, फिर भी लाइव राजनीतिक कार्यक्रमों के दौरान सेवा में अक्सर देरी होती है और इसमें त्रुटियां होती हैं। भले ही कई बधिर लोग अमरीकी सांकेतिक भाषा में धाराप्रवाह हैं, पर जो लोग बधिर हैं या कम सुनते हैं उन्हें अक्सर अंग्रेजी में पढ़ने में अधिक संघर्ष करना पड़ता है।



बीना वेंकटरमन
स्तम्भकार
द वाशिंगटन पोस्ट
से विशेष अनुबंध के तहत

राष्ट्रपति बाइडन और ट्रंप के बीच 27 जून को जो बहस हुई थी, उसके लाइव सांकेतिक भाषा के लिए 90 दिव्यांग संगठनों के समूह ने सीएनएन से दुभाषियों की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की थी, पर उन्हें यह सुविधा नहीं मिली। वे अब बहस का आयोजन करने वाले एबीसी नेटवर्क से ऐसा ही आग्रह कर रहे हैं। दिव्यांगों के अधिकारों को बढ़ावा देने वालों का तर्क है कि बहस के मेजबान को न केवल उन सैकड़ों हजारों अमरीकियों के लिए दुभाषिए उपलब्ध कराने चाहिए जो सांकेतिक भाषा जानते हैं, बल्कि सिर्फ सुनने वालों के लिए भी। यह याद दिलाता है कि मतदाताओं में अलग-अलग योग्यता वाले लोग हैं। (रटगर्स यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन में दिव्यांग लोगों के बीच मतदान में वृद्धि पाई गई। बताया गया कि मध्यावधि चुनाव 2022 में 1.58 करोड़ अमरीकी दिव्यांग नागरिकों ने मतदान किया था।)

लेकिन ऐसा करने का एक और कारण है: बहस को बेहतर बनाना। पिछले वर्ष, मैंने लंदन में शेक्सपियर का एक हास्य नाटक 'एज यू लाइक इट' देखा था। नाटक में बधिर अभिनेत्री रोज आयलिंग-एलिस के चेहरे के भावों और संकेतों ने न सिर्फ नाटक के पात्र को सजीवता दी बल्कि कैप्शन ने नाटक देखने-सुनने का अनुभव आसान और समृद्ध बना दिया। निस्संदेह, हैरिस और ट्रंप के बीच बहस शेक्सपियर के नाटक की पंक्ति- 'वर्ड्स विदआउट थॉट्स नेवर टु हैवेन गो' (यानी जब मैं हृदय के बिना ईश्वर से बात करता हूं, तो शब्द उन तक नहीं पहुंच पाते) की तरह नहीं होगी लेकिन नाटक की तरह बहस का यह मंच लाभकारी हो सकता है।

अमरीकी सांकेतिक भाषा के दुभाषिए लाइव राजनीतिक घटनाओं को तेजी से प्रस्तुत कर रहे हैं। इससे मतदाताओं के उस हिस्से तक पहुंच आसान हुई है जिन्हें अक्सर नजरअंदाज किया जाता रहा है। दुभाषिए ट्रंप को दिव्यांग दिग्गजों के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां करने से या हैरिस को दिव्यांगों के लिए अस्पष्ट नौकरियों (ऐसे कर्मचारी की तलाश जो सभी तरह के काम करे) की योजना पेश करने से तो नहीं रोक सकते, पर निश्चित ही उनकी मौजूदगी विकलांगता से ग्रस्त अमरीकी वयस्कों के हित में होगी।

## इंडोनेशिया : माउंट ब्रोमो के मुहाने पर रक्षा करते प्रथम-पूज्य

**इंडोनेशिया** के पूर्वी जावा में स्थित सक्रिय 'सोमा ज्वालामुखी' माउंट ब्रोमो, टेंगर पर्वत का हिस्सा और एक हिंदू तीर्थ स्थल है। ब्रोमो नाम ब्रह्मा के जावानीस उच्चारण से आया है, जो सृष्टि के हिंदू देवता हैं। क्रेटर के मुहाने पर, ज्ञान और बुद्धि के हिंदू देवता श्रीगणेश की एक मूर्ति है, जिसकी पूजा जावानीस हिंदू करते हैं। माउंट ब्रोमो 'सी ऑफ सैंड' नामक मैदान के बीच में स्थित है, जो 1919 में संरक्षित किया गया एक नेचुरल रिजर्व है। यह क्षेत्र पूर्वी जावा में सबसे अधिक देखे जाने वाले पर्यटन स्थलों में से एक है, और ज्वालामुखी ब्रोमो टेंगर सेमेरू राष्ट्रीय उद्यान में शामिल है।



**संतुलन, समन्वय और संतोष का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं एकदंत**

# लोकमंगल और प्रसन्नता के कर्ता हैं विघ्नहर्ता



अजहर हाशमी
कवि और साहित्यकार
@patrika.com

वेदों से लेकर पुराणों तक गणेश जी का उल्लेख है। गणेश जी की महिमा को ऋग्वेद के दूसरे मंडल के 23वें सूक्त के पहले मंत्र में संस्कृत में व्यक्त किया गया है, जिसका आशय है - 'हे गणों के अधिपति। हम तुम्हारा आह्वान करते हैं। तुम कवियों के कवि और सबसे अधिक कीर्तिमान हो। हे ब्रह्मज्ञान के अधिपति। तुम आध्यात्मिक ज्ञान के सर्वश्रेष्ठ राजा हो...' ऋग्वेद के इस संदर्भ में तो गणेश जी की महिमा का शास्त्रीय (और सैद्धांतिक) पक्ष दिखता है, पर उनकी लोकप्रियता का मुख्य कारण है, उनका 'प्रैक्टिकल' यानी व्यावहारिक होना। जैसे, सनातन धर्म में जब कुछ आरंभ किया जाता है, तो कहा जाता है 'श्रीगणेश किया जाए।' गांवों से शहरों तक की दुकानों में 'शुभ-लाभ' (गणेश जी के पुत्रों के नाम) लिखा जाता है।

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं, इसलिए प्रैक्टिकल हैं। यों भी कहा जा सकता है कि वह प्रैक्टिकल हैं, इसलिए प्रथम-पूज्य हैं। प्रथम-पूज्य क्यों हुए गणेश जी? इस प्रश्न का उत्तर सब जानते हैं, इसलिए संक्षेप में इतना ही कि पूरे ब्रह्मांड (पृथ्वी) का चक्कर जो देवता जल्दी से लगाकर आएंगे, वही पहले पूजे जाएंगे। सभी देवताओं के पास तीव्र गति वाले वाहन हैं, किंतु गणेश जी का वाहन मूषक (चूहा) है। गणेश जी ने बुद्धि से युक्ति खोजी, अपने माता-पिता (शिव-पार्वती) के चक्कर लगाकर उन्हीं के चरणों में बैठ गए। गणेश जी के इसी बुद्धि कौशल के कारण उन्हें प्रथम पूज्य घोषित किया गया। माता-पिता की परिक्रमा करके गणेश जी ने यह संदेश दिया कि संतान को अपने माता-पिता का सदैव आदर करना चाहिए। वर्तमान दौर में उपभोक्तावादी संस्कृति के कारण परिवारों में संतानों का अपने माता-पिता के प्रति उपेक्षा का व्यवहार 'वृद्धाश्रम' की बढ़ोतरी कर रहा है। यदि इस कथा का सकारात्मक संदेश ग्रहण कर लिया जाए, तो वृद्धाश्रम खोलने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

गणेश जी कितने व्यावहारिक हैं, उसके ये तीन उदाहरण काफी हैं पहला, संतुलन व समन्वय। गणेश जी मानव की देह व पशु (हाथी) के मस्तक का मिलन हैं। इस मिलन को उन्होंने अपनी व्यवहार-कुशलता से संतुलन और समन्वय का उल्लेखनीय उदाहरण बना दिया।

दूसरा, जितना मिला, उसी से संतोष। गणेश जी का एक नाम एकदंत भी है। एकदंत अर्थात एक दांत वाला। भगवान परशुराम से युद्ध में उनका एक दांत टूट गया था। (मतांतर से यह कि महाभारत लिखते समय कलम टूट जाने पर गणेश जी ने अपने दो दांतों में से एक को कलम बनाकर लिखा, जिससे वह घिस गया।) इस प्रकार, एकदंत होकर भी गणेश जी अनवरत कार्य कर रहे हैं। अभिप्राय यह है कि गणेश जी को जो मिला, जितना मिला, उसी में संतोष है।

तीसरा, गणेश जी प्रसन्नता के पॉवर हाउस हैं। विशेषकर नौजवानों की आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति इन दिनों समाचार पत्रों की सुर्खियां बन रही हैं। ऐसे युवाओं के लिए गणेश जी प्रेरणा के प्रकाशदाता हैं। वह कभी दुखी नहीं होते। सदैव प्रसन्न रहते हैं। वह विराट की आकांक्षा नहीं करते और लघु की उपेक्षा नहीं करते। यही कारण है कि वह दूब यानी घास (तृण) से पूजा में ही तृप्त हो जाते हैं और वाहन में मूषक (लघु जीव) से प्रसन्न रहते हैं।

# ॥ प्रणम्यं शिरसा देवं गौरीपुत्रं विनायकम : चतुर्थी पर छत्तीसगढ़ के प्राचीन गणेश दर्शन ॥

**सिद्ध गणेश मंदिर, नवागढ़**



8वीं शताब्दी का मंदिर

शमी गणेश जी के नाम से प्रसिद्ध।

**मदकूद्वीप में प्राचीन गणपति मंदिर, मुंगेली**



8वीं शताब्दी की गणेश प्रतिमा

प्रतिमा का कल्चुरी कालीन होने का अनुमान।

**कपिलेश्वर मंदिर, बालोद**



13वीं से 14वीं शताब्दी की प्रतिमा

मंदिर पुरातत्व व संस्कृति विभाग के संरक्षण में

**3000 फीट ऊंचाई पर स्थान, दंतेवाड़ा**



10वीं और 11वीं शताब्दी का होने का अनुमान

नाग वंशी राजाओं द्वारा बनाने की मान्यता।

**बारसूर में हैं जुड़वा गणेशजी की मूर्ति, दंतेवाड़ा**



11वीं शताब्दी की ये मूर्ति एक ही पत्थर से तराशी

दोनों प्रतिमाएं पुरातत्व विभाग के संरक्षण में।

रायगढ़

## चक्रधर समारोह में हेमा मालिनी की नृत्य नाटिका आज



**पत्रिका ब्यूरो @ रायगढ़.** 39वां चक्रधर समारोह का शुभारंभ शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थिति में होगा। समारोह में पहले दिन रायगढ़ कथक घराने के कलाकार व इस वर्ष पद्मश्री से नवाजे गए रामलाल को कथक घुंघरू सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में प्रख्यात अभिनेत्री एवं पद्मश्री हेमामालिनी राधा रास बिहारी नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देंगी।

लोकार्पण

## पीएम नवंबर में आ सकते हैं रायपुर



**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर के आसपास रायपुर दौरे पर आ सकते हैं। यहां वे नवा रायपुर में बन रहे शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक स्वतंत्रता सेनानी राज्य संग्रहालय के लोकार्पण कर सकते हैं। फिलहाल इस संग्रहालय का निर्माण तेजी से चल रहा है। करीब 45 करोड़ की लागत से 10 एकड़ में संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें 10 करोड़ राज्य सरकार और 35 करोड़ रुपए केंद्र सरकार का अंशदान है।

## एरिया डॉमिनेशन पर निकले दो जवानों पर गिरी बिजली, मौत

**पत्रिका ब्यूरो @ बारसूर.** दंतेवाड़ा जिले के बारसूर इलाके में एरिया डॉमिनेशन के लिए निकले दो सीआरपीएफ जवानों पर आकाशीय बिजली गिर गई। घायल जवानों का दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बता दें कि कारली से 111 बटालियन के 195 जवान एरिया डॉमिनेशन के लिए बारसूर की तरफ निकले थे और इसी दौरान तेज बारिश के साथ बिजली गिरी और दो जवान इसकी चपेट में आ गए।

**ईडब्ल्यूएस कोटे में खेल :** गरीब सवर्ण कोटे का सर्टिफिकेट बनाने का गोरखधंधा

# जिस नीट स्कोर पर रायपुर में प्रवेश, उसी पर अनरिजर्व को अंबिकापुर में

पत्रिका लगातार

**पीलूराम साहू**
patrika.com

**रायपुर.** जिस नीट स्कोर पर ईडब्ल्यूएस कोटे वाले छात्र को रायपुर में एमबीबीएस की सीट मिली है, उसी स्कोर पर अनरिजर्व केटेगरी के छात्र को रायगढ़ व अंबिकापुर में सीट मिली है। कहने का मतलब ये है कि ईडब्ल्यूएस का टैग लगने के बाद छात्रों को बड़ा फायदा होता है। यही कारण है कि संपन्न व करोड़पति के बच्चे भी ईडब्ल्यूएस कोटे के भरोसे डॉक्टर बनना चाहते हैं। कुछ ऐसे भी केस हैं, जिसमें छात्र तो ईडब्ल्यूएस कोटे से है, लेकिन अच्छे स्कोर के कारण उन्हें सरकारी मेडिकल कॉलेज में जनरल केटेगरी से सीट भी मिली है। अच्छी रैंक या टॉप में रहने वाले छात्रों को जनरल केटेगरी से सीट मिलती है। आरक्षण खत्म हो जाता है।





**प्रदेश में मेडिकल एजुकेशन में आरक्षण इस तरह**

| केटेगरी | आरक्षण फीसदी में |
|---|---|
| एसटी | 32 |
| ओबीसी | 14 |
| एससी | 12 |
| गरीब सवर्ण | 10 |
| कुल | 68 |

### ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट से निजी कॉलेजों में एडमिशन लेने पर सवाल

**पत्रिका** इस बात पर सवाल खड़ा कर रहा है कि ईडब्ल्यूएस कोटे का सर्टिफिकेट बनाकर निजी कॉलेजों में एडमिशन कैसे ले रहे हैं? अगर वे गरीब हैं तो रजिस्ट्रेशन फीस व सुरक्षा निधि की राशि 1.10 लाख रुपए कैसे जमा कर रहे हैं। यही नहीं वे निजी कॉलेजों की 33.52 से 36 लाख रुपए तक ट्यूशन फीस भी कैसे जमा कर सकते हैं? ये सवाल न केवल पत्रिका का है, बल्कि जानकार व कई डॉक्टरों ने भी उठाए हैं। गरीब सवर्ण कोटे वाले 6 छात्रों ने निजी कॉलेजों में प्रवेश भी ले लिया है। दरअसल पहले राउंड की काउंसलिंग में 5 सितंबर तक प्रवेश लेना था। पत्रिका की पड़ताल में पता चला है कि 2019 से इस कोटे के तहत हुए एडमिशन में गड़बड़ी हुई है, लेकिन कोई शिकायत नहीं होने के कारण कार्रवाई भी नहीं हुई है।

सोशल मीडिया से

### आरक्षण का दुरुपयोग हमेशा से : सीनियर डॉक्टर

**पत्रिका** में शुक्रवार को खबर प्रकाशित होने के बाद कुछ डॉक्टरों ने कमेंट भी किया है। एक सीनियर डॉक्टर ने लिखा है कि ये तो हमेशा से होता आ रहा है। आरक्षण में जो आगे बढ़ गए, उनके पोते-पोतियां आरक्षण का लाभ ले रहे हैं और गरीब उसी अवस्था में हैं। एक अन्य डॉक्टर ने लिखा मामले की जांच हो तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

गलत सर्टिफिकेट बनवाकर कोई गरीब सवर्ण कोटे से एडमिशन ले रहा है तो छात्रों को इसकी शिकायत करनी चाहिए, क्योंकि इससे कई छात्रों का हक मारा जाता है। बिना शिकायत कैसे कार्रवाई की जा सकती है? हम तो सर्टिफिकेट देखकर प्रवेश दे रहे हैं।

**डॉ. यूएस पैकरा,** डीएमई

**बेखौफ :** माना व आमानाका इलाके की घटना

# राजधानी शर्मसार : लॉ छात्रा से रेप, एम्स में महिला डॉक्टर से छेड़छाड़

### रेप का आरोपी सिपाही गिरफ्तार

**पत्रिका ब्यूरो**
patrika.com

**रायपुर.** शहर में शुक्रवार को शर्मसार करने वाली दो घटनाएं हुई। एक में सिपाही ने लॉ छात्रा को नवा रायपुर ले जाकर शराब पिलाकर दुष्कर्म किया। दूसरी घटना में एम्स अस्पताल में ड्यूटी कर रही महिला डॉक्टर से मरीज के अटेंडर ने छेड़छाड़ किया। पीड़िताओं की शिकायत पर पुलिस ने दोनों मामले के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पहली घटना माना इलाके की है। पुलिस के मुताबिक सिपाही चंद्रमणि शर्मा पुलिस एकेडमी में पदस्थ था। उसका घर भी माना में ही है। करीब दो माह पहले उसकी मुलाकात कानून की पढ़ाई कर रही छात्रा से हुई। इसके बाद दोनों की कभी-कभी बातचीत होती थी। छात्रा बुधवार को अपने सीनियर के ऑफिस में लीगल वर्क कर रही थी। इस दौरान उसने नए कानून संबंधी कुछ जानकारी लेने के लिए सिपाही को कॉल किया। सिपाही ने



मिलकर बताने का बहाना किया और अपनी कार लेकर छात्रा के ऑफिस के पास पहुंचा। इसके बाद किसी कैफे में चलकर बात करेंगे, बोलकर उसे अपने साथ नवा रायपुर ले गया। सूनसान स्थान में ले जाकर कार में ही उसे जबरदस्ती शराब पिलाया। इसके बाद उससे दुष्कर्म किया। घटना से छात्रा घबरा गई। इसके बाद सिपाही उसे समझाने के नाम पर अपने घर ले गया। वहां फिर डरा-धमका कर दुष्कर्म किया। किसी तरह छात्रा उसके चंगुल से निकलकर अपने घर पहुंची।

सिपाही के खिलाफ जबरदस्ती शराब पिलाकर दुष्कर्म करने की शिकायत मिली थी। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया है। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**-भावेश गौतम,** टीआई, माना, रायपुर

### देर रात वार्ड में ड्यूटी के दौरान छेड़खानी, आरोपी गिरफ्तार

**एम्स** में नाइट ड्यूटी में तैनात एक महिला डॉक्टर से छेड़छाड़ हो गई। इसकी शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार देर रात 1.40 बजे महिला डॉक्टर वार्ड में ड्यूटी पर थी। इस दौरान एक मरीज के अटेंडर रोहन कुमार साहू ने महिला डॉक्टर से छेड़छाड़ किया। इसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का अपराध दर्ज किया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

अस्पताल में देररात इलाज के दौरान महिला डॉक्टर से छेड़छाड़ होने की शिकायत मिली है। आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। उसे हिरासत में ले लिया गया है।

**-सुनील दास,** टीआई, आमानाका

**बड़ा हादसा टला :** कोंडागांव के धनोरा-मांडगांव की घटना

# गश्त पर निकले जवानों ने 6 आईईडी किए डिफ्यूज



**पत्रिका ब्यूरो**
patrika.com

**कोंडागांव.** जिले के धनोरा थाना क्षेत्र में एसडीओपी फरसगांव अनिल कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में जवान कांकेर जिले की सीमाओं के जंगल में गश्त कर रहे थे। इस दौरान धनोरा और मांडगांव के मध्य जवानों को 4 किलोग्राम के 3, और 3 किलोग्राम के 3 कुकर में जिंदा बम बरामद हुआ। नक्सलियों ने इसे जवानों को नुकसान पहुंचकाने के लिए प्लांट कर रखा था। सभी 6 आईईडी को जवानों ने मौके पर ही डिफ्यूज कर दिया। लगातार हो रही बारिश के बावजूद जवानों की सूझबूझ से सभी आईईडी को नष्ट किया गया और जवान सुरक्षित वापस आ गए।

### अबुझमाड़ क्षेत्र में सक्रिय नक्सली दंपती का सरेंडर

**नारायणपुर.** कुतुल एरिया कमेटी के सप्लाई टीम कमांडर के पद पर 13 वर्ष से अबुझमाड़ इलाके में सक्रिय नक्सली सोनवा उर्फ डोसेल सलाम एवं कोडलियार जनताना सरकार स्कूल विभाग सदस्य के पद पर 9 वर्ष से कार्यरत महिला नक्सली आरती सलाम ने सरेंडर कर दिया। दोनों पति-पत्नी ऐनमेटा के निवासी थे। शक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी प्रभात कुमार, एएसपी रोबिनसन गुड़िया व डीएसपी डॉ. प्रशांत देवांगन उप पुलिस अधीक्षक नारायणपुर के समक्ष बिना हथियार के दोनों ने समर्पण किया।

**बीएससी की 7216 सीटें, इस साल 700 सीटें कम, हालांकि अभी स्पष्ट नहीं**

# नर्सिंग की 10 हजार सीटों पर एडमिशन के लिए काउंसलिंग आज से, 12 तक कर सकेंगे पंजीयन

**रायपुर@पत्रिका.** डीएमई कार्यालय ने शुक्रवार को नर्सिंग के विभिन्न कोर्स में प्रवेश के लिए काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया है। व्यापमं के प्री नर्सिंग टेस्ट में पात्र छात्र 7 से 12 सितंबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। प्रदेश में बीएससी की 7216 सीटें हैं। इस साल 13 कॉलेजों को मान्यता नहीं मिलने के कारण 700 सीटें कम हो गई हैं। जबकि, एमएससी में 600 समेत पोस्ट बेसिक बीएससी में 10 हजार से ज्यादा सीटें हैं। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार करने के लिए छात्रों को 1000 रुपए जमा करना होगा।

व्यापमं ने शनिवार को बीएससी नर्सिंग इंट्रेंस परीक्षा का रिजल्ट जारी किया था। रिजल्ट के पांच दिनों बाद डीएमई कार्यालय ने काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर यह बताने का प्रयास किया है कि सत्र में ज्यादा देरी नहीं होगी। हालांकि इसमें देरी तो हो चुकी है। 11 जुलाई को व्यापमं ने प्री नर्सिंग टेस्ट लिया था। इसमें काफी देरी हो गई। जबकि, इस समय काउंसलिंग शुरू हो जानी थी। सामान्यतः इंट्रेंस एग्जाम अप्रैल-मई में होता है। ताकि 12वीं में पास होने वाले छात्र भी इसमें शामिल हो सके। दरअसल नर्सिंग कोर्स खासकर बीएससी 12वीं बायोलॉजी वाले करते हैं। इस वर्ष हैल्थ साइंस विवि ने 11 निजी कॉलेजों को एफिलिएशन देने से मना कर दिया है। वहीं आईएनसी ने दो कॉलेजों की मान्यता रद्द कर दी है। प्रदेश में कुल 142 कॉलेज हैं, जिनमें 125 में बीएससी का कोर्स चल रहा है। इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी) ने प्रदेश की 4460 सीटों को ही मान्यता दी है। बाकी सीटें स्टेट नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त है। जबकि इन कॉलेजों को भी आईएनसी से उपयुक्तता प्रमाणपत्र लेने की जरूरत है।

### पिछले सत्र में 29 फरवरी तक चला था एडमिशन

**पिछले** सत्र का एडमिशन इस साल 29 फरवरी तक चला था। हालांकि पहले एडमिशन की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर थी। फिर इसे बढ़ाकर 30 नवंबर किया गया। फिर अचानक ढाई माह बाद इंडियन नर्सिंग काउंसिल ने प्रवेश की आखिरी तारीख 29 फरवरी कर दी। जीरो परसेंटाइल से प्रवेश की कवायद के लिए ऐसा किया गया। हालांकि इसके बावजूद एक



हजार के आसपास सीटें खाली रह गई। इस साल भी जीरो परसेंटाइल से प्रवेश होने की संभावना बनी हुई है। ये सिलसिला पिछले 4 साल से चल रही है। शुरू में परसेंटाइल से प्रवेश होगा। फिर सीटें खाली रहने पर निजी कॉलेज जीरो परसेंटाइल से एडमिशन के लिए दबाव बनाएंगे। शासन से लेकर आईएनसी भी इसके लिए तैयार हो जाएंगे।

**शिल्पग्राम की कथा** | 40 वर्कशॉप में 1000 से ज्यादा लोगों को रोजगार देते हैं गजानन

# थनौद, एक सीजन में होता है 10 करोड़ का कारोबार

लाभकारी

**हेमंत कपूर**
patrika.com

**दुर्ग/शिल्पग्राम (थनौद).** यहां के मूर्तिकारों के हाथों का जादू ऐसा कि इनकी बनाई मिट्टी के श्री गणेशजी की प्रतिमाओं की प्रदेश ही नहीं देश के कई राज्यों में डिमांड रहती है। प्रतिमाओं के निर्माण में यहां के कुम्हार परिवारों के साथ 1000 से ज्यादा लोगों को रोजगार भी मिलता है। बदले में इन्हें 300 से 1500 रुपए तक प्रतिदिन



मिल जाता है। एक सीजन में इन प्रतिमाओं से 8 से 10 करोड़ रुपए का कारोबार हो जाता है। शिल्पग्राम के नाम से पूरे प्रदेश में विख्यात ग्राम थनौद में चक्रधारी परिवार चार पीढ़ियों से मिट्टी से मूर्तियां गढ़ने का काम कर रहा है।

### 40 वर्कशॉप, हर में 30 से 40 लोग

- थनौद में मूर्ति निर्माण की 40 बड़े वर्कशॉप है 30 से 40 लोग करते हैं काम।
- इनमें मिट्टी लाने, उसे तैयार करने के अलावा दक्ष कारिगर, प्रशिक्षु भी शामिल।
- मूर्तिकारों के अलावा उनके परिवार के सदस्य व महिलाएं भी बंटाती हैं हाथ।

### डिमांड ऐसी कि लौटाने पड़ते हैं ऑर्डर

- यहां डिमांड ऐसी है कि हर साल समय की कमी के कारण आर्डर लौटाने पड़ते हैं।
- इस बार 1 फीट से 25 फीट तक की मूर्तियां तैयार की जा रही है।
- 1 फीट की मूर्ति की न्योछावर राशि 300 रुपए से शुरू है वहीं बड़ी मूर्तियां साज सज्जा के आधार पर 30 हजार से 3 लाख 50 हजार रुपए तक।

### 2000 से ज्यादा दुर्गाजी के ऑर्डर

मूर्तिकार लव चक्रधारी बताते हैं कि भगवान गणेशजी के बाद मां दुर्गा की प्रतिमाओं का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। अकेले थनौद में ही 2000 से ज्यादा दुर्गा प्रतिमाएं बनती हैं। इनकी न्योछावर राशि 20 हजार से 2 लाख 25 हजार तक रहती है। इन प्रतिमाओं के निर्माण के लिए त्योहारों के खास सीजन को छोड़कर पूरे साल वर्कशॉप में काम चलता रहता है।

**सदस्यता अभियान के तहत रायपुर उत्तर विधानसभा में कार्यक्रम आयोजित**

# भाजपा में ही एक चाय बेचने वाला पीएम और एक गांव का साधारण व्यक्ति सीएम बन सकता है : साय



**रायपुर@पत्रिका.** भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान की शुरुआत शुक्रवार को मतदान केंद्रों में हुई। शुक्रवार को मतदान केंद्रों में सदस्यता अभियान की शुरुआत करने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के खम्हारडीह मंडल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के जगदलपुर मंडल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के माना कैम्प के टीटी कॉलोनी मतदान केंद्र पर मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री साय ने नेताजी सुभाष चंद्र वार्ड के मतदान क्रमांक 94 में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम में कहा, भाजपा सिद्धांतवादी विचारधारा पर आधारित पार्टी है। इस पार्टी में जितना मान सम्मान कार्यकर्ताओं का है, उतना सम्मान किसी दूसरी पार्टी में नहीं है। भाजपा में गांव का एक साधारण व्यक्ति भी मुख्यमंत्री बन सकता है, एक चाय बेचने वाले को प्रधानमंत्री भाजपा ही बना सकती है।

हे गणनायक... घाट पार लगा दो: धार में प्रदेश का सबसे बड़ा ब्लैक स्पॉट, 2009 से अब तक 404 लोगों की हो चुकी है मौत, अब संवर रहा...

# गणपति घाट पर 100 करोड़ से बदलाव, दिसंबर में नए सफर का श्रीगणेश

मंगलकारी

**घाट सेक्शन से लाइव रिपोर्ट- हेमंत जाट व मुकेश सोडानी**

**धार/धामनोद.** मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे का गणपति घाट वाहन चालकों के लिए काल बना हुआ है। वाहन चालक घाट क्षेत्र में ही बने मंदिर में भगवान श्रीगणेश से अरजी लगाते हैं कि हे गणनायक सुरक्षित घाट पार लगा दो...! करीब 8 किमी लंबे घाट सेक्शन में गणपति घाट खतरनाक डेंजर जोन है, जो प्रदेश का सबसे बड़ा ब्लैक स्पॉट भी है। यहां पिछले 15 सालों में तकरीबन 404 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। वहीं हाल के आंकड़े बताते हैं कि इस घाट पर बीते 2 माह के दौरान करीब हर दूसरे दिन वाहनों के ब्रेक फेल होने से दुर्घटनाएं हुई हैं।

नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआइ) अब तक दर्जनों बार इस घाट की ढलान और अंधे मोड़ से होने वाले हादसों को नियंत्रित करने का प्रयास कर चुकी है। लेकिन राह आसान नहीं हो रही है। अब करीब 100 करोड़ की लागत से गणपति घाट के ब्लैक स्पॉट समाप्त किए जाएंगे, इस नए प्रोजेक्ट के कार्य का श्रीगणेश हो चुका है और घाट सेक्शन में आने व जाने के लिए नई व पुरानी सड़क का अलग-अगल उपयोग किया जाएगा, साथ ही थ्री-लेन की नई सड़क भी बन रही है।



अंधा मोड़ और ढलान की जा रही खत्म

**घाट सेक्शन** में हादसों को रोकने के लिए अलग से तीन लेन वाली सड़क बन रही है, इससे 4 किमी की खतरनाक ढलान व ब्लैक स्पॉट खत्म होंगे। एनएचएआइ नई सड़क पर काम कर रहा है, दिसंबर तक लक्ष्य रखा है, दावा है कि समय सीमा से पूर्व काम हो जाएगा। एनएचएआइ के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुमेश बांझल ने बताया, ढलान और अंधे मोड़ होने से हर माह करीब 10 दुर्घटनाएं होती हैं। हमने पेवर ब्लॉक लगाकर दुर्घटनाएं रोकने की कोशिश की, लेकिन परिणाम नहीं आए, वर्तमान में ड्रम रखे हैं। इससे कुछ हद तक राहत है, स्थायी समाधान के लिए नई सड़क बनाई जा रही है।

बदलाव जरूरी...

### क्योंकि खतरनाक है घाट

**नेशनल हाईवे** पर गुजरी से मानपुर के बीच करीब 8 किमी का घाट सेक्शन है। इसमें धामनोद की ओर से आने वाले वाहन गणपति घाट चढ़कर इंदौर की ओर जाते हैं। जबकि इंदौर से धामनोद-खलघाट के लिए जाने वाले वाहनों को उतरते समय ढलान लगती है। नीचे उतरते समय वाहनों को कंट्रोल करना मुश्किल होता है। खासकर बड़े और भारी वाहनों के ब्रेक फेल होने पर अनियंत्रित होकर पलटने और दूसरे वाहनों से टकराने जैसी घटनाएं होती हैं।

### नहीं रहेगा एक भी ब्लैक स्पॉट

बांझल ने बताया, मौजूदा सड़क से 3 किमी दूर 8.8 किमी की नई तीन लेन सड़क बन रही है, 4 वाया डक्ट भी रहेंगे। इस पर एक भी ब्लैक स्पॉट नहीं होगा। इसके बन जाने के बाद वर्तमान सड़क वन- वे रह जाएगी। घाट नीचे उतरते समय वाहन नई सड़क से गुजरेंगे। जबकि चढ़ाई के लिए पुरानी सड़क रहेगी। तीन माह में काम पूरा हो जाएगा। नई सड़क बनने के बाद आने-जाने की दोनों राह अलग होंगी, जिससे दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी।

### भगवान गणेश से सुरक्षित सफर की कामना कर आगे बढ़ते हैं वाहन चालक



**गणपति घाट** पर स्थित मंदिर में विराजित भगवान गणेश। भगवान के आगे हाथ जोड़कर सुरक्षित घाट पार लगाने की अर्जी लगाते वाहन चालक।

## न्यूज शॉर्ट्स

### संजय टाइगर रिजर्व में कुएं में मिला बाघ का शव



**सीधी.** संजय टाइगर रिजर्व के ब्यौहारी बफर जोन के बड़काडोल में कुएं में नर बाघ का शव मिला है। उसकी उम्र 7 वर्ष थी। टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अमित दुबे ने बताया, कुआं सूखा है, जहां स्वस्थ बाघ गिरता तो 4-5 दिन तक जिंदा रहता। शव में दुर्गंध नहीं थी, ऐसे में मौत 24 घंटे के अंदर होने की बात कही जा रही है।

### सीएमएचओ से पूछा- क्या लिखा, बोले-नहीं पढ़ पाया

**सतना.** मरीज की पर्ची में ऊटपटांग लिखावट पर सीएमएचओ डॉ. एलके तिवारी ने पीजीएमओ डॉ अमित सोनी को नोटिस जारी किया है। डॉ. सोनी से सीएमएचओ रूबरू भी हुए। पूछा-मुझे इतना लंबा अनुभव हो गया है लेकिन मैं तक पर्चे को नहीं पढ़ पा रहा हूं। आखिर आपने दवाई कौन सी लिखी है। डॉ. सोनी ने सफाई दीं, जांच लिखी है। तब सीएमएचओ ने पूछा कि जांच ही कौन सी लिखी है, इसे पढ़ कौन लेता है? इस पर चिकित्सक ने चुप्पी साध ली। सीएमएचओ ने नोटिस का लिखित जवाब मांगा है।

### पहाड़ी नहीं चढ़ सकी ट्रेन, कई ट्रेनें प्रभावित

**ग्वालियर@पत्रिका.** सिथौली-संदलपुर के बीच पहाड़ी ट्रैक पर मालगाड़ी का इंजन फेल हो गया। मालगाड़ी पहाड़ी नहीं चढ़ पाई और खड़ी रह गई। मामला गुरुवार रात 8 बजे का है। इसके बाद आंतरी से इंजन भेजकर मालगाड़ी को चलाया गया। ग्वालियर होते हुए झांसी जा रही मालगाड़ी एक घंटे फंसी रही। इसकी वजह से ग्वालियर से मुरैना तक रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की कतार लग गई। श्रीधाम एक घंटे और राजधानी आधा घंटे खड़ी रहीं। वहीं बुंदेलखंड राज 10 बजे के बाद रवाना हुई।

### व्यापारी से दिनदहाड़े 8.50 की लूट, एक पकड़ा

**मुरैना.** बैंक में रुपए जमा कराने जा रहे व्यापारी से बाइक सवार तीन बदमाशों ने दिनदहाड़े 8.50 लाख रुपए लूट लिए। घटना शुक्रवार सुबह 11.18 बजे सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में पराग ऑइल मिल के पास हुई। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने अंबाह से एक संदेही को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार नैनागढ़ रोड निवासी राजेंद्र प्रसाद सब डीलर हैं। जैसे ही वह रुपए लेकर निकले पीछे से आ रहे लुटेरों ने स्कूटर में लात मारी, जिससे राजेंद्र गिर गए। इसके बाद वे रुपए लेकर फरार हो गए।

## पेज 1 का शेष

### भाजपा...

गृहमंत्री ने कहा कि वार्ता और बम धमाके एक साथ नहीं चल सकते। अमित शाह ने जोर देकर कहा कि कश्मीर घाटी में गुज्जर, बक्करवालों और पहाड़ियों का आरक्षण छिनने नहीं देंगे। जम्मू-कश्मीर हमारी पार्टी के लिए आज से नहीं, बल्कि आजादी के समय से ही अहम भूभाग रहा है। हमने इस हिस्से को भारत का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया है। पंडित प्रेमनाथ डोगरा से लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी तक ने घाटी में शांति स्थापित करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है।

**विरोधियों से दो टूक: अब 370** लागू नहीं होगा

- गृहमंत्री ने सख्त लहजे में कहा, 'मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर में अब किसी भी कीमत पर अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं किया जाएगा, चाहे कुछ भी हो जाए।

- अब अगर किसी भी राजनीतिक दल ने यहां सत्ता में आने पर अनुच्छेद 370 बहाल करने की कोशिश की, तो एक बार फिर से घाटी में आतंकवाद को बल मिलेगा।

- शाह ने कहा कि मैंने नेशनल कॉन्फ्रेंस का घोषणा पत्र पढ़ा है। साफ है कि वे सिर्फ और सिर्फ लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस ने इसे मूक समर्थन दिया है, जो दुखद है।

### वैष्णव-अनिल कपूर...

भारत ने जुलाई में ग्लोबल इंडिया एआइ शिखर सम्मेलन की मेजबानी की, जिसमें 2,000 से ज्यादा एआइ विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। वैष्णव के नेतृत्व में भारत के अगले पांच साल में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग करने वाले टॉप पांच देशों में शामिल होने के आसार हैं। यह एआइ सिस्टम के लिए जरूरी कंपोनेंट है। भारत में इसकी शुरुआत हो चुकी है।

### चमगादड़...

खाने के लिए कीट नहीं मिलने से बड़ी संख्या में चमगादड़ों की मौत हो गई। शोध में पाया गया कि जिन इलाकों में चमगादड़ घटे, वहां किसानों ने फसलों में कीटनाशक का इस्तेमाल 31 फीसदी बढ़ा दिया। दूषित पानी और हवा के जरिए कीटनाशक के रसायन मानव शरीर में प्रवेश कर रहे हैं।

पत्रिका जन अभियान: जुगाड़ के सहारे सरपट दौड़ रही हैं अनफिट बसें

# रस्सी से बांधा गेट, छत पर तिरपाल

समस्या के समाधान का सही समय

**देवास से आदर्श ठाकुर की लाइव रिपोर्ट**

*देवास जिले के विभिन्न आंतरिक रूटों पर संचालित होने वाली बसों की हालत खराब है। जुगाड़ के सहारे ये जर्जर बसें सड़कों पर दौड़ रही हैं। हालात यह हैं कि किसी बस पर पानी से बचाव के लिए तिरपाल बांधी है तो किसी बस की छत क्षतिग्रस्त होने पर टेप चिपका दी गई है। कुछ बसों में तो इमरजेंसी गेट सहित मुख्य गेट खराब होने पर उसे रस्सियों से बांधा गया है। ग्रामीण क्षेत्र की इन अनफिट बसों का रोज बस स्टैंड से संचालन होता है, लेकिन जिम्मेदारों को यह नजर नहीं आता। पत्रिका ने बस स्टैंड जाकर इन बसों का जायजा लिया तो* ***कई बसों में खामियां नजर आई...***

लाइव-1

### रस्सी का सहारा

इंदौर से देवास के बीच संचालित एक बस स्टैंड पहुंची। बस की छत क्षतिग्रस्त होने से हिस्से में प्लास्टिक की टेप लगाई गई थी। मंदसौर जाने वाली एक बस की एक खिड़की के ऊपर का कांच फूटा होने से उस पर पन्नी बांधी थी। दो बसों में इमरजेंसी गेट के लॉक खराब होने से उन्हें रस्सी से बांधा गया था। वहीं, ज्यादातर बसों में न पैनिक बटन हैं न सीसीटीवी कैमरे।



### 400 से ज्यादा बसें आती-जाती है

**देवास** बस स्टैंड पर प्रतिदिन 400 से ज्यादा बसें आती-जाती हैं। इसमें जिले के रूट पर संचालित होने वाली बसों के अलावा शाजापुर, उज्जैन, इंदौर, भोपाल, हरदा रूट की बसें शामिल हैं। प्राइम रूट व लंबी दूरी की बसों की हालत तो ठीक है, लेकिन अंचल में चलने वाली ज्यादातर बसें बुरी हालत में है। महाराष्ट्र व अन्य राज्यों से पुरानी बसें खरीदकर उनका संचालन शहर से किया जा रहा है।

लाइव-2

### तिरपाल बांधी

बस स्टैंड पर सोनकच्छ होकर जावर, मेहतवाड़ा तक जाने वाली एक बस खड़ी नजर आई। बस की छत पूरी तरह खराब हो चुकी है और बारिश के दौरान बस के अंदर पानी न जाए इसलिए पीले रंग की तिरपाल को बांधा था। बस में सवार यात्रियों का कहना था, अंचल के रूटों पर गिनी चुनी बसें चलती हैं, ऐसे में इस तरह की बसों में सफर मजबूरी है।



### ओवरलोडिंग व तेज रफ्तार पर नहीं लगाम

**शहर** से संचालित होने वाली बसों की बात करें तो हर रूट पर बसों में ओवरलोडिंग हो रही है, रफ्तार पर भी लगाम नहीं है। इंदौर व उज्जैन रूट की बसों में सुबह व शाम के समय सबसे ज्यादा भीड़ रहती है। बीच में सवार होते हैं तो सीट तक नसीब नहीं होगी। कम समय के परमिट व अधिक फेरे होने के कारण ये बसें तेज रफ्तार से चलती हैं।

### न पैनिक बटन न सीसीटीवी

**इंदौर-बैतूल** रूट के खातेगांव क्षेत्र की बसों की पड़ताल की गई तो यहां भी बसों की हालत बदतर नजर आई। यहां अंचल के कई रूट पर जर्जर बसों का संचालन किया जा रहा है। किसी बस की खिड़कियां क्षतिग्रस्त हैं तो किसी बस का गेट खराब होने से उसे रस्सी से बांधा गया है। कुछ बसों के फ्लोर भी क्षतिग्रस्त हैं। बस के ड्राइवर-कंडक्टर कभी यूनिफॉर्म में नजर नहीं आते। रूट के हर बस स्टैंड पर एजेंट के माध्यम से सवारी बिठाई जाती है। वहीं यात्रियों से मनमाना किराया वसूला जा रहा है। बसों में न पैनिक बटन है न सीसीटीवी कैमरा। खातेगांव से इंदौर सफर करने वाली महिला हर्षा ने बताया इस रूट की बसों में महिलाओं के लिए कोई आरक्षित सीट नहीं है। सबको एक साथ बिठाया जाता है। कभी-कभी हम अकेले सफर करते हैं तो साइड में पुरुष वर्ग को बैठा दिया जाता है।

झाबुआ: कलेक्टर ने आदिवासी छात्रों के लिए की पहल

# अब मॉड्यूल 'झाबुआ' से छात्र करेंगे एमपीपीसीएस की तैयारी

**झाबुआ@पत्रिका.** आदिवासी अंचल के युवाओं के लिए एमपीपीएससी परीक्षा के लिए तैयारी की दिशा में एक नई पहल की गई है। इसके तहत अलग से पूरा मॉड्यूल बनाया है। इसमें विषयवार तैयारी के साथ समय प्रबंधन करने के तरीके भी बताए गए हैं। दरअसल, बीते कुछ सालों में झाबुआ के कई युवाओं का चयन प्रशासनिक पदों पर हुआ है। इससे ये साबित होता है कि जिले के विद्यार्थी मेहनती और उत्साही हैं। लिहाजा कलेक्टर नेहा मीना ने स्थानीय स्तर पर ही अलग से एमपीपीएससी का मॉड्यूल तैयार करवाने का निर्णय लिया। इसके लिए बाकायदा एसडीएम तरुण जैन, एसडीओपी रूपरेखा यादव, पीआरओ जिनेंद्र सगोरिया और नायब तहसीलदार पलकेश परमार की एक टीम गठित कर दी। टीम ने पहले प्री-मेंस की तैयारी के लिए सिलेबस तैयार किया।

जरूरी किताबों की लिस्ट बनाई। साथ ही किस विषय की तैयारी के लिए कितना समय लगेगा और समय का प्रबंधन किस तरह से किया जाए उसका विवरण बनाया। इसके आधार पर कलेक्टर ने सिविल सेवा की परीक्षा के लिए आवश्यक रेफरेन्स बुक्स के सेट बुलवाए। दिल्ली से जरूरी नोट्स भी मंगवाए।

यात्री को एंट्री गेट से लेकर बोर्डिंग तक पेपरलेस प्रवेश

# इंदौर एयरपोर्ट पर 'डिजी यात्रा' शुरू, मंत्री बोले- सेफ है ऐप

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर@पत्रिका.** देवी अहिल्याबाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए एक नई सुविधा की सौगात मिली। शुक्रवार को एविएशन मिनिस्टर राममोहन नायडू किंजरापु ने विशाखापट्टनम से इंदौर समेत देश के 9 एयरपोर्ट पर डिजिटल जांच (डिजी यात्रा) का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसके साथ ही सुबह 11.30 बजे औपचारिक रूप से यात्रियों ने इसका लाभ लेना शुरू कर दिया। इस दौरान मंत्री राममोहन ने डिजी यात्रा ऐप को सेफ बताया और इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील की है। प्रदेश के इकलौते इंदौर एयरपोर्ट में डिजी यात्रा की शुरुआत हो गई है। अब यात्री एंट्री गेट से लेकर बोर्डिंग तक आसानी से प्रवेश कर सकेंगे। यात्रियों को पेपरलेस एंट्री मिल सकेगी।

ऐप डाउनलोड करने के बाद आवश्यक औपचारिकता पूरी करनी होगी। इसके बाद यात्री बिना आधार कार्ड व बोर्डिंग पास के एंट्री ले सकते हैं। एयरपोर्ट डायरेक्टर वीके सेठ ने बताया, इससे यात्रियों का समय बचेगा, वहीं डेढ़ घंटा पहले रिपोर्टिंग टाइम में कमी आएगी और लाइन में लगने से छुटकारा मिलेगा।

पत्रिका उपहारों की बरसात

# आठ वर्ष की आद्या दुबे ने जीती कार



पिता मानस दुबे और मां दिव्या के साथ नन्हीं आद्या।

पत्रिका सबका ऑफर

**ग्वालियर.** पत्रिका उपहारों की बरसात ऑफर में ग्वालियर के डी-144 गुलमोहर सिटी में रहने वाली 8 वर्ष की आद्या दुबे ने कार जीती है। शुक्रवार की शाम पत्रिका कार्यालय में पत्रिका उपहारों की बरसात का ड्रॉ गहना ज्वैलर्स के संचालक अजय मंगल ने निकाला। इसमें कूपन क्रमांक 007782 की धारक आद्या दुबे के नाम कार निकली। कक्षा 4 में पढ़ने वाली आद्या को जब ये पता चला कि उनके कूपन पर कार निकली है, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कार जीतने के बाद आद्या ने बताया कि मैं दादू (पूर्व जस्टिस वीके दुबे) के साथ पत्रिका के सुडोकू और पजल भरती थी। पत्रिका उपहारों की बरसात ऑफर आया तो दादू की मदद से कूपन काटकर फॉर्मेट भर दिया।

### नन्हीं आद्या बोली- सोच रही हूं मेरी कार पार्क कहां करूंगी

आद्या ने बताया कि पहले से घर में तीन कार मौजूद हैं। अब मेरे लिए भी अलग से कार हो जाएगी। बड़े प्यार से आद्या ने ये भी कहा कि कार जीतने के बाद अब मुझे एक टेंशन और हो गई है कि इसे पार्क कहां करूंगी क्योंकि पहले से घर में रखी कारों को पापा ही पार्क करते हैं। इससे पूर्व मैं ओलंपियाड में भी विनर रह चुकी हूं लेकिन कार जीतने के बाद बहुत खुश हूं। इस कार को मैं मम्मी (दिव्या दुबे) को चलाने के लिए दूंगी।

### आगे भी होगी लाखों के उपहारों की बरसात

**पत्रिका** उपहारों की बरसात ऑफर मे इस बार ग्वालियर में लाखों के उपहारों की बरसात होगी। इसमें 3 विदेश यात्रा, 20 मिक्सर ग्राइंडर, 400 वेजिटेबल फ्रूट चॉपर, 700 कंसोलेशन प्राइज, 500 वाटर बॉटल सेट के इनाम दिए जाएंगे।

### पत्रिका के कंटेंट और निष्पक्ष पत्रकारिता ने दस वर्ष से बना रखा है नियमित पाठक

आद्या के साथ आए उनके पिता मानस दुबे और मदर दिव्या दुबे ने बताया कि वे पिछले दस वर्षों से पत्रिका के नियमित पाठक हैं। पत्रिका का न्यूज कंटेंट और एडिटोरियल हमें विशेष पसंद है। खासकर पहला और दूसरे पेज की खबरें हम बिल्कुल भी पढ़ना नहीं छोड़ते। फेस्टिव सीजन में भी पत्रिका की सभी खबरें शानदार होती हैं। पेशे से एडवोकेट मानस दुबे ने कहा कि पत्रिका हमेशा से हमारी पहली पसंद रहा है। निष्पक्ष और तथ्यपरक खबरों के लिए पत्रिका का कोई मुकाबला नहीं। आपके यहां से कॉल आने से पहले हमें विश्वास नहीं था कि इस तरह से भी किसी की कार निकल सकती है, लेकिन पत्रिका ने ये कर दिखाया।

आठवां दिन

### 'संवत्सरी' की सरिता में 'प्रतिक्रमण' का प्रवाह

पत्रिका पर्युषण पर्व

-अज़हर हाशमी

पर्युषण महापर्व का आठवां दिन आराधना-साधना के साथ संवत्सरी और प्रतिक्रमण के समन्वय का संदेश देता है। आत्मशुद्धि का जो अभियान पर्युषण के पहले दिन से आरंभ हुआ था, आठवां दिन उस अभियान की पूर्णतः का बिंदु है, लेकिन यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि पर्युषण का आठवां दिन इस महापर्व की विदाई का संकेत अवश्य है (इसीलिए इस दिन भी आराधना तो होगी ही होगी लेकिन 'संवत्सरी' और 'प्रतिक्रमण' भी इससे जुड़े हैं।) लेकिन आत्मशुद्धि की विदाई का इशारा नहीं है। तात्पर्य यह है कि आत्मशुद्धि का जो सिलसिला प्रारंभ हो चुका है, आराधना का जो संस्कार बन चुका है पवित्रता की जो प्रक्रिया स्थापित हो चुकी है, अहिंसा का जो आचरण बन चुका है, नवकार मंत्र जो हृदय की धड़कन बन चुका है, सत्य जो सांस-सांस में समा चुका है, अपरिग्रह जो आस्था में जम गया है, अनेकांत जो व्यवहार में रम गया है, साधु-साध्वियों के प्रति सम्मान भावना जो मन-मस्तिष्क में व्याप्त हो गई है, इन सबकी निरंतरता बनी रहनी चाहिए। अभिप्राय यह है कि नवकार मंत्र और अहिंसा की आराधना के साथ, सत्य की साधना का जो सिलसिला आठ दिन तक चला है, वह जारी रहना चाहिए। यानी पर्युषण के आठवें दिन समापन के साथ आत्मशुद्धि के अभियान का समापन नहीं होना चाहिए। पर्युषण का आठवां दिवस दरअसल 'संवत्सरी' की सरिता में 'प्रतिक्रमण' का प्रवाह है। कुल मिलाकर यह कि पर्युषण पवित्रता का संदेश और क्षमा का निर्देश है।

खेल | जिला-राज्य स्तर पर होंगी प्रतियोगिताएं, खिलाड़ी तैयार करने के निर्देश

# कॉलेज स्टूडेंट्स खेलेंगे पिट्टू, खेल कैलेंडर में शामिल

आनंदमूर्ति

**रीवा@पत्रिका.** गांवों का पुराना खेल 'गिप्पी गेंदज् अब नए स्वरूप में लौट आया है। सरकार ने इसे खेल कैलेंडर में शामिल कर लिया है। यह अब पिट्ठू खेल के नाम पर खेला जाएगा। सभी कॉलेजों को निर्देश मिले हैं कि वह अपने यहां छात्रों को इसके लिए तैयार करें। इसी साल से प्रतियोगिताओं में शामिल कर जिला और संभाग स्तर की टीमें गठित कर प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल कराने के लिए भेजा जाएगा। नई शिक्षा नीति में छात्रों को पुरानी परंपराओं से भी अवगत कराने का प्रावधान किया गया है। इसी के तहत उच्च शिक्षा विभाग ने अपने खेल कैलेंडर में पिट्ठू और मलखंभ को शामिल किया है। यह पहला मौका होगा जब गिप्पी गेंद का आयोजन सरकारी तौर पर होगा।

रीवा सहित पूरे विंध्य का यह काफी लोकप्रिय खेल रहा है, खासतौर पर गांवों में अब भी खेला जाता है। पीएम श्री कॉलेज के खेल प्रभारी हबीब खान ने बताया कि वीडियो कांफ्रेंसिंग में पिट्ठू को लेकर निर्देश मिले हैं, इसके लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

### सात खिलाड़ी होंगे जिसमें छह खेलेंगे



पिट्टू फेडरेशन के नियम लागू हुए तो दोनों टीमों में सात-सात खिलाड़ी शामिल किए जाएंगे। जिसमें छह मैदान में उतरेंगे, एक खिलाड़ी अतिरिक्त रहेगा। इसमें स्ट्राइकर टीम से तीन-तीन की संख्या में खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे। वहीं डिफेंडर टीम के सभी छह खिलाड़ी मैदान में होंगे। गेंद टेनिस बाल की तरह होगी लेकिन यह शॉफ्ट रहेगी ताकि खिलाड़ियों को चोट नहीं लगे। इनके लिए मैदान की एक निर्धारित सीमा रहेगी। जिसमें ग्राउंड की लंबाई 26 मीटर और चौड़ाई 14 मीटर होगी। पिट्टू और स्ट्राइकर के बीच की दूरी चार मीटर रहेगी, जहां से उसे बाल के जरिए पिट्टू को गिराना होगा। मैदान को दो बराबर भागों में बांटा गया है, जिसमें एक तरफ स्ट्राइकर टीम और दूसरी तरफ डिफेंडर टीम रहेगी। मैदान के चारों ओर नेट लगाया जाएगा।

### जनवरी से होंगे कॉलेजों में आयोजन

पहली बार पिट्ठू को शामिल किया जा रहा है। इसी महीने से कॉलेजों में खेल प्रतियोगिताएं शुरू हो रही हैं। इस कारण खेल कैलेंडर में 15 से 17 जनवरी तक कालेजों में इसकी टीमें चयनित की जाएंगी। जिला और संभाग के बाद राज्य स्तरीय स्पर्धा इंदौर में छह से आठ फरवरी के बीच खेली जाएगी। इसमें पहली बार ही महिला-पुरुष दोनों वर्गों की प्रतियोगिताएं होंगी। कॉलेज विद्यार्थी बचपन में खेलने वाला पारंपरिक खेल खेलकर अलग आनंद की अनुभूति करें।

### पन्ना में रोजाना 250 से 300 डंपर रेत का अवैध खनन

**पन्ना@पत्रिका.** अजयगढ़ के नजदीकी गांवों में केन नदी से लगी निजी और सरकारी जमीनों में रेत की अवैध खदानें दो दिन बाद फिर शुरू हो गई हैं। धड़ल्ले से एक सैकड़ा से ज्यादा चैन माउंटेन मशीनों से रेत का दिन-रात उत्खनन कर रही हैं। अजयगढ़ के भानपुर, बीरा, जिगनी, चंदौरा और रामनई समेत अन्य गांवों में अवैध खनन के बाद 24 घंटे डंपर समेत अन्य भारी वाहनों से रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। रोजाना 250 से 300 डंपर रेत का परिवहन हो रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने रामनई में अवैध रेत खदान को धरना दिया था। जिसके बाद दो दिन तक रेत का अवैध उत्खनन बंद रहा।



प्रयास करेंगे तो लक्ष्य तक पहुंचेंगे



सपने जरूरी नहीं कि सिर्फ सपने ही रहें। आप इसे हकीकत बना सकते हैं, अगर प्रयास करते रहेंगे, तो अंततः लक्ष्य तक पहुंच जाएंगे। - नाओमी ओसाका


अब बिना JEE परीक्षा के ले सकते हैं IIT में एडमिशन! जानने के लिए स्कैन करें...


OFFICE CULTURE

## नौकरी छोड़ने के ये नियम कभी न करें नजरअंदाज



1. नौकरी छोड़ने का मन बना रहे हैं, तो कुछ बातों का हमेशा ध्यान रखें। कई बार नियमों को न मानने पर नई नौकरी में जॉइनिंग में दिक्कत आ सकती है।

2. नौकरी छोड़ने के लिए रिजाइन का ईमेल लिखते समय यह ध्यान रखें कि किन्हें 'टू' और किन्हें 'सीसी' में रखना जरूरी है।

3. रिजाइन का ईमेल करते समय ध्यान रखें कि कितने दिन का नोटिस पीरियड और कितने दिन की राहत मिल सकती है, पहले इसे क्लियर कर लें।

4. रिजाइन के बाद विवाद न पैदा हो, इसका ध्यान जरूर रखें। कई बार ऐसी स्थिति बनती है और एक्सपीरियंस लेटर और फाइनल सैलरी मिलने में दिक्कत आती है। इसका नकारात्मक असर नई नौकरी पर पड़ सकता है। जॉइनिंग में भी दिक्कत आ सकती है।

HELPING CAREER

32-62 वर्ष वालों के लिए

## ईएसआइसी में 22 पदों पर निकली भर्ती

एम्प्लॉय स्टेट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन (ईएसआइसी) ने 22 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। ये भर्ती यंग प्रोफेशनल्स, कंसल्टेंट ग्रेड 1 व 2 और सीनियर कंसल्टेंट के लिए हैं। आवेदन की अंतिम तारीख 11 सितंबर है।

Employee State Insurance Corporation Scheme (ESIC)

### यह है योग्यता

यह भर्ती 32 से 62 साल की उम्र वाले कैंडिडेट्स के लिए है। उम्र में आरक्षण के नियमानुसार छूट दी जाएगी। अलग-अलग पदों के लिए योग्यता अलग-अलग है। अधिक जानकारी के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन देखें। ईएसआइसी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन किया जा सकता है।

https://www.esic.gov.in/

WORLD PHYSICAL THERAPY DAY (8 Sept) | फिजियोथेरेपी में हैं कॅरियर की काफी संभावनाएं

# फिजियोथेरेपिस्ट बनकर संवार सकते हैं भविष्य

*लगातार घंटों सीट पर बैठकर काम करने से कई शारीरिक दिक्कतें पैदा हो गई हैं? या फिर किसी बीमारी के कारण चलना-फिरना मुश्किल हो गया है? डॉक्टर ने फिजियोथेरेपिस्ट से थेरेपी कराने की सलाह दी है। यही वजह है देश में फिजियोथेरेपिस्ट की मांग में इजाफा हो रहा है। लम्बे समय तक बैठे रहने से ऐसी शारीरिक दिक्कतें पैदा होती हैं, जिन्हें सुधारने के लिए फिजियोथेरेपिस्ट की जरूरत पड़ती है। आइए जानें कैसे बनें फिजियोथेरेपिस्ट और कहां से कर सकते हैं पढ़ाई...*

### कितनी जिम्मेदारियां?

एक फिजियोथेरेपिस्ट को सुनिश्चित करना होता है कि संबंधित डॉक्टर के निर्देशों के अनुसार मरीज को कौन सी एक्सरसाइज कितने दिन तक करानी है। उसके लिए क्या-क्या उपकरण लगाने होंगे और संबंधित बीमारी के लिए किन-किन सावधानियों को ध्यान में रखना चाहिए।

### कैसे बनें फिजियोथेरेपिस्ट

- **फिजियोथेरेपिस्ट** बनने के लिए इसमें स्नातक की डिग्री यानी बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी की डिग्री लेनी जरूरी होती है।
- **इसके** अलावा चाहें तो ग्रेजुएशन के बाद फिजियोथेरेपी में डिप्लोमा भी किया जा सकता है।
- **एक** फिजियोथेरेपिस्ट बनने के लिए बैचलर या डिप्लोमा प्रोग्राम के साथ इंटर्नशिप जरूरी होती है।
- **आमतौर** पर इंटरव्यू के आधार पर संस्थान में इनकी भर्ती होती है।



### सैलरी और मौके

इंटर्नशिप पूरी करने के बाद सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल्स के फिजियोथेरेपी विभाग में मौके मिलते हैं। इसके अलावा चाहें तो अपना क्लीनिक शुरू कर सकते हैं। आमतौर पर शुरुआती दौर में एक फिजियोथेरेपिस्ट की सैलरी करीब 30-35 हजार रुपए से शुरू होती है। यह अनुभव और हॉस्पिटल के स्तर के मुताबिक बढ़ती है। शुरुआती अनुभव के बाद एक फिजियोथेरेपिस्ट को करीब 50 हजार से 1 लाख रुपए मिलते हैं। यह वेतन इससे ज्यादा भी हो सकता है।

### तकनीक और उपकरणों की जानकारी जरूरी

एक फिजियोथेरेपिस्ट बनने के लिए जरूरी स्किल्स है कि आपको फिजियोथेरेपी की तकनीकों और इस पूरी प्रक्रिया में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। ये मरीजों से जुड़े विशेषज्ञों के निर्देशों के अनुसार फिजियोथेरेपी तकनीक और उपकरणों से उसे थेरेपी देते हैं।

### यहां से कर सकते हैं पढ़ाई

- **सेंट** जॉन्स मेडिकल कॉलेज, बेंगलूरु
- **हमदर्द** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, नई दिल्ली
- **आयुर्विज्ञान** संस्थान बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- **सेठ** जीएस मेडिकल कॉलेज, मुंबई
- **श्री** गुरु गोबिंद सिंह त्रिशताब्दी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम

*- **अरुण शर्मा**, फिजियोथेरेपिस्ट*

CAREER TECH

## एक्सिस बैंक में कई पदों पर निकलीं जॉब्स




देश के जाने माने निजी बैंक एक्सिस ने कई पदों पर भर्तियां निकाली हैं। इन भर्तियों की जानकारी एक्सिस के लिंक्डइन पेज से ली जा सकती हैं।

### इन पदों पर हैं नौकरियां

- ***एसोसिएट- टैलेंट एक्विजिशन:*** कैंडिडेट्स के पास हायरिंग, ट्रेनिंग एंड डवलपमेंट और कर्मचारियों के बेनिफिट से जुड़ी जिम्मेदारी होगी।
- ***ट्रेजरी एंड मार्केट- प्राइम डेस्क:*** यह भर्ती मुंबई के लिए है। कैंडिडेट को कंपनी की फंडिंग पॉजिशन को सुपरवाइज करना और उसे मेंटेन करना होगा।
- ***सीबीजी रिलेशनशिप मैनेजर:*** यह भर्ती जमशेदपुर और पुणे के लिए है। कैंडिडेट के पास बजट टारगेट को अचीव करने समेत कई जिम्मेदारी होंगी।

EXPERT TIPS | तनाव पर इस तरह से पाएं काबू...

## स्ट्रेस को स्ट्रेंथ में बदलने के लिए ये कुछ आसान तरीके आजमाएं

आजकल काम का प्रेशर और स्ट्रेस एक सामान्य बात हो गई है, लेकिन अगर सही तरीके से इसका सामना किया जाए, तो यह आपकी स्ट्रेंथ भी बन सकता है। जानिए ऐसा करने के कुछ आसान तरीके...

**तनाव को समझें और स्वीकारें:** तनाव को समस्या के रूप में देखने के बजाय, एक चुनौती के रूप में देखें। इसे स्वीकार करें और इसे एक अवसर मानें जो आपके स्किल्स डवलप करने का मौका देता है। ऐसे इसे मैनेज कर पाएंगे।

**सही तरीके से मैनेज करें:** काम के दबाव को कम करने के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण है-समय का सही मैनेजमेंट। महत्त्वपूर्ण कार्यों की पहचान करें और उन्हें प्राथमिकता दें। एक समय में एक ही कार्य पर ध्यान केंद्रित करें। इससे न केवल आपका काम समय पर पूरा होगा, बल्कि उसकी गुणवत्ता भी बेहतर होगी। अपने दिन को प्लान करके छोटे-छोटे हिस्सों में बांट लें।



**बात करें, सीखें और सुधार लाएं:** अगर लगता है कि काम का बोझ बढ़ रहा है, तो अपने सहकर्मियों या वरिष्ठों से बात करें। खुलकर संवाद करने से न समस्या का समाधान निकल सकता है, और मन भी हल्का होगा। अगर काम में कठिनाई आ रही है, तो इसे सीखने और सुधारने का अवसर मानें। नई स्किल सीखने से क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

*- **प्रियेश गामोट**, कॉर्पोरेट ट्रेनर*

INNOVATIVE-MINDS

## जहरीली गैस को दूर कर सांस की बीमारी रोकता है डक्ट सिस्टम

उत्तराखंड की अक्षरा गुप्ता ने अनूठा डक्ट (नली) सिस्टम विकसित किया है। इसके लिए उन्हें एपीजे अब्दुल कलाम इग्नाइटेड माइंड चिल्ड्रन क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन अवॉर्ड 2023 दिया गया। अक्षरा का कहना है कि उनके इनोवेशन के जरिए काम के दौरान जहरीली गैसों से बचा जा सकता है। दरअसल कई ऐसे काम होते हैं, जिन्हें करने के दौरान जहरीली गैस निकलती हैं। इनकी वजह से वहां कार्यरत लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं सांस संबंधित कई बीमारियों का खतरा बना रहता है। अब लेकिन यह परेशानी कम होने की उम्मीद है।



### ऐसे काम करती है डक्ट

**उत्तराखंड** के खटीमा में स्थित एसएमएस दत्ता एम नोसगे पब्लिक स्कूल की 9वीं की छात्रा अक्षरा द्वारा तैयार डक्ट सिस्टम सोल्डरिंग और वेल्डिंग के दौरान निकलने वाली जहरीली गैसों को खींचकर दूर फेंकता है, ताकि कारीगर को सांस की बीमारी से बचाया जा सके।

**साभार:** हनीबी नेटवर्क विद सृष्टि एंड जीआइएएन

JOBS ALERT

**इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया**

**पद:** असिस्टेंट मैनेजर

**पद संख्या:** कुल 49 पद

**अंतिम तिथि:** 20 सितंबर, 2024

https://irdai.gov.in/

**ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) रायबरेली**

**पद:** प्रोफेसर, एडिशनल प्रोफेसर आदि

**पद संख्या:** कुल 95 पद

**अंतिम तिथि:** 5 अक्टूबर, 2024

https://aiimsrbl.edu.in/

**इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलूरु**

**पद:** प्रिंसिपल प्रोजेक्ट एसोसिएट आदि

**पद संख्या:** कुल 12 पद

**अंतिम तिथि:** 12 सितंबर, 2024

https://iisc.ac.in/

**शॉर्ट रीड** **23.5** *लाख रुपए का एनुअल पैकेज इस साल आइआइटी बॉम्बे में प्लेसमेंट का रहा, इसमें 7.7 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल यह आंकड़ा 21.8 लाख था।*

EARNING APPS

## ऑनलाइन इनबॉक्स डॉलर ऐप से करें कमाई



1. ***ऑनलाइन*** एक्टिविटी करके यूजर्स इनबॉक्स डॉलर से भी कमाई कर सकते हैं। यह ऐप यूजर्स को पैसे सीधे उनके अकाउंट में पहुंचाता है। यह ऐप कई नामी तकनीक, रिटेल और मार्केट से जुड़े ब्रांड्स के साथ करार करता है।

2. **इस** ऐप पर उन कंपनियों से जुड़े सर्वे, ईमेल पढ़ने, गेम्स खेलने और शॉपिंग जैसी एक्टिविटी करने पर रिवॉर्ड मिलता है।

3. **ऐप** पर ज्यादा कमाई करने के लिए इनके सर्वे में हिस्सा लें। आप गेम्स खेल सकते हैं और ऑनलाइन शॉपिंग भी कर सकते हैं।

4. **ऐप** को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें और लॉगिन करें।

https://play.google.com/

WOMEN-POWER | स्टार्टअप को सफल बनाने में महिलाएं पीछे नहीं, उन्होंने साबित कर दिखाया

# महिलाओं ने लिखी इन स्टार्टअप की तकदीर

**नए स्टार्टअप को शुरू करने और उसे सफल बनाने में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। देश की कई ऐसी महिलाएं हैं, जिन्होंने इसका उदाहरण पेश किया है। उन्होंने सिर्फ स्टार्टअप को सफल ही नहीं बनाया बल्कि उसे यूनिकॉर्न क्लब में भी पहुंचाया। ये स्टार्टअप महिलाओं के आगे बढ़ने और कुछ नया करने की प्रेरणा बने। आइए जानते हैं इनके बारे में...**

### नायका

**नायका** की नींव रखी फाउंडर फाल्गुनी नायर ने। इसकी शुरुआत तब हुई जब साल 2012 में कोटक महिंद्रा में मैनेजिंग डायरेक्टर की जॉब छोड़कर ब्यूटी और वेलनेस सेक्टर में शुरुआत के लिए 100 करोड़ रुपए जुटाए। उन्होंने मेहनत से इसे एक विश्वसनीय ब्रांड बनाया और 2020 में इसकी वैल्यूएशन 1.2 बिलियन डॉलर हुई और 2021 में यह यूनिकॉर्न स्टार्टअप बना।



### मामाअर्थ

मामाअर्थ की फाउंडर गजल अलघ ने इसकी नींव साल 2016 में रखी। उनका लक्ष्य एक ऐसे ब्रांड को विकसित करना था जिसके उत्पाद नेचुरल प्रोडक्ट के तौर पर पहचान बनाएं। स्किन के लिए टॉक्सिन फ्री हों। उनकी यह मेहनत सफल रही और मामाअर्थ पहला ऐसा एशियन ब्रांड बना जिसे मेड सेफ सर्टिफिकेशन मिला। साल 2022 में इस ब्रांड की वैल्यू 1.2 बिलियन डॉलर पहुंच गई और इसे यूनिकॉर्न क्लब में शामिल होकर तहलका मचा दिया। सफलता का सफर अभी भी जारी है।

### हसूरा

कोफाउंडर राजोशी घोष मानती हैं कि नए ऐप को बनाना और उसे डिप्लॉय करना कभी मुश्किल काम हुआ करता था। इसी सोच के साथ 2017 में हसूरा आया। हसूरा भारत में ऐप डवलपमेंट को बदलने में सबसे आगे हैं। राजोशी घोष ने तकनीकी उद्योग में क्रांति लाकर डवलपिंग क्षेत्र को सशक्त बनाया है। वास्तव में उनके नेतृत्व में हसूरा तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी रहा और अपनी एक अलग जगह बनाई।

### द गुड ग्लैम ग्रुप

**प्रियंका** गिल और नैय्या सागी ने मिलकर 2021 में इसकी शुरुआत की। लगातार मेहनत और लगन के दम पर बहुत कम समय में यह यूनिकॉर्न क्लब का मेम्बर बना। यह एशिया का सबसे सबसे बड़ा कंटेंट क्रिएटर कॉमर्स कॉन्गलोमेरेट है। यह ग्रुप 11 कंपनियों को एक्वायर कर चुका है।

### प्रिस्टिन केयर

कोफाउंडर डॉ. गरिमा ने हरसिमरबिर सिंह और डॉ. गौरव कपूर के साथ मिलकर 2018 में इसकी शुरुआत की। यह एक हैल्थ टेक स्टार्टअप है। वर्तमान में इससे जुड़े 700 हॉस्पिटल और 100 क्लीनिक हैं। शुरुआत में 300 हॉस्पिटल और 100 क्लीनिक का टारगेट रखा गया था। साल 2021 में यह यूनिकॉर्न स्टार्टअप बना।

INNOVATION-NEWS

## 'सिलाईवाली' पहल ने कपड़ा कचरा बनने से बचाया और महिलाओं को रोजगार भी दिया



**आइरिस** और बिश्वदीप मोइत्रा ने मिलकर 'सिलाईवाली' नाम की पहल शुरू की। इसका मकसद दिल्ली में संघर्ष कर रहीं अफगानिस्तान की शरणार्थी महिलाओं को रोजगार देना था। इस तरह सोशल स्टार्टअप की शुरुआत हुई और इसके जरिए 15 हजार किलो कपड़े को कचरा बनने से रोका गया। इस तरह कतरन से महिलाओं को डॉल, पर्स और दूसरी चीजें बनाना सिखाया गया। 2018 में 10 महिलाओं के साथ शुरू हुए इस स्टार्टअप में अब 70 महिलाएं हैं। आइरिस फ्रांस से हैं और डिजाइन की स्टूडेंट रही हैं। वह भारत प्रशिक्षण देने आईं ताकि ये प्रोडक्ट अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचे जा सकें। फिर जर्नलिस्ट रह चुके बिश्वदीप से योग केंद्र में मिलीं और बाद में शादी हुई। अब दोनों दिल्ली में मिलकर इसे चला रहे हैं।

LEARNING TOOLS

15-40 वर्ष वालों के लिए

## एक्सेल से ऐसे हटा सकते हैं डुप्लीकेट डाटा

एक्सेल में कई बार एक ही एंट्री दो बार हो जाती है इससे कैलकुलेशन में गड़बड़ी हो जाती है। एक आसान से तरीके से डबल एंट्रीज को रिमूव किया जा सकता है। **जानिए कैसे...**

अगर आपकी स्प्रेडशीट पर कोई डाटा रिपीट हो रहा है तो सबसे पहले रिपीट डाटा को सलेक्ट करें। अब डाटा टैब में जाकर रिमूव डुप्लीकेट पर क्लिक करें।

**फिर** आपको एक डायलॉग बॉक्स मिलेगा। उन बॉक्स को चेक पर रखना है, जिन्हें आप रिमूव करना चाहते हैं।

**अगर** आपके डाटा में हैडर है, तो माई डाटा हैज हैडर पर क्लिक करके चेक करना है और ओके पर क्लिक करें।

*आपके सुझाव और जिन विषयों के बारे में पढ़ना चाहते हैं हमें बताएं। आपके सवाल हमें वाट्सऐप करें 9057531584*

TECH-QUESTION

## एंड्रॉयड फोन: परफॉर्मेंस ऐसे बढ़ाएं?

एंड्रॉयड सिस्टम इच्छानुसार कस्टमाइज और इस्तेमाल करने की सुविधा देता है। लेकिन, लगातार इस्तेमाल यह धीमा होने लगता है। ऐसे बढ़ाएं परफॉर्मेंस...

- **फोन को रीस्टार्ट करें:** कुछ एक्टिविटीज फोन बैकग्राउंड में चालू रहती हैं और फोन की परफॉर्मेंस पर असर डालती हैं। इसे रीस्टार्ट करके परफॉर्मेंस को बढ़ा सकते हैं।
- **होम स्क्रीन से विजेट हटाएं:** विजेट-रहित होमस्क्रीन आपके पुराने एंड्रॉयड फोन पर कुछ रिसोर्सेज खाली करने में मदद कर सकती है।
- **एनिमेशन हटाएं या कम करें:** एनिमेशन कम करने से फर्क दिखने लगेगा। इसके लिए अबाउट फोन सेक्शन में जाएं और बिल्ड नंबर पर कई बार टैप करें। अब टोस्ट नोटिफिकेशन में फीचर ऑन दिखेगा। सेटिंग ऐप पर वापस जाएं। ऊपर सर्च बार में डवलपर ऑप्शन टाइप और दिखने पर टैप करें। 'विंडो एनिमेशन स्केल', 'ट्रांज़िशन एनिमेशन स्केल' और 'एनिमेटर ड्यूरेशन स्केल' के लिए नीचे जाएं और उन्हें '.5एक्स' पर सेट करें।



### स्टोरेज-अपडेट का रखें ध्यान

सुनिश्चित करें कि कुछ खाली स्टोरेज हो। ऐप्स ज्यादा डेटा स्टोर करते हैं, इसलिए टेंपरेरी फाइल और रोजमर्रा के कामों के लिए पर्याप्त स्टोरेज नहीं है, तो एंड्रॉयड डिवाइस धीमा पड़ सकता है। सॉफ्टवेयर अपडेट इंस्टॉलेशन में देरी न करें। ये डिवाइस की सुरक्षा बढ़ाते हैं। इसे स्लो करने वाले बग दूर करते हैं।

*- **अंजलिका पंवार***

TECH KNOWLEDGE | एआइ से एडिटिंग करके वीडियो को बेहतर बना सकते हैं...

## क्रिएटर्स के लिए बेहतरीन एआइ वीडियो एडिटिंग टूल

वीडियो एडिटिंग को हमेशा से जटिल और समय खपाने वाला काम माना जाता रहा है। लेकिन अब नई एआइ-संचालित तकनीक ने वीडियो एडिटिंग की दुनिया में क्रांति ला दी है। जानिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से वीडियो एडिटिंग को कैसे आसान बना सकते हैं...

- ***डिस्क्रिप्ट:*** डिस्क्रिप्ट की सबसे खास बात यह है कि यह आपको वीडियो के ट्रांसक्रिप्शन के आधार पर क्लिप को संपादित करने की अनुमति देता है। यह ऐसा है जैसे आप किसी दस्तावेज में टेक्स्ट को संपादित कर रहे हों। आपको वीडियो टाइमलाइन पर क्लिप को खींचने और छोड़ने की जरूरत नहीं है। इससे वीडियो एडिटिंग तेज और आसान होती है। यह स्क्रिप्ट लिखने, क्लिप बनाने और संपादन को अनुकूलित करने में भी मदद करता है।



### ये तरीके भी करते हैं मदद

- ***वन रनवे:*** यह टूल सरल टेक्स्ट प्रॉम्प्ट से वीडियो और एनिमेशन बना सकता है, स्टिल इमेज को वीडियो के रूप में जीवंत कर सकता है। आवाज की रिकॉर्डिंग के आधार पर लिप-सिंकिंग अवतार बना सकता है। यह एआइ वीडियो प्रोडक्शन स्टूडियो है, जो कल्पना को हकीकत में बदलता है।
- ***लुमेन 5:*** अगर ऐसे टूल की तलाश में हैं, जो ब्लॉग पोस्ट या लेख को आकर्षक वीडियो में बदल दे, तो लुमेन 5 अच्छा विकल्प हो सकता है। यह भी एआइ-संचालित वीडियो क्रिएटर प्लेटफॉर्म है, जो चंद क्लिक में पेशेवर दिखने वाले वीडियो बनाने में मदद करता है। इससे वीडियो कस्टमाइज, उसमें एनिमेशन, संगीत, शैली जैसे एलिमेंट्स भी जोड़ सकते हैं।
- ***सिंथेसिया:*** सिंथेसिया के स्टार्टर प्लान में 70 से ज्यादा अवतार और 120 आवाजें हैं। अगर खुद का वीडियो शूट पसंद नहीं तो सिंथेसिया से अपना अवतार बनवा सकते हैं। इसमें 10 दिन तक का समय लग सकता है। इसमें एडिटिंग टूल का इस्तेमाल करना आसान है, जिसमें ढेर सारे टेम्पलेट हैं। एआइ वॉयस इस्तेमाल कर सकते हैं।

*- **आशीष खंडेलवाल***



लगातार प्रयास से मिलेगी सफलता



*आपकी हार तब तक नहीं मानी जा सकती जब तक कि आप अपने सपने पूरे करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। - **डॉ. मनमोहन सिंह,** पूर्व प्रधानमंत्री*

CET के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू, इसकी डिटेल्स जानने के लिए स्कैन करें...

## CURRENT NEWS

# करंट अफेयर्स क्लियर करने वाले सवाल-जवाब



**Q1 आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 कहां आयोजित किया जाएगा?**

***इंग्लैंड*** *के लॉर्ड्स स्टेडियम में आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल आयोजित किया जाएगा। इस चैंपियनशिप का फाइनल 11 से 15 जून, 2025 को आयोजित किया जाएगा।*

**Q2 कौनसा संगठन ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआइआइ) प्रकाशित करता है?**

***वर्ल्ड*** *इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गेनाइजेशन (डब्लूआइपीओ) नामक संगठन ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स प्रकाशित करता है। यह संगठन, संयुक्त राष्ट्रसंघ की एक एजेंसी के रूप में काम करता है और बौद्धिक संपदाओं को मान्यता प्रदान करता है।*

**Q3 भारतीय वायुसेना के एसयू-30 एमकेआई विमान के लिए 240 एयरो इंजन की आपूर्ति करने की मंजूरी किसे दी गई है?**

***हिंदुस्तान*** *एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को। 02 सितंबर, 2024 को सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने एचएएल से भारतीय वायुसेना के एसयू-30 एमकेआई विमान के लिए एयरो इंजन की खरीद की मंजूरी दी।*

**Q4 पश्चिम बंगाल में अपराजिता महिला व बाल विधेयक लाने का प्राथमिक कारण क्या है?**

***हाल*** *ही 09 अगस्त, 2024 को एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ जघन्य दुष्कृत्य और हत्या के बाद महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प. बंगाल सरकार ने सर्वसम्मति से अपराजिता महिला व बाल विधेयक (प. बंगाल आपराधिक कानून और संशोधन) 2024 पारित किया है।*

**Q5 पेरिस पैरालंपिक 2024 में सुमित अंतिल ने किस स्पर्धा में स्वर्ण जीता?**

***सुमित*** *अंतिल ने भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया।*

## Course-choice

पीएचडी यानी डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी यानी संबंधित विषय का विद्वान।

# बेहतर कॅरियर के द्वार खोलती... पीएचडी



**पीएचडी को डॉक्टरेट भी कहा जाता है। एकेडमिक अनुशासन में पीएचडी उच्चतम स्तर की डिग्री है। प्रख्यात शिक्षाविद्, विषय विशेषज्ञ और बौद्धिक जन होने का प्रतीक है पीएचडी। पीएचडी एक डिग्री ही नहीं उपाधि भी है। संविधान के अनुच्छेद 18 (1) के अनुसार उपाधियां निषिद्ध हैं, किंतु शैक्षणिक उपाधियों पर कोई निषेध नहीं है। पीएचडी भी उन्हीं में से एक है। आइए जानें इससे जुड़ी कुछ जरूरी बातों के बारे में...**

एक पीएचडी धारक को बोलचाल में डॉक्टर कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि अपने विषय में वह अन्य व्यक्तियों की तुलना में विशेष एवं गहरा ज्ञान रखता है। इस डिग्री से रोजगार के शानदार अवसर के द्वार खुलते हैं। जून 2024 के बाद सहायक आचार्य, सह आचार्य, आचार्य, शोध सहायक हेतु नेट-सेट के साथ पीएचडी होना जरूरी है।

### तार्किकता का प्रसार

एक अच्छे स्कॉलर और प्रोफेसर के लिए इसे पेशे की नैतिकता में रुचि का संकेत माना जाता है। उनमें बौद्धिक जिज्ञासा का विस्तार होने के साथ ही शैक्षणिक अनुभव समृद्ध होता है। साथ ही, एक पीएचडी धारक में वैज्ञानिकता, तार्किकता जैसे समृद्ध गुणों का प्रसार होता है।

### यह है पात्रता

पीएचडी हेतु किसी भी स्ट्रीम में स्नातकोत्तर होना पहली आवश्यक अहर्ता है। किसी भी स्ट्रीम जैसे- कला, वाणिज्य, विज्ञान आदि में स्नातक होना और इसमें 48% एवं स्नातकोत्तर में 55% अंक होना आवश्यक है।

### सिनॉप्सिस तैयार करना

रिसर्च गाइड अलॉट होने के साथ ही विद्यार्थी एक शोधार्थी के रूप में अपना काम शुरू करता है। सबसे पहले वह अपने गाइड के निर्देशन में अपने विषय में भी किसी एक पसंदीदा विषय पर अपने शोध का मसौदा अथवा प्रस्ताव (सिनॉप्सिस) तैयार करता है। आजकल अंतर अनुशासनात्मक शोध की प्रवृत्ति बढ़ रही है। सिनॉप्सिस एक शोध प्रस्ताव अथवा मसौदा होता है।

### कोर्सवर्क को जानिए

प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण व्यक्ति को छह माह अथवा 180 घंटे का कोर्सवर्क कार्यक्रम करवाया जाता है, जिसमें शोध इच्छुक व्यक्ति शोध प्रणाली अथवा प्रक्रिया को समझता है। शोध को मौलिक निष्पक्ष तटस्थ बनाने में कोर्सवर्क का बड़ा महत्त्व है।

### डीआरसी बैठक

सिनॉप्सिस को गाइड द्वारा पास किए जाने पर विभागीय अनुसंधान समिति (डीआरसी) के समक्ष प्रस्तुत करना होता है। डीआरसी में विभागाध्यक्ष, सबजेक्ट एक्सपर्ट, रिसर्च सुपरवाइजर होते हैं। इसमें शोधार्थी को अपने शोध से संबंधित प्रश्नों का जवाब देने होते हैं।

### थीसिस लेखन

इस हेतु शोधार्थी को तीन वर्ष का समय दिया जाता है। विशेष परिस्थिति में गाइड की सहमति से इसे दो वर्ष और बढ़ाया जा सकता है। इस दौरान छात्रवृत्ति भी दी जाती है। शोधार्थी के यूजीसी जेआरएफ नेट होने पर प्रतिमाह करीब 40 हजार तक छात्रवृत्ति मिलती है।

### प्रवेश प्रक्रिया

विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थाओं के पीएचडी कार्यक्रम समाचार-पत्रों में समय समय प्रकाशित होते हैं। इसके लिए आप आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में भाग ले सकते हैं।



**डॉ. नरेंद्र कुमार परेवा**
*सह-आचार्य, समाजशास्त्र*
*पं. नवल किशोर शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दौसा*

***उपाधि वितरण :*** वायवा में सफल होने के बाद शोधार्थी को डॉक्टरेट की उपाधि एवं प्रमाण-पत्र राज्यपाल एवं कुलाधिपति प्रदान करते हैं। चाहें तो इसके बाद पोस्ट डॉक्टरल फैलोशिप भी कर सकते हैं।

## KNOWLEDGE-CORNER

# संयुक्त राष्ट्र महासभा को जानिए

**प्रमोद जोशी, वरिष्ठ पत्रकार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने अमरीका जा रहे हैं। 22 सितंबर को वे न्यूयॉर्क के नसाऊ स्टेडियम में 'मोदी एंड यूएस प्रोग्रेस टुगेदर' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस यात्रा के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनका संबोधन 26 सितंबर को होगा। जनरल असेंबली का यह 79वां सत्र है। यूएन के मुख्य निकाय छह हैं। 1. महासभा, 2. सुरक्षा परिषद, 3. आर्थिक और सामाजिक परिषद, 4. ट्रस्टीशिप परिषद, 5.अंतरराष्ट्रीय न्यायालय और 6. यूएन सचिवालय। इनके अलावा भी यूएन के दूसरे अंग हैं। कई मायने में महासभा इनमें सबसे महत्त्वपूर्ण अंग है। आमतौर पर यूएन के नीति संबंधी विषयों पर यहीं विचार होता है और यूएन का बजट भी यहां से पास होता है। सुरक्षा परिषद के अस्थाई सदस्यों और संगठन के महासचिव की नियुक्ति भी महासभा करती है। विविध अंगों से प्राप्त



रिपोर्ट्स पर भी महासभा विचार करती है और प्रस्तावों के रूप में उन्हें पास भी करती है। यूएन महासचिव या महासभा के सभापति की अध्यक्षता में नियमित अधिवेशन हर साल सितंबर में होते हैं। इस साल यह 10 सितंबर को शुरू होगा और इसमें 24 सितंबर से देशों के बीच चर्चा चलेगी।

## COURSE CLICK

**डीयू एडमिशन प्रक्रिया**

# दिल्ली यूनिवर्सिटी में खाली सीटों पर एक और अवसर

दिल्ली यूनिवर्सिटी में 75 हजार से ज्यादा एडमिशन हो चुके हैं और शेष सीटों के लिए तीसरा राउंड 11 सितंबर, 2024 से शुरू होगा। हालांकि इससे पहले डीयू, स्पोर्ट्स और एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटी के लिए पहली लिस्ट जारी करेगी।



### तीसरा राउंड 11 सितंबर से

डीयू से संबद्ध कुछ कॉलेजों में सीट अलॉटमेंट तीसरे राउंड में किया जाएगा। यह राउंड 11 सितंबर, 2024 से प्रारंभ होगा। पीजीडीएवी, अंबेडकर कॉलेज, अदिति कॉलेज, भगिनी निवेदिता कॉलेज, गार्गी कॉलेज, जानकी देवी कॉलेज, आचार्य नरेन्द्र देव कॉलेज, श्यामलाल कॉलेज सहित कई इवनिंग कॉलेज में भी अवसर दिया जाएगा।

### यह ध्यान रखें

अगर आप भी दिल्ली यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए कतार में हैं, तो वैकेंट लिस्ट ठीक से देखें। दरअसल इसके बाद ही आप तीसरे राउंड के लिए तैयार हो सकते हैं।

## SELF-HELP

# तकनीक के सदुपयोग से बेहतर करें अपनी तैयारी



**तकनीक** से आज लगभग हर कोई जुड़ा हुआ है और स्टूडेंट लाइफ में तो इसका अहम योगदान है। ऐसे में ये कुछ ऐसे तरीके हैं, जिनसे अच्छी तैयारी होगी-

- **गैजेट्स** को अपडेट रखें, ताकि ऐप्स पर अपडेटेड सर्विसेज मिल सकें।
- **ऑनलाइन** स्टडी के दौरान भी अपने नोट्स जरूर तैयार करें।
- **स्मार्टफोन** या टैबलेट पर भी नोट्स बना सकते हैं।
- **वीडियो** या ऑडियो ट्यूटोरियल्स की मदद ले सकते हैं।
- **गूगल** असिस्टेंट या अन्य कमांडिंग वॉइस फीचर्स आपको तुरंत सर्च का अवसर उपलब्ध करवाते हैं।
- **डिजिटल** वेलबीइंग सर्विस में आप अपना स्मार्टफोन व ऐप यूज का टाइम देखकर इसे कंट्रोल कर सकते हैं।

## PRODUCTIVE STUDY

रचनात्मकता आपके गुणों को निखारने का काम करती है।

# क्रिएटिविटी के लिए समय बचाकर कुशलता से करें स्टडी

क्रिएटिव होना एक विशेष प्रकार का गुण है, जो आपको दूसरों से अलग बनाता है। इससे आप कुशलता से पढ़ाई कर सकते हैं-

- **अपनी** रचनात्मकता समझें और वक्त दें।
- **स्टडी** के दौरान रचनात्मक गुणों को प्राथमिकता से विकसित करें।



फोकस

- **क्रिएटिविटी** आपकी प्रेरणा के रूप में काम करती है।
- **इससे** आपको स्टडी में जुटे रहने में मदद मिलती है।
- **आपकी** प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स विकसित होती हैं।
- **धैर्य** बढ़ता है। परिणाम अच्छे आते हैं।

**शॉर्ट रीड** **37वें** ***स्थान पर है भारत दुनियाभर में साइंस और मैथ्स एजुकेशन के मामले में।*** *(वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अनुसार)* ***जबकि यूनिवर्सिटी क्वालिटी के मामले में भारत 33वें स्थान पर है।*** *(एक सर्वे)*

## VACANCY OPEN

# IIT खड़गपुर ने व्यावसायिक प्रशिक्षु पद पर मांगे आवेदन



**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर ने व्यावसायिक प्रशिक्षु (वित्त और लेखा) पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए आइआइटी संस्थान ने 12 सितंबर, 2024 अंतिम तिथि की घोषणा की है। भर्ती प्रक्रिया में ऑनलाइन एडमिशन लिया जा सकता है। इसके तहत कुल दस रिक्तियों की घोषणा की गई है। इन पदों के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष और अधिकतम 25 वर्ष तय की गई है। साथ ही इन पदों के लिए ग्रेजुएशन शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की गई है। आवेदन करने से पहले आप आइआइटी खड़गपुर की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर नोटिफिकेशन से जानकारी जुटा लें। इसके बाद अप्लाई करें।

iitkgp.ac.in

## READERS REQUEST

# बिजनेस की शुरुआत

**राकेश सैनी, अलवर- मैंने प्रिंटिंग से जुड़ा बिजनेस शुरू किया है। मुझे इसे बढ़ाने के लिए क्या कोर्स करने चाहिए?**

**कॅरियर काउंसलर, दीपक सक्सेना** - प्रिंटिंग प्रेस का काम अपने आप में भरपूर अवसर से युक्त है। इसके लिए आप चाहें तो पत्रकारिता एवं जनसंचार में ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन एवं पीएचडी तक कर सकते हैं। साथ ही, आप डेस्कटॉप पब्लिशिंग से जुड़े डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स भी कर सकते हैं। आप क्वार्क एक्सप्रेस, एडोब इनडिजाइन, कोरल ड्रॉ जैसे सॉफ्टवेयर्स भी सीख सकते हैं। साथ ही आप यूट्यूब जैसे वीडियो प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी ऑनलाइन लर्निंग ले सकते हैं। इससे आप अपना बिजनेस भी बढ़ा पाएंगे और आपको नॉलेज भी मिलेगी। आप चाहें तो ऐसे कर्मचारी हायर कर सकते हैं, जो इन सॉफ्टवेयर्स पर पकड़ रखते हैं। बिजनेस के विस्तार हेतु आप बिजनेस एवं मैनेजमेंट से जुड़े कोर्स भी कर सकते हैं। इससे आप अपने बिजनेस को भी नियोजित कर पाएंगे।

***आप भी भेजें अपने सवाल...***

90575 31584

## CISF RECRUITMENT

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने कांस्टेबल/ फायर (पुरुष) पदों के लिए आवेदन मांगे हैं।

# सरकारी नौकरी के लिए तैयारी में जुटे हैं, तो 1130 पदों पर...

CISF में भर्ती



केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) ने कांस्टेबल/ फायर (पुरुष) पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी कर आवेदन मांगे हैं। इसके तहत आवेदन प्रक्रिया जारी है और 30 सितंबर, 2024 तक इन पदों के लिए एप्लीकेशन फॉर्म जमा कर सकते हैं। इसके लिए आप सीआइएसएफ की आधिकारिक वेबसाइट cisfrectt.cisf.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

### यह है योग्यता

विज्ञान विषय के साथ किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा या समकक्ष योग्यता पूरी कर ली है, तो इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए 18 से 23 साल के उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक व योग्य उम्मीदवारों को अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन आवेदन फॉर्म जमा कर देना चाहिए।

- आवेदन के लिए अंतिम तिथि का इंतजार न करें।
- 18 से 23 वर्ष की उम्र के कैंडिडेट्स ही अप्लाई कर सकते हैं।
- 30 सितंबर, 2024 इन पदों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

### तैयारी के लिए कुछ टिप्स

- **अभी** से पढ़ाई में जुट जाएं।
- **तैयारी** के साथ-साथ खुद ही नोट्स भी तैयार करें।
- **सेल्फ** टेस्ट व मॉक टेस्ट को अपनाते हुए तैयारी करें।
- **खुद** का एनालिसिस करें और टेस्ट के रिजल्ट के आधार पर खुद के दावे को मजबूती प्रदान करें।

### चयन प्रक्रिया के चरण

- ***फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट :*** इसमें कद, सीने और वजन का माप होगा। उम्मीदवारों को निर्धारित शारीरिक मानकों को पूरा करना होगा। जो लोग इन मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
- ***फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट:*** उम्मीदवारों को एक निश्चित समय के भीतर दौड़ पूरी करनी होगी (जैसे 6 मिनट और 30 सेकंड में 1.6 किलोमीटर दौड़ना)। अन्य शारीरिक क्रियाकलापों में लॉन्ग जम्प और हाइ जम्प आदि भी शामिल हो सकते हैं।
- ***डॉक्यूमेंटेशन :*** अभ्यर्थियों को अपने मूल दस्तावेज जैसे शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आयु प्रमाण-पत्र और अन्य प्रमाण-पत्र दिखाने होंगे।
- ***ट्रेड टेस्ट :*** ट्रेड्समैन पदों के लिए, संबंधित ट्रेड (जैसे नाई, रसोइया, ड्राइवर) में उम्मीदवार के कौशल का मूल्यांकन करने के लिए ट्रेड टेस्ट आयोजित किया जाता है।
- ***लिखित परीक्षा :*** परीक्षा में आमतौर पर सामान्य जागरूकता, सामान्य ज्ञान, प्रारंभिक गणित, विश्लेषणात्मक योग्यता और अंग्रेजी/ हिंदी में बुनियादी ज्ञान शामिल होता है। परीक्षा का आयोजन का समय दो घंटे संभावित है।
- ***मेडिकल एग्जाम :*** यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप सीआइएसएफ मानकों के अनुसार, चिकित्सकीय रूप से फिट हैं, अभ्यर्थियों को गहन चिकित्सा परीक्षण से गुजरना होगा।
- ***फाइनल मेरिट लिस्ट :*** अंतिम चयन लिखित परीक्षा, पीइटी, पीएसटी, ट्रेड टेस्ट और मेडिकल परीक्षा में उम्मीदवार के प्रदर्शन पर आधारित होता है।

## STUDY ABROAD

क्यूबा के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज भारतीय स्टूडेंट्स के लिए आकर्षक विकल्प साबित हो सकते हैं।

# भारतीय छात्रों के लिए क्यूबा में मेडिकल स्टडी के अवसर

**क्यूबा दुनियाभर में अपनी गुणवत्तापूर्ण मेडिकल शिक्षा के लिए जाना जाता है। कम खर्च में विश्वस्तरीय मेडिकल डिग्री हासिल करने के इच्छुक भारतीय छात्रों के लिए क्यूबा एक आकर्षक विकल्प है।**

- **कम लागत :** क्यूबा में मेडिकल शिक्षा की फीस अन्य देशों की तुलना में काफी कम है।
- **गुणवत्तापूर्ण शिक्षा :** क्यूबा के मेडिकल कॉलेज विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मान्यता प्राप्त हैं और यहां की शिक्षा पद्धति काफी व्यावहारिक है।
- **अंग्रेजी माध्यम :** कई मेडिकल कॉलेज अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई करवाते हैं, जिससे भारतीय छात्रों को आसानी होती है।
- **क्लिनिकल एक्सपोजर :** छात्रों को भरपूर क्लिनिकल एक्सपोजर मिलता है, जिससे वे अपनी पढ़ाई के दौरान ही रोगियों का इलाज करना सीख जाते हैं।
- **सांस्कृतिक अनुभव :** क्यूबा एक समृद्ध संस्कृति वाला देश है, यहां पढ़ाई करने के दौरान छात्रों को एक अनूठा सांस्कृतिक अनुभव मिलता है।
- **क्यूबा** में कई प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज हैं, जो दुनियाभर के छात्रों को आकर्षित करते हैं।

### प्रमुख कॉलेज

- **सैंटियागो डे क्यूबा चिकित्सा विज्ञान विवि:** यह क्यूबा के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित मेडिकल स्कूलों में से एक है।
- **विला क्लारा विवि :** इस विश्वविद्यालय में मेडिकल साइंसेज फैकल्टीज मौजूद हैं, जो उच्च गुणवत्ता वाली मेडिकल शिक्षा उपलब्ध करवाती है।
- **सैंक्टी स्पिरिटस चिकित्सा विज्ञान विवि :** यह विश्वविद्यालय मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है और इसमें आधुनिक सुविधाएं हैं।
- **कामगुएय विवि :** इस विश्वविद्यालय में मेडिकल साइंसेज फैकल्टी है, जो छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करती है।
- **लास टुनास विवि :** यह विश्वविद्यालय मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक का उपयोग करता है।



### आवेदन प्रक्रिया

यह कॉलेजों के लिए अलग-अलग हो सकती है। इसमें 10वीं, 12वीं की मार्कशीट, नीट स्कोरकार्ड, पासपोर्ट आदि दस्तावेजों का सत्यापन। कुछ कॉलेजों में इंटरव्यू लिया जाता है। निर्धारित फीस जमा करवाना जरूरी है।

### दाखिले के लिए पात्रता

12वीं कक्षा विज्ञान विषयों (भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान) के साथ पास होना। नीट परीक्षा उत्तीर्ण करना। अंग्रेजी भाषा प्रवीणता।

**चुनौतियां भी**

**भाषा :** हालांकि कई कॉलेज अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई करवाते हैं, लेकिन स्पेनिश भाषा जानना फायदेमंद हो सकता है।

**भारत में मान्यता :** क्यूबा से प्राप्त मेडिकल डिग्री को भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा नियंत्रित परीक्षा के माध्यम से मान्यता दी जाती है।

**मान्यता के लिए :** भारतीय चिकित्सा परिषद की स्क्रीनिंग परीक्षा, एफएमजीइ उत्तीर्ण करनी होती है।



**प्रो. अशोक कुमार,** शिक्षाविद्

*यहां मेडिकल शिक्षा भारतीय छात्रों के लिए अच्छा विकल्प हो सकता है, लेकिन पहले सभी पहलुओं पर विचार करें।*

## SCHOLARSHIP ALERT

# लीग्रैंड एम्पावरिंग स्कॉलरशिप प्रोग्राम



लीग्रैंड एम्पावरिंग स्कॉलरशिप प्रोग्राम 2024-25 एक सामाजिक पहल है। इसका उद्देश्य मेधावी, दिव्यांग, कोविड प्रभावित, एलजीबीटीक्यू, सिंगल पेरेंट वाले एवं अनाथ छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

### यह है योग्यता

- ***बीई,*** बीटेक, बीआर्क, बीबीए, बीकॉम व बीएससी डिग्री प्रोग्राम में एडमिशन ले चुकी छात्राएं एडमिशन के योग्य हैं।
- ***10वीं*** व 12वीं में मिनिमम 70 फीसदी अंक होने चाहिए।
- ***आवेदक*** के परिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय पांच लाख से कम होनी चाहिए।
- ***कोर्स*** की समाप्ति तक हर साल 60 फीसदी कोर्स फीस यानी 60 हजार रुपए तक की राशि प्रदान की जाएगी।
- ***विशेष*** श्रेणी की छात्राओं को हर साल 80 फीसदी कोर्स फीस यानी एक लाख रुपए तक की राशि दी जाएगी।

### ऐसे करें आवेदन

विजिट करें - legrandscholarship.co.in

## OPEN ADMISSION

**इडब्लूएस एडमिशन, दिल्ली**
**कोर्स:** क्लास 2 से 9वीं तक
**अंतिम तिथि:** 13 सितंबर, 2024
www.edudel.nic.in

**जवाहर नवोदय विद्यालय**
**कोर्स:** क्लास 6
**अंतिम तिथि:** 16 सितंबर, 2024
navodaya.gov.in

**वर्धमान महावीर खुला विवि**
**कोर्स:** यूजी-पीजी कोर्स
**अंतिम तिथि:** 25 सितंबर, 2024
vmou.ac.in

**फुटबॉल:** पुर्तगाल के 39 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी ने इतिहास रचने के बाद कहा कि वह अभी रुकने वाले नहीं...

# 1000 गोल रोनाल्डो का लक्ष्य...

## 900 गोल करने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर

**बेनफिका (पुर्तगाल) @ पत्रिका.** मैं रेकॉर्ड के पीछे नहीं जाता, रेकॉर्ड मेरे पीछे आते हैं...पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इंटरव्यू के दौरान एक बार यह बात कही थी। यह सच भी है, क्योंकि शायद ही किसी ने सोचा होगा कि कोई खिलाड़ी 900 गोल भी दाग सकता है। लेकिन रोनाल्डो ने यह कमाल कर दिखाया। उन्होंने गुरुवार रात नेशंस लीग मैच में क्रोएशिया के खिलाफ 34वें मिनट में गोल दागा और इतिहास में 900 गोल करने वाले पहले फुटबॉलर बने। रोनाल्डो ने साबित किया कि यदि आपके अंदर जुनून है तो उम्र भी पीछे छूट जाती है।

आनंदमूर्ति

### अभी संन्यास लेने का इरादा नहीं

**रोनाल्डो** की उम्र भले ही 39 साल हो गई हो लेकिन उन्होंने साफ कर दिया कि वह अभी संन्यास लेने वाले नहीं हैं और सिर्फ 900 गोल पर रुकने वाले नहीं हैं। रोनाल्डो ने कहा, मैं 1000 गोल तक पहुंचना चाहता हूं। यदि मैं चोटिल नहीं हुआ तो यह वो चीज है, जिसे मैं हर हाल में हासिल करना चाहता हूं।

**ये तो होना ही था...**

यह रेकॉर्ड मील का पत्थर है। मैं जानता था कि यदि मैं लगातार खेलता रहा तो इस नंबर तक पहुंच सकता हूं। यह तो होना ही था। -**रोनाल्डो**

**छलके आंसू: इतिहास रचने के बाद हो गए भावुक...**

**रेकॉर्ड** 900वां गोल करने के बाद रोनाल्डो भावुक हो गए। उन्होंने घुटने के बल मैदान पर बैठकर ईश्वर का शुक्रिया अदा किया और इस गोल का जश्न मनाया। रोनाल्डो के ऐतिहासिक गोल के दम पर पुर्तगाल ने सर्बिया को 2-1 से शिकस्त देकर ग्रुप-ए में जीत से आगाज किया। रोनाल्डो के अलावा पुर्तगाल के लिए एक गोल सातवें मिनट में डिएगो डेलोट ने दागा।

**इन टीमों के लिए खेलते हुए दागे गोल**




**इनके नाम सर्वाधिक गोल**

| खिलाड़ी | देश | गोल |
|---|---|---|
| रोनाल्डो | पुर्तगाल | 900 |
| लियोनल मेसी | अर्जेंटीना | 867 |
| पेले | ब्राजील | 778 |
| रोमारियो | ब्राजील | 785 |

2002 में स्पोर्टिंग सीपी टीम के लिए अपने जूनियर करियर का पहला गोल करते हुए रोनाल्डो।



**7579** करोड़ रुपए रोनाल्डो की कुल संपत्ति

**2182** करोड़ रुपए रोनाल्डो की सालाना कमाई है

### रोनाल्डो का सफरनामा...

**कहां हुआ जन्म:** रोनाल्डो का जन्म 5 फरवरी 1985 में पुर्तगाल के मदीरा नामक द्वीप पर फंचल के साओ पेड्रो पैरिश में हुआ था। **उन्होंने सात साल की उम्र में खेलना शुरू किया।**

***कहां से हुई शुरुआत:*** रोनाल्डो के पिता एक स्थानीय क्लब एन्डोरिन्हा में किटमैन थे। इस क्लब से ही रोनाल्डो ने शुरुआत की। **10 साल की उम्र में वह नेशनल क्लब में शामिल हो गए और उस क्लब में दो साल बिताए।**

***पहली कमाई कितनी रही:*** 12 साल की उम्र में रोनाल्डो ने तीन दिन का ट्रायल दिया और **स्पोर्टिंग सीपी क्लब के साथ 1.65 लाख रुपए का करार किया।**



**अपने** माता और पिता के साथ क्रिस्टियानो रोनाल्डो।

**कब किया पहला गोल:** रोनाल्डो ने जूनियर स्तर पर पहला गोल **29 सितंबर 2002 में स्पोर्टिंग सीपी के लिए खेलते हुए बारगा के खिलाफ दागा।** इसके बाद उन्होंने मुड़कर कभी पीछे नहीं देखा।

***पहला सीनियर स्तर गोल:*** रोनाल्डो ने 17 साल 8 महीने की उम्र में सीनियर स्तर का पहला गोल दागा। **वह स्पोर्टिंग सीपी के लिए खेलते हुए मोरिरेन्स के खिलाफ मैच खेलने उतरे।**

---

**पैरालंपिक गेम्स:** हाई जंप में जीता स्वर्ण पदक

# जन्म से प्रवीण का एक पैर छोटा था, हीनभावना को पीछे छोड़ बने चैंपियन

**02** पदक पैरालंपिक खेलों में **प्रवीण ने कुल जीते**

**2020** **टोक्यो पैरालंपिक** में प्रवीण ने रजत जीता था

मंगलकारी



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पेरिस.** भारत के 21 वर्षीय युवा पैरा एथलीट प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को पुरुषों की हाई जंप टी64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और अपना नाम इतिहास में दर्ज करवा लिया। प्रवीण उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध जिले में जेवर के रहने वाले हैं। प्रवीण के पैरों में जन्म से ही विकलांगता है। उनका बायां पैर छोटा है और उनका कद भी 5.5 फुट है। इस कारण युवा होने पर उनके अंदर हीनभावना आ गई। ऐसे में उन्होंने इससे बाहर निकलने के लिए खेलों का सहारा लिया।

**वॉलीबॉल खिलाड़ी बनना चाहते थे**

**स्कूल** के समय प्रवीण ने कई खेलों में हाथ आजमाया और आखिर में वॉलीबॉल को चुना। एक दिन उन्होंने हाई जंप की प्रतियोगिता देखी और उन्हें यह खेल बेहद पसंद आया। इसके बाद उन्होंने हाई जंप खेलना शुरू किया और 2018 में ट्रेनिंग शुरू कर दी।

***पदक का रंग बदलना चाहता था:*** प्रवीण ने टोक्यो पैरालंपिक में भी शिरकत की थी और शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता था। प्रवीण ने कहा कि वह पदक का रंग बदलना चाहते थे।

## हरविंदर और प्रीति पाल समापन समारोह में होंगे ध्वजवाहक

**पेरिस.** भारत को तीरंदाजी में पहली बार स्वर्ण पदक दिलाने वाले हरविंदर सिंह और 100 तथा 200मी रेस में कांस्य पदक जीतने वाली महिला पैरा एथलीट प्रीति पाल पेरिस पैरालंपिक खेलों के समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे। भारतीय दल के चीफ डी मिशन प्रकाश सांगवान ने यह जानकारी दी। समापन समारोह का आयोजन आठ सितंबर को आयोजित होगा।



**हरविंदर सिंह,** पैरा तीरंदाज।

---

**दलीप ट्रॉफी:** श्रेयस और पेडिकल के अर्धशतक

## इंडिया-डी ने बनाई बढ़त, सुथार ने झटके 5 विकेट



इंडिया-सी टीम के गेंदबाज मानव सुथार को बधाई देते साथी खिलाड़ी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अनंतपुर.** कप्तान श्रेयस अय्यर (54), देवदत्त पेडिकल (56) और रिकी भुई (44) की पारियों से इंडिया-डी ने दलीप ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन इंडिया-सी के खिलाफ अपनी दूसरी पारी में 8 विकेट खोकर 206 रन बना लिए थे। इसके साथ ही इंडिया-डी टीम ने 202 रन की कुल बढ़त हासिल कर ली। इंडिया-डी को पहली पारी में 164 रन पर ढेर करने के बाद इंडिया-सी की टीम भी 168 रन ही बना सकी थी। इंडिया-डी की दूसरी पारी में इंडिया-सी के मानव सुथार ने 5 विकेट चटकाए।

**मुशीर के दम से भारत-बी के 321 रन**

**मुशीर खान (181)** और नवदीप सैनी (56) की पारियों से इंडिया-बी ने इंडिया-ए के खिलाफ पहली पारी में 321 रन बनाए। जवाब में इंडिया-ए ने दूसरे दिन स्टंप्स तक 2 विकेट खोकर 134 रन बना लिए थे। नवदीप सैनी ने ओपनर मयंक अग्रवाल और कप्तान शुभमन गिल को सस्ते में पवेलियन भेजा। गिल 25 और मयंक 36 रन ही बना सके। रियान पराग 27 और केएल राहुल 23 रन बना क्रीज पर थे।

**राठौड़ बने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी कोच**

**नई दिल्ली.** अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी टेस्ट मैचों के मद्देनजर न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ और श्रीलंकाई स्पिनर रंगना हेराथ को कोचिंग स्टाफ में शामिल किया है। विक्रम राठौड़ अफगानिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजी कोच की भूमिका निभाएंगे और जल्द टीम के साथ जुड़ जाएंगे।

---

**ब्रुसेल्स डायमंड लीग:** 14 सितंबर को शीर्ष 6 एथलीटों में होगी टक्कर

## नीरज ने फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

**2022** में ***चैंपियन बने थे नीरज चोपड़ा***

**2023** सीजन में ***दूसरे नंबर पर रहे***

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने ओवरऑल स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर रहने के बाद ब्रुसेल्स में होने वाले प्रतिष्ठित डायमंड लीग फाइनल 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

चोपड़ा ने मई में दोहा और पिछले महीने लुसाने में आयोजित एकदिवसीय मीट में दो बार दूसरे स्थान पर रहने से 14 अंक हासिल किए और ओवरऑल स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर रहे। डायमंड लीग फाइनल 14 और 15 सितंबर को बेल्जियम के ब्रुसेल्स में आयोजित होगा।



नीरज चोपड़ा

***मिलेगी कड़ी टक्कर:*** नीरज को ब्रुसेल्स में भी कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स 29 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, उनके बाद जर्मनी के जूलियन वेबर (21 अंक) और चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज्च (16 अंक) हैं। नीरज के बाद मोल्दोवा के एंड्रियन माडरि (13 अंक) और जापान के रोडरिक जेनकी डीन (12 अंक) का नाम शामिल हैं।

**राष्ट्रमंडल शतरंज**

## भारत को तीन पदक, मित्राबा बने चैंपियन

**वास्कादुवा (श्रीलंका) @ पत्रिका.** भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने राष्ट्रमंडल रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पोडियम स्थान हासिल किए। ग्रैंडमास्टर मित्राबा गुहा ने 6.5 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि ग्रैंडमास्टर पनीरसेल्वम इनियान ने छह अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। ग्रैंडमास्टर लक्ष्मण राजाराम को कांस्य पदक मिला। भारतीय महिलाओं में फिडे मास्टर कल्याणी सिरिन चार अंक लेकर संयुक्त नौवे स्थान पर रही। मेरी एन गोम्स 12वें, साक्षी चिटलांगे और सागर तेजस्विनी संयुक्त 16वें और आरूषि कोतवाल 20वें स्थान पर रहीं।

**विश्व कप क्वालीफायर**

## अर्जेंटीना ने चिली को 3-0 से दी शिकस्त

**ब्यूनेस आयर्स @ पत्रिका.** अर्जेंटीना ने घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन करते हुए चिली को 3-0 से हराते हुए फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफाइंग तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। लियोनल मेसी के बगैर खेल रही अर्जेंटीना की ओर से एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने 48वें जबकि जूलियन अल्वारेज ने 84वें और सब्सीट्यूट पाउलो डिबाला ने स्टापेज टाइम में शादनार गोल दागे। अब अर्जेंटीना का सामना कोलंबिया से होगा।

**आइपीएल:** संगकारा बने रहेंगे टीम के क्रिकेट निदेशक

## नौ साल बाद वापसी, राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच बने द्रविड़

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** भारतीय टीम को टी-20 विश्व कप खिताब जिताने वाले कोच राहुल द्रविड़ को आइपीएल टीम फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने मुख्य कोच नियुक्त किया है। 2011 से 2015 तक पहले कप्तान और फिर मेंटोर के रूप में द्रविड़ रॉयल्स से जुड़े हुए थे। नौ साल बाद फिर से उनकी वापसी हुई है। कुमार संगकारा टीम के क्रिकेट निदेशक बने रहेंगे।



***मेरे घर जैसा:*** द्रविड़ ने कहा, मैं फ्रेंचाइजी में वापसी कर खुश हूं। यह मेरे लिए घर जैसा है। विश्व कप के बाद मेरे लिए एक और चुनौती लेने का यह सही समय है।

**आज का पोल**

**क्या आर्यना सबालेंका पहली बार यूएस ओपन खिताब जीत पाएंगी?**

YES NO

हमारे एक्स/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

शुक्रवार का जवाब

हां **90%** नहीं **10%**

***पिछला सवाल:*** क्या जेसिका पेगुला यूएस ओपन के फाइनल में जगह बना सकती हैं?

---

**यूएस ओपन टेनिस** // एम्मा नवारो और कैरोलिना मुचोवा का सफर सेमीफाइनल में समाप्त



आर्यना सबालेंका

# आज मिलेगी नई चैंपियन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**न्यूयॉर्क.** साल के अंतिम ग्रैंड स्लेम यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग में इस साल नई चैंपियन मिलेगी। अमरीका की जेसिका पेगुला और बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीत कर फाइनल का टिकट कटाया। अब ये दोनों ही खिलाड़ी पहली बार यह खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगी। छठी वरीयता प्राप्त पेगुला ने चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा को 1-6, 6-4, 6-2 से हराया। वहीं दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका ने अमरीका की एम्मा नवारो को 6-3, 7-6 से शिकस्त दी।

**आर्यना सबालेंका vs जेसिका पेगुला**

### सबालेंका लगातार दूसरे साल फाइनल में

**बेलारूसी** खिलाड़ी लगातार दूसरे साल यूएस ओपन के फाइनल में पहुंची हैं। सबालेंका को पिछले साल यहां स्थानीय स्टार कोको गॉफ से शिकस्त झेलनी पड़ी थी, लेकिन इस बार वे खिताब की प्रबल दावेदार दिख रही हैं। सबालेंका, सेरेना विलियम्स के बाद लगातार दूसरे साल यूएस ओपन फाइनल में पहुंचने वाली खिलाड़ी बनी हैं। सेरेना ने वर्ष 2018 व 2019 यूएस ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी, हालांकि अमरीकी स्टार दोनों बार खिताब नहीं जीत पाई थीं।

**पेगुला चौथी खिलाड़ी बनीं**

**30 साल** की पेगुला एक सीजन में कनाडा, सिनसिनाटी और यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली चौथी खिलाड़ी हैं। उनसे पहले रोजी कैसल्स (1970), इवोन गुलागोंग कावले (1973) और सेरेना विलियम्स (2013) ये कमाल कर चुकी हैं।

**सबालेंका का पलड़ा भारी**

**07** मैच खेले हैं दोनों ने अब तक, ***05 मैच सबालेंका ने जीते, 02 मैच ही जीत पाई हैं जेसिका पेगुला***



जेसिका पेगुला

**विश्व बधिर शूटिंग**

## भारत के शौर्य सैनी ने जीता स्वर्ण पदक

**हनोवर (जर्मनी) @ पत्रिका.** भारत के शौर्य सैनी ने विश्व बधिर शूटिंग चैंपियनशिप में शुक्रवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में स्वर्ण पदक जीता। क्वालीफिकेशन दौर में 580 के स्कोर के साथ विश्व रेकॉर्ड बनाने वाले 21 वर्षीय भारतीय निशानेबाज फाइनल में 452.4 अंक हासिल कर पहले स्थान पर रहे। अंजलि भागवत से प्रशिक्षण लेने वाले शौर्य ने स्वर्ण पदक मुकाबले में यूक्रेन के ओलेक्जेंडर कोस्त्युक को करीब 10 अंकों से हराया। इस प्रतियोगिता में शौर्य का यह दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 10 मी एयर राइफल में रजत पदक जीता था। चेतन सपकाल ने 25 मी स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक जीता।

---

**CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7098...**



**बाएं से दाएं...** 1. बराबरी, समानता (3), 4. दिल में आने वाले विचार/खयाल (4), 7. सिंचाई व यातायात का कृत्रिम जल साधन (3), 8. भूमि का क्षेत्रफल, अहाता (3), 10. हाथ, शुल्क (2), 11. जनता की राय (2-2), 13. केश, बच्चा (2), 14. क्रय-विक्रय योग्य सामान, कीमती सामान (2), 15. अवरुद्ध, रुका हुआ (2), 17. अत्यधिक प्रबल, बलवान (3), 19. दिमाग, मस्तिष्क (3), 21. भाभी (3), 23. खाद्य भंडार (3-2), 26. धुन, लय, राग का विस्तार (2), 28. बायां, विरुद्ध (2), 29. दु:ख, शोक (2), 31. कपि, बंदर (3), 32. गला, कंठ (4)

**ऊपर से नीचे...** 1. चिड़चिड़ापन (3-3), 2. हर्ष, हिलोर (3), 3. स्त्री (2), 4. कामदेव (3), 5. हिन्दुस्तान (3), 6. बगुला नामक पक्षी (2), 9. मेघ, वारिद (3), 11. कमल, पंकज (3), 12. ग्रहों का भ्रमण मार्ग (3), 14. मनुष्यता, इंसानियत (4), 16. निकाह के समय दुल्हन को दी जाने वाली रकम (3), 18. बारिश, वर्षा (3), 20 सुंघनी (4), 22. पिता, सीता के पिता (3), 24. प्राण, सांस, जान (2), 25. चतुर, शहर में रहने वाला (3), 27. एक और चौथाई (2), 30. खाता-शीर्ष (2)

**हल 7097**



**SUDOKU 6833..**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 6 | | 5 | 4 | 1 | | 7 | | |
| 7 | 9 | | | 8 | | 3 | | 1 |
| 8 | | 3 | | | | | | |
| 1 | 6 | 7 | 2 | 9 | 8 | | 4 | |
| | 2 | 9 | | 5 | | | 7 | 8 |
| | | | 1 | 7 | 5 | | | |
| | 1 | 6 | | 2 | | | | |
| 9 | 7 | | | | | 4 | 1 | |

**हल 6832**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 2 |
| 9 | 5 | 1 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 9 | 8 | 3 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 4 | 7 | 5 | 2 | 8 | 6 |
| 6 | 8 | 7 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 4 | 5 | 8 | 9 | 6 | 7 | 1 | 3 |
| 7 | 9 | 3 | 2 | 1 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 1 | 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 8 | 2 | 4 | 5 | 6 | 3 | 1 | 7 | 9 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

## पत्रिका पोल

Q पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट का राजनीति में उतरना क्या सही कदम है?

स्कैन करें...

कल का सवाल था
क्या भारत की मध्यस्थता से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध रुक सकता है?

जवाब
59% हां | 41% नहीं

## इंडिया@ शॉर्ट रीड

### तमिलनाडु अमरीका से 3 और निवेश समझौते

**चेन्नई @ पत्रिका.** अमरीका की यात्रा पर गए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शिकागो में तीन और कंपनियों के साथ 850 करोड़ रुपए के कुल निवेश के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। स्टालिन अधिक औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए अमरीका के दौरे पर हैं। इस दौरान सैन फ्रांसिस्को व शिकागो में अब तक 10 से अधिक वैश्विक कंपनियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

### उत्तराखंड भूकम्प के झटकों से डोली धरती

**देहरादून @ पत्रिका.** उत्तराखंड में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.0 मापी गई है। इस दौरान कहीं से कोई अप्रिय सूचना नहीं मिली है। भूकंप का केंद्र पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश के सीमांत क्षेत्र में बताया गया है।

### मणिपुर ड्रोन हमले से भारी नुकसान

**इंफाल @ पत्रिका.** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में ट्रोंग्लाओबी और अन्य स्थानों पर मेतेई आबादी को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमलों में शुक्रवार को बड़ी संख्या में घर और संपत्तियां नष्ट हो गईं। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ये हमले कथित तौर पर संदिग्ध कुकी उग्रवादियों द्वारा किए गए थे।

## वर्ल्ड@ शॉर्ट रीड

### नेपाल तीज के गीतों पर झूम उठीं महिलाएं



**काठमांडू.** नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में तीज मनाती हुईं हिंदू महिलाएं। भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ उत्सव मनाया गया।

### केन्या छात्रावास में आग, 17 बच्चे जिंदा जले

**नैरोबी @ पत्रिका.** केन्या के एक प्राथमिक स्कूल के छात्रावास में आग लगने से 17 बच्चों की मौत हो गई। न्येरी काउंटी के हिलसाइड एंडाराशा अकादमी में आधी रात के आसपास आग लगी, तब बच्चे सो रहे थे। विद्यालय में 5 से 12 वर्ष की आयु के 800 विद्यार्थी पढ़ते हैं। घटनास्थल पर बरामद शव इतने जल चुके थे कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही थी। आग लगने का कारण अज्ञात है, जांच शुरू कर दी गई है।

### श्रीलंका गवर्नर का इस्तीफा, भारत का रोल नहीं

**कोलंबो @ पत्रिका.** श्रीलंका के प्रांतीय गवर्नर एजे मुजम्मिल ने इस्तीफा देते हुए विपक्षी नेता साजित प्रेमदासा के प्रति समर्थन जताया है। देश में 21 सितंबर को राष्ट्रपति चुनाव है। वहीं, इस्तीफे से कुछ घंटे पहले उन्होंने श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा से इंडिया हाउस में भेंट की थी। भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी ने कहा कि यह नियमित बैठक थी और मुजम्मिल के इस्तीफे से इस बैठक या भारत का लेना-देना नहीं है।

### मैक्सिको न्यायिक सुधार के पक्ष में निकाली रैली



**मेक्सिको सिटी @ पत्रिका.** मेक्सिको में सरकार के प्रस्तावित न्यायिक सुधार के पक्ष में एक रैली के दौरान 'वुवुजेला' बजाते हुए लोग।

### रूस : सुर्खियों से दूर जी रहे पुतिन के 2 बेटे

**मॉस्को @ पत्रिका.** दुनिया को यही पता है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की पूर्व पत्नी ल्यूडमिला से दो बेटियां मारिया (39) और कैटरीना (38) हैं। अब खुलासा हुआ है कि पुतिन के अपनी गर्लफ्रेंड व पूर्व ओलंपिक जिमनास्ट अलीना काबेवा से दो बेटे इवान और व्लादिमीर जूनियर हैं- जिनकी उम्र पांच और नौ साल है। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट में रूसी विपक्षी समूह डोजियर सेंटर के हवाले से यह दावा किया गया है। दावा है कि दोनों बेटे कड़ी सुरक्षा में मॉस्को के उत्तर-पश्चिम में पुतिन के महल में बड़े हो रहे हैं। उनके माता-पिता भी उनसे दुर्लभ मौकों पर ही मिलते हैं। उनके दोस्त नहीं हैं, घर पर ही संगीत की शिक्षा दी जाती है, तैराकी तथा कलात्मक जिम्नास्टिक के लिए उनके निजी प्रशिक्षक हैं।

**ग्लोबल रैंकिंग :** दूसरे पायदान पर नाइजीरिया और तीसरे नंबर पर इंडोनेशिया

# भारत सबसे बड़ा प्लास्टिक प्रदूषक, सिर्फ 20 देश करते हैं 69% कचरा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** सरकारों की उदासीनता और आम आदमी में जागरूकता की कमी से देश के नाम एक अनचाहा रेकॉर्ड जुड़ गया है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्लास्टिक प्रदूषक देश बन गया। यहां सालाना 93 करोड़ टन प्लास्टिक वेस्ट निकलता है, जो वैश्विक प्लास्टिक उत्सर्जन का लगभग पांचवां हिस्सा है। दूसरे पायदान पर नाइजीरिया है और तीसरे नंबर पर इंडोनेशिया है।

नेचर जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया है कि वैश्विक प्लास्टिक कचरा उत्सर्जन में 69% के लिए 20 देश जिम्मेदार हैं। इनमें चार कम आय वाले देश हैं, जबकि 9 निम्न मध्यम आय वाले और सात उच्च मध्यम आय वाले देश हैं। अध्ययन के मुताबिक उच्च आय वाले देश सबसे ज्यादा प्लास्टिक कचरा पैदा करते हैं, लेकिन इनमें कोई भी देश शीर्ष 90 प्रदूषकों में शामिल नहीं है, क्योंकि इन देशों में 100% संग्रह और नियंत्रित निपटान की व्यवस्था है। अध्ययन के मुताबिक भारत में एक व्यक्ति हर दिन 0.12 किलो कचरा पैदा करता है, लेकिन इसे कम करके आंका गया है। क्योंकि आंकड़ों में ग्रामीण क्षेत्र और बिखरे कचरे को जलाना शामिल नहीं है।




(आंकड़े मिलियन टन प्रति वर्ष)

### सर्वे की खास बातें

**90%** लोग प्रकृति के मौजूदा हालात को लेकर चिंतित हैं।

**73%** लोगों को लगता है कि हमारा पर्यावरण अब उस स्थिति में पहुंच गया है, जहां यदि इसे नहीं संभाला गया तो बदलाव रोकना असंभव होगा।

**57%** मानते हैं नई तकनीक पर्यावरण के मुद्दे को हल कर सकती है। बस लोगों को जीवनचर्या बदलनी होगी।

### और सर्वे में : 80% भारतीय चाहते हैं, पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों पर कार्रवाई हो

**एक** सर्वे में पता चला है कि 80% भारतीय मानते हैं कि पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाने वाले लोगों या समूहों पर कार्रवाई होनी चाहिए। ब्रिटेन की संस्था इप्सोस और ग्लोबल कॉमन्स अलायंस के सर्वे में हर पांच में से तीन लोग मानते हैं कि सरकार पर्यावरण को बचाने के लिए पर्याप्त काम कर रही है। सर्वे में 20 देशों के एक हजार लोग शामिल हुए।

### ब्रिटेन में...
## नदियों को गंदा करने के दोषी अफसरों को होगी जेल

**ब्रिटेन** सरकार ऐसा कानून ला रही है, जिसमें नदियों और जलमार्गों को प्रदूषित करने वाली सीवेज कंपनियों के मालिकों को जेल भेजने तक का प्रावधान है। इस कानून से जलस्रोतों को साफ और संरक्षित करने में मदद मिलेगी। संसद में पेश विधेयक, नियामकों को प्रदूषणकारी कंपनियों के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की शक्ति देगा। इतना ही नहीं जांच में बाधा डालने वाले अधिकारियों को दो वर्ष की सजा भी हो सकती है।

### पत्रिका व्यू
## अनुकरणीय पहल

बढ़ते जल प्रदूषण को रोकने के लिए ब्रिटेन में पेश किया गया विधेयक अनुकरणीय है। यदि विधेयक पास हो जाता है तो शहरी गंदगी को नदियों में डालने वाली सीवेज कंपनियों के मालिकों को जेल भेजा जा सकेगा। भारत के शहरों में भी नालों के पानी को नदियों-झीलों में डाला जाता है। ऐसे में यहां भी सख्त कानून बनाकर जिम्मेदारों में डर पैदा करना होगा।

**शिक्षक दिवस :** सम्मानित गुरुजनों से मिले पीएम



**नई दिल्ली@ पत्रिका.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों से मिलते हुए। इस साल, देश भर से 82 शिक्षकों को शिक्षक दिवस के इस पुरस्कार के लिए चुना गया था।

### कोलकाता दरिंदगी कांड
# सीबीआइ का दावा, ट्रेनी डॉक्टर से नहीं हुआ गैंगरेप

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली / कोलकाता.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक की मौत के मामले में सामूहिक बलात्कार से इनकार किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सीबीआइ का मानना है कि उपलब्ध साक्ष्यों के अनुसार केवल संजय रॉय ही बलात्कार व हत्या में शामिल था। जांच एजेंसी का कहना है कि जांच अंतिम चरण में है और जल्द ही आरोप पत्र दायर करेगी।

उधर, सुप्रीम कोर्ट ने संदीप घोष की वित्तीय कदाचार की जांच को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। इस बीच 100 सदस्यों के साथ ईडी की टीम ने सरकारी अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और उनके तीन सहयोगियों के आवास पर शुक्रवार को एक साथ छापे मारे। चारों लोग पहले से ही सीबीआइ की हिरासत में हैं।

### अब ईडी की एंट्री

अस्पताल की वित्तीय अनियमितता के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज करने के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की। इस प्रकार सीबीआइ के बाद आरजी कर अस्पताल के मामले में ईडी की एंट्री हो गई। सूत्रों के मुताबिक छापे मारने पहुंचे अधिकारियों को काफी समय तक इंतजार के बाद घोष के घर में घुसने दिया गया। घोष की पत्नी ने ईडी अधिकारियों के अनुरोध पर घर का ताला खोला। ईडी ने मुख्य रूप से घोष और उनके सहयोगियों के परिसरों की तलाशी ली। अस्पताल के डेटा एंट्री ऑपरेटर प्रसून चटर्जी भी जांच के दायरे में हैं। मामले में सीबीआइ संदीप घोष, घोष के सुरक्षा गार्ड अफसर अली, विप्लव सिन्हा और सुमन हाजरा को गिरफ्तार कर चुकी है।

### राज्यपाल ने राष्ट्रपति को भेजा विधेयक

**पश्चिम बंगाल** के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने विधानसभा में पारित बलात्कार विरोधी 'अपराजिता विधेयक' शुक्रवार को विचार के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को भेज दिया है। राजभवन के एक अधिकारी ने बताया, मुख्य सचिव मनोज पंत ने राज्यपाल को दिन में तकनीकी रिपोर्ट सौंपी थी, जिसे पढ़ने के बाद उन्होंने विधेयक राष्ट्रपति मुर्मु के पास भेज दिया। तीन सितंबर को पश्चिम बंगाल विधानसभा में सर्वसम्मति से विधेयक पारित किया गया था।

## अमरीका : बाइडन के बेटे हंटर टैक्स मामले में दोषी



**वाशिंगटन@ पत्रिका.** अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन के 54 साल के बेटे हंटर बाइडन ने जानबूझ कर टैक्स नहीं देने के नौ आरोपों को अदालत के सामने स्वीकार कर लिया। अदालत ने उन्हें दोषी करार देते हुए कहा कि सजा पर दिसंबर में सुनवाई होगी। तब तक वह बॉन्ड पर मुक्त रहेंगे। तीन महीने पहले हंटर को बंदूक रखने और ड्रग्स के इस्तेमाल के मामलों में दोषी पाया गया था।

**जलवायु परिवर्तन :** उत्तरी गोलार्ध में पिछले साल से 0.03 डिग्री अधिक रही गर्मी

# इतिहास का सबसे गर्म साल होगा 2024

**ब्रसेल्स @ पत्रिका.** यूरोपीय संघ के जलवायु परिवर्तन मॉनीटर कॉपरनिकस के अनुसार उत्तरी गोलार्ध में ग्रीष्म ऋतु का तापमान अब तक का सबसे अधिक दर्ज किया गया है, जिससे यह संभावना है कि यह वर्ष पृथ्वी का अब तक का सबसे गर्म वर्ष हो सकता है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि रेकॉर्ड तोड़ गर्मी की वजह मानव जनित कारणों के अलावा, जलवायु परिवर्तन, अल नीनो प्रभाव और मौसम संबंधी बदलाव हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि उत्तरी गोलार्ध में ग्रीष्म ऋतु यानी जून, जुलाई और अगस्त का औसत तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस था। यह 2023 के पुराने रिकॉर्ड से 0.03 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म है।

### 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक हुआ तापमान

कॉपरनिकस के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जून और अगस्त में वैश्विक तापमान पूर्व-औद्योगिक औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया जो कि जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों को सीमित करने के लिए एक तय सीमा है। हालांकि, इस सीमा को स्थाई रूप से पार होना तब तक नहीं माना जाएगा, जब तक कि कई दशकों तक इसका उल्लंघन नहीं देखा जाता। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार, वर्तमान में तापमान वृद्धि का औसत स्तर लगभग 1.2 डिग्री सेल्सियस है।

### इंसानी करतूतों से बढ़ रही गर्मी

**पिछले** साल की रिकॉर्ड गर्मी का एक हिस्सा अल नीनो के कारण था। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें मध्य प्रशांत के कुछ हिस्सों में अस्थायी प्राकृतिक गर्मी दुनिया भर में मौसम को बदल देती है लेकिन वह प्रभाव खत्म हो गया है। ऐसे में वैज्ञानिकों का कहना है कि अब मानव जनित कारणों से होने वाला जलवायु परिवर्तन मुख्य हैं, जिनमें कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस के जलने से होता उत्सर्जन शामिल है।

### बांग्लादेश
## ईशनिंदा के आरोप में हिंदू किशोर की मॉब लिंचिंग

**ढाका @ पत्रिका.** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के जाने के बाद भी अल्पसंख्यकों पर हमले जारी हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार अब भीड़ ने पुलिस और सेना के जवानों के सामने एक हिंदू किशोर की पीट-पीटकर हत्या कर दी। बांग्लादेश अल्पसंख्यक मानवाधिकार कांग्रेस के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि 15 साल के उत्सव मंडल ने सोशल मीडिया पर कथित ईशनिंदा वाली पोस्ट की थी। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने उसकी हत्या कर दी। मंडल और उसके माता-पिता को थाने बुलाया गया, जहां कट्टरपंथी भीड़ भी पहुंच गई। आरोप हैं कि जब भीड़ उत्सव को पीट रही थी तो पुलिस व सैन्यकर्मियों ने उसे बचाने की कोशिश नहीं की।

**घर-घर गणेश :** भगवान गणपति ने इस तरह दिया शांति का संदेश




**चेन्नई @ पत्रिका.** गणेश चतुर्थी उत्सव की पूर्व संध्या पर भगवान गणेश का मुखौटा पहने छात्र। वैश्विक संघर्ष की पृष्ठभूमि को देखते हुए एक छात्र ने युद्ध से दूर रहने की सलाह देने वाला स्लोगन थामा हुआ है।

### ट्रेंडिंग न्यूज



**ट्रंप को वोट देंगे ओबामा के सौतेले भाई**

**पूर्व** डेमोक्रेट अमरीकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के सौतेले भाई अबोंगो मलिक ओबामा 5 नवंबर को होने वाले चुनावों में रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डॉनल्ड ट्रंप को वोट देंगे। अबोंगो ने यह घोषणा की है।

**ब्लिंकन नहीं लेंगे एक और कार्यकाल!**

**अमरीकी** विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि वे अगले साल अपने बच्चों के साथ अधिक समय बिताएंगे। हैती की यात्रा के दौरान उन्होंने संकेत दिया कि वह शीर्ष अमरीकी राजनयिक के रूप में एक और कार्यकाल नहीं लेंगे।



### हेल्थकेयर सीएसआर चेंजमेकर्स समिट एंड अवॉर्ड्स 2024
## एफएम तड़का को 'एक्सीलेंस इन सोशल इम्पैक्ट अवॉर्ड'

मंगलकारी



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली .** पत्रिका समूह के एफएम तड़का को हेल्थकेयर सीएसआर चेंजमेकर्स समिट एंड अवॉर्ड्स-2024 में 'एक्सीलेंस इन सोशल इम्पैक्ट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है।

एफएम तड़का को यह अवॉर्ड स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। यह सम्मान समारोह गुरुवार को नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित हुआ। एफएम तड़का की ओर से यह अवॉर्ड आरजे सूफी और आरजे शिवांगी ने प्राप्त किया।

एफएम तड़का ने स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता और अन्य समाज सेवा कार्यों के लिए अपने रेडियो शो और विभिन्न अभियानों के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसके चलते उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान मिला। एफएम तड़का का प्रयास रहा है कि देशभर में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई जाए। इस पुरस्कार ने उनके इस प्रयास को और भी मजबूती से पहचान दिलाई है। एफएम तड़का टीम आगे भी सामाजिक कल्याण और जागरूकता के क्षेत्र में ऐसे ही सार्थक कार्य करती रहेगी।

**नई तकनीक** पसीने के विश्लेषण से बीमारियों का पता लगाने में होगी मदद

# अब अंगुली की पट्टी बताएगी सेहत का हाल

चिंताहरण

**वॉशिंगटन.** शोधकर्ताओं ने एक खास तरह की पट्टी तैयार की है, जो पसीने की जांच के आधार पर सेहत की निगरानी रखेगी। साधारण बैंड-एड की तरह पहनी जाने वाली यह पट्टी पसीने के विश्लेषण से रक्त में मौजूद शुगर, विटामिन, दवाओं और अन्य पदार्थों के स्तर को माप सकती है। यह शोध जर्नल नेचर इलेक्ट्रॉनिक्स में प्रकाशित हुआ है।



कैलिफोर्निया विवि, सैन डिएगो के जैकब्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के शोधकर्ता का अध्ययन

### कैसे काम करती है पट्टी

**इस** पट्टी बायोफ्यूल सेल मौजूद है, जो पसीने में मौजूद रसायनों को बिजली में बदल देते है, जिसके बाद यह बिजली स्ट्रेचेबल सिल्वर क्लोराइड-जिंक बैटरी में संग्रहित हो जाती है। बैटरी चार सेंसर को बिजली देती हैं, जो कि खून में ग्लूकोज, विटामिन सी या लेवोडोपा (एक दवा जो पार्किंसन रोग के इलाज में इस्तेमाल होती है) जैसी चीजों की मात्रा मापते हैं। जिसके बाद इस पट्टी में लगी एक छोटी चिप सेंसर से सिग्नल प्रोसेस कर के उस डेटा को ब्लूटूथ के माध्यम से ट्रांसमिट कर देती है।

### ऐसे किया परीक्षण

**परीक्षण** के दौरान एक व्यक्ति को पूरे दिन यह पट्टी पहनाई गई और उसके खाना खाने के दौरान खून में शुगर के स्तर, व्यायाम के दौरान लैक्टेट के स्तर, संतरे का रस पीते समय विटामिन-सी के स्तर और फवा बीन्स (लेवोडोपा का प्राकृतिक स्रोत) खाने के बाद लेवोडोपा के स्तर को मापा गया। शोधकर्ताओं ने बताया कि अंगुलियों के सिरे शरीर के सबसे अधिक पसीना पैदा करने वाले अंग होते हैं। ये दूसरे हिस्सों की तुलना में 100 से 1000 गुना ज्यादा पसीना पैदा करती हैं।

**जोखिम** वायु प्रदूषण पुरुषों में, जबकि ट्रैफिक का शोर महिलाओं पर भारी

# प्रदूषण और शोर कम कर रहा प्रजनन क्षमता

**कोपनहेगन @ पत्रिका.** शहर की आबोहवा और शोरगुल संतानोत्पत्ति में बड़ी बाधा बन सकता है। हाल ही में कोपेनहेगन के डेनिश कैंसर संस्थान में हुए एक शोध में पाया गया है कि शहरों में बढ़ रहा वायु प्रदूषण पुरुषों में, जबकि शोरगुल वाला यातायात महिलाओं की प्रजनन क्षमता को नुकसान पहुंचा सकता है। यह शोध ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इसके अनुसार दुनियाभर में हर सात में से एक जोड़े को बच्चे पैदा करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

आय, शिक्षा स्तर और व्यवसाय जैसे कारणों को अध्ययन में शामिल करने के बावजूद भी यही परिणाम पाए गए।



### नौ लाख डेनिश वयस्कों पर किया शोध

**प्रजनन** में वातावरण के प्रभाव को समझने के लिए मेटे सोरेनसेन के नेतृत्व में डेनिश शोधकर्ताओं ने 30 से 45 वर्ष की आयु के बीच के नौ लाख से अधिक डेनिश वयस्कों के डेटा का अध्ययन किया। यह सभी लोग 2000 से 2017 के बीच डेनमार्क में रहे थे और इनके एक बच्चा था। इस डेटा में उन लोगों को शामिल नहीं किया गया जिन्हें पहले से किसी भी तरह के बांझपन की शिकायत थी या फिर जो नसबंदी करवा चुके थे।

### 18 साल तक फैला था शोध का पैमाना

**शोधकर्ताओं** ने प्रतिभागियों के पते का इस्तेमाल किया ताकि पता चल सके कि 1995 से 2017 तक उनके रहने वाले स्थान पर हवा कितनी प्रदूषित थी। इसमें प्रदूषक कणों पीएम 2.5 के वार्षिक औसत हवा में सांद्रता को देखा, यह बहुत छोटे कण होते हैं, जो फेफड़ों में गहराई से जा सकते हैं। प्रत्येक प्रतिभागी के घर के आसपास यातायात के शोर के स्तर को भी ट्रैक किया गया। 16,172 पुरुषों और 22,672 महिलाओं में बांझपन की शिकायत पाई गई।

''स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।